हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 10.02.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 199 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : 3 रुपये 2 रुपये

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में मुठभेड़
## 31 माओवादी ढेर, 2 जवान शहीद

एजेंसी

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक और बड़ी मुठभेड़ हुई, जिसमें सुरक्षा बलों ने 12 माओवादी आतंकियों को ढेर कर दिया वहीं 2 जवान भी शहीद हो गए हैं। इस मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ), जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और कोबरा बटालियन के जवान शामिल थे। इस ऑपरेशन में मारे गए माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं और इलाके में माओवादी संगठन के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। बीजापुर जिले में यह मुठभेड़ एक सप्ताह बाद हुई है, जब 31 जनवरी को सुरक्षा बलों ने एक बड़े ऑपरेशन के दौरान 8 माओवादी मारे थे। उस समय भी माओवादी संगठन के पश्चिम बस्तर संभाग के आतंकवादी सक्रिय थे। इस बार के अभियान में भी सुरक्षा बलों ने माओवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की, जिससे इस क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को शुरू हुए इस ऑपरेशन का उद्देश्य माओवादी आतंकवादियों की छिपने की जगहों का पता लगाना और उनकी नकेल कसना था। विशेष रूप से, इस अभियान का मकसद उन माओवादी समूहों को निशाना बनाना था जो पश्चिम बस्तर के इलाके में सक्रिय थे।



इस ऑपरेशन में शामिल सुरक्षा बलों के जवानों ने माओवादियों के खिलाफ विशेष रूप से कार्रवाई की। माओवादी गतिविधियों के खिलाफ केंद्र और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को देखते हुए यह अभियान और भी महत्वपूर्ण बन जाता है। गृह मंत्री अमित शाह ने 6 जनवरी को बयान दिया था कि केंद्र सरकार का लक्ष्य 2026 तक "नक्सलवाद को समाप्त करना" है, और इस दिशा में हो रही कार्रवाई का यह एक हिस्सा है। बीजापुर में पिछले कुछ महीनों में माओवादियों द्वारा की गई हिंसक घटनाओं के बाद, सुरक्षा बलों ने माओवादियों के खिलाफ अपनी रणनीतियों में और तेजी लाई है। 6 जनवरी को हुए आईईडी विस्फोट में आठ जिला रिजर्व गार्ड जवान और एक चालक की जान चली गई थी। यह हमला बीजापुर जिले के बेदरे-कुटरू रोड पर हुआ था, जहां माओवादियों ने सुरक्षा बलों के वाहन को उड़ा दिया था।

### गृह मंत्री की संवेदना और प्रतिज्ञा

गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादी हमले में शहीद हुए सुरक्षा बलों के जवानों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने ट्वीट किया कि "बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए जवानों के बलिदान को शब्दों में बयां करना असंभव है, लेकिन मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। इस ट्वीट के जरिए उन्होंने सुरक्षा बलों के जवानों के साहस और समर्पण को सलाम किया और यह भी कहा कि माओवादियों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। माओवादियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों का यह अभियान लगातार तेज हो रहा है। सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमें अब माओवादियों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रख रही हैं। 26 अप्रैल, 2023 को दंतेवाड़ा जिले में माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों के काफिले पर हमला किया गया था, जिसमें 10 पुलिसकर्मी और एक नागरिक चालक की जान गई थी।

## सामाजिक सुरक्षा योजना सिर्फ दान नहीं होती, यह जनता का अधिकार है : रबींद्रनाथ




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने रविवार को एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी, पुणे के सम्मेलन को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने "रेवड़ी संस्कृतिः आर्थिक बोझ या आवश्यक सहारा" विषय पर विचार रखते हुए महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,मैं जहां रहता हूं, उसे कांडेस रोड कहा जाता है। यह सड़क रांची शहर के नाम से जानी जाती है। अगर आप बिस्किट फैक्ट्री के पास जाएं, तो आपको कुछ ऐसा दिखेगा, जिसे शायद पहले कभी नहीं देखा होगा। आपको वहां हजारों मजदूर दिखेंगे, जो अपनी जीविका चलाने के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने बताया कि इन मजदूरों को न्यूनतम वेतन भी नहीं मिल पाता और वे कठिन परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर होते हैं। महतो ने प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज की पुस्तक Sense and Solidarity: Economics for Everyone का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड जैसे राज्यों में आर्थिक असमानता गहरी होती जा रही है। उन्होंने 1937 में जॉन मेनार्ड की पुस्तक Down and Out in Paris and London का हवाला देते हुए कहा कि भारत में भी आर्थिक विषमता बढ़ रही है। उन्होंने कहा, कोई भी सामाजिक सुरक्षा योजना सिर्फ दान नहीं होती, यह जनता का अधिकार है। सामाजिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता और उसकी नीति-निर्माण प्रक्रिया में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि अगर उद्योगपति टैक्स में छूट प्राप्त कर सकते हैं, तो गरीबों को सरकारी मदद मिलने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

महतो ने अमेरिका और ब्रिटेन के उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सरकारें संकट के समय नागरिकों को सीधी आर्थिक सहायता देती हैं। भारत में भी ऐसी योजनाएं लागू होनी चाहिए, जिससे आम आदमी को सीधे लाभ मिल सके। उन्होंने झारखंड सरकार की 'मुख्यमंत्री सन्मान योजना' का जिक्र किया, जिसके तहत राज्य में रहने वाली गरीब महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये दिए जा रहे हैं। अंत में उन्होंने कहा कि हमें आर्थिक और सामाजिक न्याय को साथ लेकर चलना होगा। आर्थिक सुधारों को समाज के हर वर्ग के लिए समावेशी बनाना होगा, तभी एक संतुलित और न्यायसंगत व्यवस्था कायम हो सकेगी।



# सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस पर हमला निंदनीय : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग/ रामगढ़ :** गोला प्रखंड के सोसो कलां गांव में बीते दिनों सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस के दौरान दो समुदाय के बीच जुलूस को लेकर विवाद हो गया था। मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस लेकर स्थानीय ग्रामीण निकले हुए थे जिसमें ज्यादातर संख्या में महिलाएं एवं छोटी बच्चियां उपस्थित थी, जुलूस मां सरस्वती की प्रतिमा को रिक्शे पर लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ रही थी कि अचानक एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा विरोध जताते हुए विसर्जन जुलूस को रोकने का प्रयास किया जाने लगा, जिसके बाद विवाद बढ़ा और समुदाय विशेष के लोगों द्वारा जुलूस में शामिल महिलाओं और लड़कियों पर हिंसक हमला कर दिया गया। इस हमले में कई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना और पीड़ितों की जानकारी लेने पहुंचे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस तरह की घटना की मैं कड़ी निंदा करता हूं। घटना पर बात करते हुए सांसद ने कहा कि झारखंड सरकार अपराध और अपराधियों को रोकने में लगातार विफल रही है। प्रदेश में इस तरह की घटनाएं आम हो गई हैं, आए दिन चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार और भ्रष्टाचार की खबरें सामने आती है, किंतु दुर्भाग्य है कि शासन और प्रशासन इनको रोकने में विफल दिख रही है। जब से हेमंत जी की सरकार बनी है असामाजिक तत्वों और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और सरकार भ्रष्टाचार व तुष्टिकरण की राजनीति में व्यस्त है। साथ ही सांसद ने कहा कि इस घटना में जो भी दोषी हैं प्रशासन उन पर कड़ी कानूनी करवाई करें। मौके पर उपस्थित सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए घटना में शामिल दोषियों पर करवाई हो, अन्यथा ऐसे असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ेगा। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसावल, जिला मंत्री दिलीप सिंह, जिला मंत्री अनमोल सिंह, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, सूरज वर्मा, प्रीतम झा, बिक्की कुमार महतो, बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, बरलंग मंडल संयोजक महेन्द्र प्रसाद, संतोष कुशवाहा, विकास मनी पाठक, राम निवास सिंह, सनेहलता चौधरी, ललन कुशवाहा, अर्जुन प्रसाद, उज्जवल चक्रवर्ती, हरीश बर्मन, सोनू सोनी, विनीत यादव, ममता सोनी, सुषमा देवी, सुरेंद्र करमाली, प्रमोद रजवार, अरविंद जायसावल, टिकेंद्र महतो, राम कुमार नायक, सूखेद्र साहू, संजीत महतो, बिशटू महतो, प्रवीण कुमार, मुरली महतो, कोलेश्वर महतो सहित सैकड़ों लोग व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।



## एक नजर

### डॉ गोविंद कुमार झा बने विभावि के गणित विभागाध्यक्ष

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार के आदेश से डॉ. गोविंद कुमार झा को गणित विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ झा ने शनिवार को अपना योगदान भी समर्पित कर दिया है। डॉ. झा एक प्रतिष्ठित गणितज्ञ और शिक्षाविद् हैं, जिनके पास शिक्षा और शोध के क्षेत्र में 21 वर्षों का समृद्ध अनुभव है। डॉ. झा ने अब तक 25 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं, चार किताबें लिखी हैं और दो पेटेंट प्राप्त किए हैं। उनके निर्देशन में अब तक दो शोधार्थियों ने पीएच.डी. पूरी की है, जबकि एक शोध प्रबंध जमा हो चुका है। डॉ. झा की शैक्षणिक यात्रा 1998 में महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से शुरू हुई, जहां उन्होंने गणित (ऑनर्स) में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर और जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय, दिल्ली से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। इसके साथ ही, उन्होंने 2004 में यूजीसी नेट परीक्षा भी उत्तीर्ण की। अपने करियर की शुरूआत डॉ. झा ने नई दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट से की, जो गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय से संबद्ध है। झारखंड में उन्होंने अपना करियर 2008 में आर.एस.पी. कॉलेज, झरिया से शुरू किया। डॉ. झा की नियुक्ति से विश्वविद्यालय में हर्ष का माहौल है।

### नेशनल यूथ बायोडायवर्सिटी में विभावि के विद्यार्थी का हुआ चयन

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के तृतीय समसत्र के छात्र अनुराग कुमार आनंद का नेशनल यूथ बायोडायवर्सिटी कॉन्फ्रेंस में भाग लेने हेतु चयन किया गया है ।उक्त जानकारी देते हुए वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार ने बताया की पूरे झारखंड राज्य से दो छात्रों का चयन इस कांफ्रेंस में भाग लेने हेतु किया गया है । साथ ही उन्होंने बतलाया कि उक्त कॉन्फ्रेंस तेलंगाना राज्य के तत्वावधान में 20 से 22 फरवरी 2025 को कान्हा शांति वनम, रंगा रेड्डी जिला, तेलंगाना में प्रस्तावित है। इस आयोजन में भाग लेने के लिए आने जाने का खर्च तेलंगाना राज्य सरकार वहन करेगी । इस तीन दिवसीय सम्मेलन का मकसद युवाओं को जैव विविधता के कानूनों के बारे में शिक्षित और सशक्त बनाने के साथ-साथ जैव विविधता की चुनौतियों का समाधान करने और नवाचारी समाधानों को साझा करने के लिए एक सहयोगी मंच प्रदान करना है। अनुराग कुमार आनंद के चयन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार, डीएसडब्ल्यू डॉ विकास कुमार एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया एवं चयनीत छात्र को शुभकामना प्रेषित किया है।

### वनस्पति विज्ञान विभाग ने आयोजित किया शैक्षणिक परिभ्रमण

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों को विभागाध्यक्ष डॉ अविनाश कुमार द्वारा रविवार को बड़कागांव के बरसोपानी में शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। विभागाध्यक्ष ने छात्रों को वहाँ के पौधों की जानकारी देते हुए बताया की बरसोपानी की गुफा में नमी और आद्रता होने के कारण वहां निम्न वर्गीय पौधों की भरमार है। छात्रों ने अपने पाठ्यक्रम से संबंधित विभिन्न प्रकार के शैवाल (एल्गी), लिवरवर्ट (ब्रायोफाइट) और फर्न (टेरीडोफाइट) के अनेक नमूने पूरे उत्साह के साथ एकत्रित किए। इन एकत्रित किये गए पौधों के नमूनों को विद्यार्थी विस्तृत रूप में पढ़ेंगे।

## कैनरी बर्ड फेस्टिवल में विभावि के यूसेट के विद्यार्थियों ने लिया भाग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कैनरी बर्ड फेस्टिवल चल रहा है प्रक्रिया मे विनोबा भावे विश्वविद्यालय के यूसेट के विद्यार्थी अपने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के रूप में कैनरी हिल में बर्ड क्वीज, पेंटिंग आदि रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया एवं सम्मानित भी हुए। जारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के तरफ से वन प्रमंडल पदाधिकारी, पूर्वी, श्री विकास कुमार उज्जवल ने एक ट्रॉफी और बच्चो को सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया। साथ ही साथ उन्होंने आगे भी बच्चो से नेचर के प्रति सजक रहने की आशा की है। यूसेट के निदेशक डॉ आशीष कुमार साहा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चो की भागीदारी के लिए यूसेट के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ खेमलाल महतो की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में बच्चों को भेजने के पीछे का उद्देश्य है कि इंडस्ट्री और एनवायरनमेंट के बीच के अंतर संबंधों को वह समझे और उसका सम्मान करें। इस कार्यक्रम में क्वीज में भाग लेने वाले आदित्य राज, चंदन कुमार, आनंद कुमार, रिशव राज, रंजीत कुमार को वन प्रमंडल पदाधिकारी ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## अफीम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 70 एकड़ में लगी पोस्ता की फसल को किया नष्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** चौपारण में शनिवार का दिन प्रशासन के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि एवं अफीम के तस्करों के लिए काला दिन साबित हुआ। अफीम के खिलाफ शनिवार को अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई। प्रशासन ने अपनी टीम के साथ 70 एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निदेर्शानुसार पुलिस निरीक्षक बरही चंद्रशेखर कुमार, दारू इंस्पेक्टर शाहिद रजा, पदमा थाना प्रभारी भानु प्रताप, गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार, चौपारण अंचल अधिकारी संजय यादव, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश एवं जिला से आए हुए 100 जवान एवं वन विभाग की टीम के साथ मिलकर अफीम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। शनिवार को चौपारण के ग्राम मुड़िया, पथलगढ़वा, मुरैना, दुरागढ़ा तथा करगा के जंगल में अवैध अफीम पोस्ता की खेती के विरुद्ध प्रशासन की चार अलग-अलग टीम बनाकर अभियान चलाया गया। जिसमें 70 एकड़ में लगे अफीम को 20 ट्रैक्टर की सहायता से रौंदा गया, एवं खेती करने वालों को चिन्हित कर प्राथमिक की दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस ने 75 एकड़ में लगी पोस्ता की फसल को किया नष्ट

**चौपारण :** चौपारण में रविवार का दिन अफीम के तस्करों के लिए काला दिन साबित हुआ। अफीम के खिलाफ रविवार को अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई। प्रशासन ने अपनी टीम के साथ 75 एकड़ में लगी अफीम की फसल को किया नष्ट। चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निदेर्शानुसार चौपारण थाना क्षेत्र के ग्राम मुरैना, दुरागढ़ा, सिकडा इत्यादि रविवार को अवैध अफीम पोस्ता की खेती के विरुद्ध प्रशासन की दो अलग-अलग टीम बनाकर अभियान चलाया गया। जिसमें 75 एकड़ में लगे अफीम को 20 ट्रैक्टर की सहायता से रौंदा गया।

## मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं कल से बरही में बनाए गए छह परीक्षा केंद्र


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू होंगी। परीक्षा को कदाचारमुक्त और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अनुमंडल प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। बरही में कुल छह परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां परीक्षार्थियों के लिए सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी। परीक्षा केंद्र रामनारायण यादव मेमोरियल डिग्री कॉलेज बरही केंद्राधीक्षक तुलेश्वर प्रसाद मेहता, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही केंद्राधीक्षक रविकांत ओम, मध्य विद्यालय बरही परीक्षा केंद्र केंद्राधीक्षक डॉ. सुनील यादव, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही केंद्राधीक्षक शिवकुमार राम, इंटर कॉलेज बरही केंद्राधीक्षक दिलीप कुमार, उत्क्रमित उच्च विद्यालय करियातपुर केंद्राधीक्षक विजय कुमार दास को बनाया गया है। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो, इसके लिए जैक परीक्षा नियमावली के अनुसार प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दंडाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। साथ ही, परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा धारा 144 लागू रहेगी। परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा जाएगा। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। बरही अनुमंडल प्रशासन ने परीक्षा को कदाचारमुक्त बनाने के लिए पूरी तैयारियां कर ली हैं। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा बलों की तैनाती रहेगी, ताकि कोई भी अनुचित गतिविधि न हो सके। परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को परीक्षा केंद्रों पर समय से पहले पहुंचने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने अभिभावकों और विद्यार्थियों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करें।

## लारा नदी की सौंदर्यता सैलानियों को कर रहा है आकर्षित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** जिला को प्रकृति ने अपने हाथों से सजाया है। यहां स्थित घने जंगल और नदी आंचल में बसा है। मनोरम वादियां सैलानियों को काफी आकर्षित करता है। प्राकृतिक सुंदरता काफी रोमांचकारी एवं सुखद एहसास कराता है। जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर चूरचू रोड स्थित 'लारा नदी' की नैसर्गिक सौंदर्यता सैलानियों को फरवरी माह में भी काफी आकर्षित कर रहा है। सघन जंगल के बीच मनमोहक पिकनिक स्पॉट का रसपान कर सुखद एहसास की अनुभूति कर रहे हैं। यहां की नयनाभिराम दृश्य एवं उबडखाबड़ पत्थर एवं बीच में स्थित नदी समेत चारों ओर घनघोर जंगल संग समय बिताकर लोग तरोताजा हो रहें। अंग्रेजी नववर्ष के पूर्व से ही यहां सैलानियों का काफी मनोरम पिकनिक स्पॉट रहा है। अब फरवरी में भी यह आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्राकृतिक सुषमा से परिपूर्ण एवं मनोरम वादियों में सुकून का पल लोग व्यतीत कर रहे हैं। नदी की मनमोहक दृश्य एवं नजारा में घंटों तक सैलानियों ने अपने परिवार एवं दोस्तों के संग बिताकर सुकून पल एहसास कर रहे हैं। उत्साह एवं उमंग में लोग झुमते एवं गाते नजर आएं। लारा नदी की मनोरम वादियां सैलानियों को खुब अपनी ओर आकर्षित किया। नदी की सुंदरता एवं नयनाभिराम दृश्य काफी रोमांचित किया। दरअसल यह इलाका कभी घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता था। जहां नक्सलियों की जन अदालत भी लगा करती थी। दिन में भी लोग इस इलाके से गुजरने से परहेज करते थे।

## गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक रूप से शरीर की पूरी जांच उपलब्ध करना हमारी प्राथमिकता है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग शहर के झील परिसर में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने दिन रविवार को हेल्थ चेकअप जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच मुफ्त किया गया। इसमें 67 से अधिक जरूरतमंदों ने सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। साथ ही कई लोगों ने अन्य जांच का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान अन्य जांच पर बाजार से किफायती दर पर उपलब्ध होने से कई जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया। जरूरतमंदों लोगों ने बताया कि सप्ताहिक छुट्टी रविवार के दिन पब्लिक पलेस में इस प्रकार की जांच से आमजन में काफी राहत पहूंचेगा। गंभीर बिमारियों का पूर्वत जानकारी होने से गंभीर बीमारियों से बचाव एवं राहत मिलेगा। ज्ञात हो कि श्रीनिवास डायग्नोस्टिक रविन्द्र पथ मिशन रोड स्थित मिशन होस्पिटल के परिसर में सेवारत है। जिसमें शरीर पूरा जांच आधुनिक तरीके एवं किफायती दर पर उपलब्ध है। पूरा शरीर का जांच में सीबीसी, थायराइड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, वसा प्रालेख एचबीए, आरबीएस, इलेक्ट्रोलाइट, विटामिन-डी, विटामिन बी, ई.सी.जी यूएसजीडब्ल्यू, छाती का एक्स-रे एवं मुत्र का जांच सहित कई जांच के अलावे निशुल्क डॉक्टर्स परामर्श भी उपलब्ध है। मौके पर श्रीनिवास डायग्नोस्टिक संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि सुगर की बिमारी एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी काफी सामान्य होते जा रही है। विशेष पहल के साथ हेल्थ चेकअप कैंप में सुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क लोगों के लिए उपलब्ध करवा रहें हैं। ताकि समय से पूर्व सुगर एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी का उपचार कराकर घातक एंव गंभीर बीमारियों से लोगों को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक रूप से पूरा शरीर जांच उपलब्ध करना हमारी प्राथमिकता है। गरीब एवं मीडिल क्लास फैमली को इसका शतप्रतिशत लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को राहत पहूंचाने के लिए हमेशा से श्रीनिवास डायग्नोस्टिक की टीम कार्यरत है। मौके पर श्रीनिवास डायग्नोस्टिक के नर्सिंग कर्मी अजरा, लैब विभाग से पिंकू, दीपक, छात्र सयूम, टिया एवं गुंजा सहित कई स्वास्थ्य कर्मी शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सोना सोबरन के तहत लाभुकों के बीच मुखिया ने धोती-साड़ी का किया वितरण




**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत केदारुत के जन वितरण प्रणाली दुकान में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन योजना के तहत लगभग पांच सौ लाभुकों को धोती, साड़ी और लूंगी वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में पंचायत के मुखिया सरिता देवी ने लाभुकों को अपने हाथों से योजना के तहत साड़ी, धोती और लूंगी दिया। कार्यक्रम में लगभग पांच सौ लोगों के बीच वितरण किया गया। मौके पर मुखिया सरिता देवी, मरली यादव, बाजो भुईयां, राजदेव यादव, मिना देवी, कान्ती देवी, प्यारी यादव, रामपारो भुईयां, रिना देवी, चांदनी देवी, सिता देवी, मलती देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कॉस्मिक पब्लिक स्कूल में दसवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**बरही :** बरही प्रखंड के धनवार में संचालित कॉस्मिक पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्रों के शिक्षण सत्र के समापन पर आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों और अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस विशेष अवसर पर कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद और वर्तमान प्रधानाध्यापक राकेश राणा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद, रामदेव यादव, प्रकाश साव, ब्रह्मदेव यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य होते हैं, और उनकी मेहनत व लगन ही समाज को आगे बढ़ाने में सहायक होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो व्यक्ति को समाज में अपनी अलग पहचान बनाने का अवसर देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्कूल से निकलने के बाद उनका असली संघर्ष शुरू होगा। उन्होंने छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने और अपने सपनों को साकार करने की सलाह दी। विदाई समारोह के दौरान छात्रों ने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। विद्यालय की छात्राएं नाज, पूजा, निशु, मधु, रेणुका, नर्गिस, अंजू, रुकसार, शहनाज, रूबी सहित कई अन्य विद्यार्थियों ने इस मौके पर अपने अनुभव साझा किए। वहीं, छात्रों में प्रिंस, प्रदीप, विवेक, अहसान, वीरेंद्र आदि भी शामिल रहे। विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में राकेश सर, दीपक सर, राहुल सर, सहदेव सर, बबीता मैडम, फरजाना मैडम, मनीषा मैडम, अर्जुन सर सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक राकेश राणा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और छात्रों को सफलता की राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### मदरसा अल-जामियातुल गौसियाह में सालाना इनामी मुकाबला का हुआ आयोजन



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत में स्थित मदरसा अल जामियातुल गौसियाह में सालाना इनामी मुकाबला एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कुरआन शरीफ की तिलावत से हुई, जिसके बाद मदरसे के छात्र-छात्राओं ने नात शरीफ, अरबी, उर्दू, इंग्लिश और हिंदी में तकरीर, इस्लामिक क्विज और अन्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में सुहाना प्रवीण ने इस्लाम और शिक्षा पर भाषण दिया, जबकि तरन्नुम प्रवीण ने पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जीवनी पर रोशनी डाली। इस मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष अब्दुल कयूम ने कहा कि मदरसा गौसियाह के बच्चों में काफी हुनर है और यह मदरसा बरही प्रखंड में एक प्रमुख शिक्षण संस्थान के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के छात्र-छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं और अपने ज्ञान व मेहनत से देश का नाम रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मौलाना इरफान साहब ने घोषणा की कि सत्र 2025-26 से मदरसे में दीन की तालीम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जाएगा। अब यहां के छात्र-छात्राएं कक्षा 1 से लेकर मैट्रिक और इंटरमीडिएट (झारखंड एकेडमिक काउंसिल) तक की पढ़ाई कर सकेंगे। इसके अलावा, बाहरी छात्रों के लिए छात्रावास और आने-जाने वाले छात्रों के लिए वाहन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। सत्र 2025-26 के लिए नि:शुल्क नामांकन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इस संस्थान से जुड़कर शिक्षा प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में उपस्थित अम्बिशन अकादमी के निदेशक एवं मदरसा गौसियाह के अकादमिक इंचार्ज अजहर उद्दीन ने कहा कि जिस प्रकार पिछले वर्षों में मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट 100प्रतिशत रहा है, उसी तरह इस बार भी मदरसे के छात्रों का सफलता दर शत-प्रतिशत रहेगा। कार्यक्रम के दौरान इनामी मुकाबला और वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनान वारसी, झारखंड खबर के प्रखंड मीडिया प्रभारी, मदरसा गौसियाह के प्रिंसिपल हाफिज अल्लाउद्दीन, रजा जमा मस्जिद के इमाम मौलाना रमजान, मौलाना गुलाम हैदर, मास्टर सोएब अख्तर, सदर अस्मिद अंसारी, सेक्रेटरी मेराज अहमद, मेराज उद्दीन, उप मुखिया फिरोज निजामी, अनवर अंसारी, अब्दुल अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# अस्पताल परिसर में दो लड़कियों के साथ दुष्कर्म चार नाबालिग आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। घटना सदर अस्पताल परिसर स्थित डॉक्टर्स-स्टाफ क्वार्टर में शुक्रवार की देर रात हुई। पुलिस ने इस मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चारों आरोपी नाबालिग है। लोअर बाजार पुलिस ने आरोपियों पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रतिमा विसर्जन के लिए सदर थाना क्षेत्र की 2 लड़कियां गयी थी, लेकिन लौटने के दौरान 4 नाबालिग लड़कों ने उन्हें बहलाया-फुसलाया। इसके बाद दोनों लड़कियों को 2 लड़के अपने साथ सदर अस्पताल परिसर में बने डॉक्टर्स-स्टाफ क्वार्टर में खाली पड़े एक कमरे में ले गए। कमरे का दरवाजा छिटकिनी लगाकर अंदर से बंद कर लिया गया, जबकि 2 अन्य नाबालिग लड़के कमरे के बाहर पहरा देने लगे। कुछ समय बाद अस्पताल के स्टाफ और सुरक्षाकर्मी वहां पहुंचे और लड़कों को देखकर पूछताछ की। तब उन्होंने बताया कि उनके 2 साथी 2 लड़कियों के साथ कमरे में हैं। इसके बाद कमरा खुलवाने की कोशिश की गयी, तो वे कमरा नहीं खेल रहे थे। जब कमरा खोला तो लड़कियों के साथ 2 लड़के मिले। इसके बाद अस्पताल के स्टाफ ने इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन को दी और साथ ही इसकी सूचना लोअर बाजार थाना को भी दी गयी। पुलिस मौके से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर साथ ले गयी और पीड़िता की अस्पताल में चिकित्सकीय जांच भी करायी गयी। मामले में लोअर बाजार पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस की पूछताछ में पीड़िताओं ने पुलिस को बताया कि उन्हें बहला-फुसलाकर आरोपी सदर अस्पताल परिसर के एक कमरे में ले गये थे।




## एक नजर

### मौसम के तापमान में उतार चढ़ाव जारी

**रांची :** राज्य भर में इन दिनों मौसम के तापमान में उतार चढाव जारी है। कभी तापमान में गिरावट हो रही है तो कभी तापमान बढ जा रहा है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। इससे लोगों को सर्दी, खांसी और बुखार की भी शिकायतें मिल रही हैं। रविवार को भी मौसम का यही रूख देखने को मिला और तापमान में मामूली उतार चढाव दर्ज किया गया। रांची में अधिकतम तापमान 27 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि सोमवार से तापमान में बढोत्तरी होगी। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 33.4 डिग्री,जबकि सबसे कम तापमान चतरा में 5.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम 30.4 और 10.4, डालटेनगंज में 28.9 और 8.5, बोकारो में 28.1 और 9.1, चाईबासा में 33.3 और 9.6, देवघर में 26.7 डिग्री और न्यूनतम 10.3 सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### छह अंचलों में राजस्व शिविर आयोजित

**रांची :** रांची जिला प्रशासन ने एक साथ छह अंचलों में शिविर लगाकर 10 डिसमिल तक जमीन के लंबित म्यूटेशन मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) उपलब्ध कराए गए। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने रविवार को कांके अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया। जबकि शहर, ओरमांझी, माण्डर, नामकुम एवं रातू में वरीय पदाधिकारियों के जरिये आवेदकों को करेक्शन स्लिप दिए गए। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को बिना ठोस कारण के दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत नहीं करने का निर्देश पूर्व में ही दिए थे। इसको लेकर सभी अंचलों में सक्षम पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई, जो कैम्प में अस्वीकृत मामलों की समीक्षा करेंगे कि, रिजेक्शन का कारण सही है या नहीं। कैंप में जिन आवेदकों के आवेदन अस्वीकृत हुए हैं, उनके लिए रिजेक्शन काउंसलिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि आवेदक जान सके कि किस कारण उनके आवेदन को अस्वीकृत किया गया। अगर अंचल कार्यालय में बिचौलिये दिखे तो फौरन स्थानीय थाना या पीसीआर को सूचित करें। आम लोगों से जिला प्रशासन ने जन शिकायत के लिए व्हाट्सएप नंबर अबुआ साथी 9430328080 पर भी जारी किया है, जिसपर अपनी जानकारी दें सकते हैं। उन पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

### राजभवन उद्यान में उमड़ी भीड़, तीसरे दिन 63,813 लोगों ने किया भ्रमण



**रांची :** राजभवन उद्यान में तीसरे दिन रविवार को 63,813 लोगों ने भ्रमण किया। सुबह से ही बच्चे, बुजुर्ग, युवक, युवतियां और महिलाएं बड़ी संख्या में उद्यान का आनंद लेते नजर आए। राजभवन से मिली जानकारी के अनुसार, छह फरवरी से 12 फरवरी तक आम नागरिकों के लिए उद्यान खुला है। भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित किया गया है, जबकि प्रवेश राजभवन के गेट नंबर 2 से जांच के बाद एक बजे अपराह्न तक दिया जाएगा। राज्यपाल के निर्देश पर आम नागरिकों के लिए यह विशेष अवसर उपलब्ध कराया गया है, जिसमें वे राजभवन उद्यान की प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली का आनंद ले सकते हैं।

# कोल इंडिया रांची मैराथन में शामिल हुए 10 हजार धावक




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची:** राजधानी में 9 फरवरी को कोल इंडिया रांची मैराथन-2025 हुआ। इसमें 10,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम से इसकी शुरूआत हुई। कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने इसे आयोजित किया था। इसे एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस ने प्रमाणित किया था। इस अवसर पर झारखंड हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एसएन पाठक, कोल इंडिया अध्यक्ष पीएम प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह, ईसीएल सीएमडी सतीश झा, सीसीएल के पूर्व सीएमडी बी वीरा रेड्डी, झारखंड के खेल सचिव मनोज कुमार, कोल इंडिया के निदेशक (कार्मिक) विनय रंजन, ईसीएल के निदेशक (कार्मिक) गुंजन कुमार सिन्हा, कोल इंडिया के वरीय सुरक्षा सलाहकार आलोक कुमार पटारिया सहित बड़ी संख्या में राज्य सरकार के वरीय अधिकारी, सीसीएल कर्मी, हितधारक एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गणमान्यों ने फ्लैग ऑफ कर मैराथन का शुभारंभ किया गया। मैराथन सुबह 5 बजे बिरसा मुंडा स्टेडियम से शुरू होकर कांके रोड होते हुए पुनः मोरहाबादी में संपन्न हुआ।

# रांची में बनेगी 10 लेन की सड़क 301 करोड़ रुपये होगी कुल लागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची में पहली बार 10 लेन की सड़क बनाई जाएगी, जिसकी कुल लागत करीब 301 करोड़ रुपये होगी। यह सड़क धुर्वा के विवेकानंद स्कूल से नयासराय होते हुए रिंग रोड तक बनेगी। इस सड़क के लिए पूरा प्लान तैयार हो चुका है, और डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को तकनीकी मंजूरी भी मिल गई है। यह सड़क आधुनिक तकनीक से बनेगी और पूरी तरह ट्रैफिक मुक्त होगी। मुख्य सड़क 6 लेन की होगी, जिस पर वीवीआईपी, वीआईपी और अन्य बड़े वाहन चलेंगे। सड़क के दोनों ओर 2-2 लेन की सर्विस रोड होगी, जिससे छोटे और अन्य निजी वाहन आ-जा सकेंगे। सड़क के किनारों पर साइकिल ट्रैक बनाया जाएगा, जिसके ऊपर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इनसे बिजली उत्पन्न होगी, जिससे सड़क पर लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। बेहतर ड्रेनेज सिस्टम और बैठने की जगह भी बनाई जाएगी, जिससे सड़क सुंदर और सुविधाजनक होगी। धुर्वा विवेकानंद स्कूल से जगन्नाथपुर मंदिर और हाईकोर्ट होते हुए सड़क को 10 लेन का बनाया जाएगा। सीआरपीएफ कैंप से आगे यह सड़क रिंग रोड से जुड़ेगी।

सीआरपीएफ कैंप के आगे की सड़क नई बनाई जाएगी और यह भी 10 लेन की होगी। नयासराय के बाद सड़क संकरी हो जाएगी और रेलवे लाइन पार करने के बाद रिंग रोड तक 2 लेन की होगी। यह सड़क शहर के यातायात को सुगम बनाएगी और लोगों को बेहतर सफर का अनुभव मिलेगा। स्मार्ट सुविधाओं से लैस यह सड़क रांची की पहली 10-लेन सड़क होगी, जो शहर के विकास में एक नया कदम साबित होगी।

# झारखंड राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन जल्द हो : दीपेश निराला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** फेडेरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के सदस्यों की बैठक कोकर स्थित पैरागन फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के परिसर के नवनिर्मित भवन में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला ने वर्तमान में व्यापारियों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बिगड़ी विधि-व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सदस्यों से फेडेरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के साथ झारखंड के सभी 24 जिलों के व्यापारियों, उद्यमियों, प्रोफेशनलों और सर्विस प्रोवाइडरों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उक्त चारों वर्ग के एक साथ एक प्लेटफार्म पर आने से उनकी समस्याओं के समाधान का संयुक्त प्रयास किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आज व्यापारी वर्ग को आर्थिक विकास की धूरी कहा जाता है। वह सरकार को विभिन्न तरह के टैक्स सहित पूरी सोसाइटी को अनेक तरह की सेवाएं देता है लेकिन उसके लिए सरकार के जरिये कोई भी अलग से सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान नहीं किए गए हैं। उपस्थित सदस्यों ने इसके लिए झारखंड राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन की मांग सर्वसम्मति से मांग उठाई गई। बैठक में महासचिव सत्येंद्र प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष विनोद जैन बेगवानी, लॉ एंड ऑर्डर कमेटी के को-चेयरमैन हरीश नागपाल, शाहिद आलम सहित विवेक कुमार, आलोक कुमार गुप्ता, जितेंद्र कुमार सिंह, एस मृदुला, स्वरूप कुमार सेठी, कुमार आदित्य उरांव, आशीष जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

# तेलंगा खड़िया की जयंती पर सीएम और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया नमन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शहीद तेलंगा खड़िया की जयंती पर शत-शत नमन किया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि अंग्रेज शोषकों के खिलाफ लड़ने वाले झारखंड की क्रांतिकारी भूमि के वीर सपूत अमर वीर शहीद तेलंगा खड़िया की जयंती पर शत-शत नमन। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें। जय झारखंड। वहीं दूसरी ओर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने वीर सपूत तेलंगा खड़िया की जयंती पर उन्हें नमन किया है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध डटकर सामना करने वाले महान क्रांतिकारी, झारखंड के वीर सपूत तेलंगा खड़िया की जयंती पर उन्हें सादर नमन।

# सेवा भारती रांची महानगर का वार्षिकोत्सव सह बाल मेला संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** सेवा भारती, रांची महानगर के तत्वावधान में बाल मेला व 25 वा वार्षिकोत्सव सह स्वावलंबी महिला गोष्ठी का आयोजन रविवार को न्यू एजी कॉपरेटिव कॉलोनी, कडरू मैदान में संपन्न हुआ। स्वावलंबन गोष्ठी की मुख्य वक्ता रांची नगर निगम की पूर्व महापौर व राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ.आशा लकड़ा ने कहा कि स्वावलंबी व सशक्त मातृशक्ति राष्ट्र की शक्ति है। परिवार में एक महिला शिक्षित-संस्कारित है, तो पूरे सदस्यों का कुशल मार्गदर्शन करती हैं। आज सशक्त महिलायें सामाजिक कार्यों में आगे बढ़ कर अपना योगदान दे रही हैं। सेवा भारती के स्वावलंबन आयामों के माध्यम से अभावग्रस्त महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण हो रहा है। सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षित युवतियां-महिलाएं अपने मुहल्लों में दुकान खोल कर स्वरोजगार से जुड़ गई हैं। इस अवसर पर स्वावलंबन प्रशिक्षण केंद्रों का देशभक्ति समूह गीत प्रतियोगिता हुई जहां निर्णायक टोली की रिंकू बनर्जी, इंदु परासर ने प्रथम और द्वितीय विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया ।

**विज्ञान इवेंट्स में बच्चों को विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जागृत हुई**

एक दिवसीय वार्षिकोत्सव के दौरान 76 सेवा बस्तियों के 1500 बालक-बालिकाओं ने विज्ञान संबंधित आयोजित कार्यक्रम को में ज्ञान के साथ खूब मस्ती किया। मौके पर अरण्यस सोसायटी, कोलकाता की निदेशक अमृता घोष गुप्ता, प्रबुद्ध गुप्ता के नेतृत्व में विज्ञान इवेंट्स का आयोजन किया गया।

**समाज के वंचित और उपेक्षित बस्ती परिवर्तन कर रही है सेवा भारती : महेश पोद्दार**

सार्वजनिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा के पूर्व सदस्य महेश पोद्दार ने कहा कि सेवा भारती के माध्यम से समाज के वंचित, उपेक्षित, अभावग्रस्त और पीडित परिवारों के बीच संस्कारित शिक्षा प्रदान कर बस्ती परिवर्तन किया जा रहा हैं। स्वावलंबन आयामों के द्वारा महिला सशक्तिकरण का कार्य हो रहा है। आज सेवा-संस्कारों से बच्चों के साथ अभिभावकों में भी बदलाव आ रहा है। पिछड़े समाज के नवोत्थान में सज्जनशक्ति की भूमिका बढ़ाने की आवश्यकता हैं। वार्षिकोत्सव के विशिष्ट अतिथि विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि समाज के अतिम व्यक्ति को शिक्षित स्वस्थ और स्वावलंबी बनाने का कार्य सेवा भारती कर रही है। ऐसे सेवा कार्यों को विस्तार करने की आवश्यकता है। सेवा कार्य पवित्र कार्य है। समाज से कटे दीन-हीन लोगों को समृद्धशाली बनाकर समरस समाज का वातावरण बनाने का कार्य सेवा भारती बखूबी कर रही है। कार्यक्रम में वार्षिक प्रतिवेदन सेवा भारती, रांची महानगर सचिव श्याम टोरका ने प्रस्तुत किया एवं धन्यवाद ज्ञापन महानगर उपाध्यक्ष शुभेंदु भट्ट ने किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन किशोरी विकास केंद्र की शिक्षिकाओं संयोजिका सपना सिंह व कावेरी सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। सार्वजनिक कार्यक्रम के अवसर पर सेवा बस्तियों के बच्चों ने आकर्षक रंग मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया जहां 45 उत्कृष्ट कलाकारों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जगरनाथ पुर की 100 बालिकाओं ने पारंपरिक वेषभूषा में सामूहिक स्वागत नृत्य गान प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही 76 सेवा बस्तियों के बच्चों ने एक साथ सामूहिक मंत्रोच्चार, गीत के साथ योगासन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा भारती के गुरूशरण प्रसाद, ओम प्रकाश केजरीवाल, रमाशंकर बगड़िया, सीमा सिंह, कमल केडिया, कमल पोद्दार श्रवण जाजोदिया, विमल पारीक, ऋषि पांडेय, राकेश लाल, राधेश्याम अग्रवाल, मनोज कुमार, रंजय ओझा सहित शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीयूजे में छात्रों पर केस कर भय उत्पन्न करने का प्रयास : अजय साह

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी (सीयूजे) में छात्रों के आंदोलन और सरकार के जरिये उन पर दर्ज किए गए मामलों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना छात्रों का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन उनके खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज करना यह दशार्ता है कि सरकार छात्रों में भय का माहौल बनाना चाहती है। साह ने रविवार को कहा कि साथी छात्र की मृत्यु के मामले में छात्रों ने सिर्फ रांची के डीसी से मिलने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन इसके बदले उन पर लाठीचार्ज किया गया और गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि लगभग 15-20 छात्रों के नाम से और 150 से अधिक अज्ञात छात्रों पर ऐसे मुकदमे दर्ज किए गए हैं, जैसे वे झारखंड के छात्र नहीं बल्कि कोई आतंकवादी हों। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो सरकार छात्र आंदोलनों को दबाने के उद्देश्य से डर का माहौल बना रही है। सरकार छात्रों से किए गए अपने वादों को पूरा करने में असफल हो रही है, जिससे यह साफ संकेत मिलता है कि भविष्य में एक बड़े छात्र आंदोलन की संभावना है। ऐसा लगता है कि सरकार आगामी जन आंदोलनों को कुचलने की तैयारी पहले से ही कर रही है। साह ने हेमंत सरकार से अपील करते हुए कहा कि अपने ही प्रदेश के छात्रों के खिलाफ इतना कठोर रवैया अपनाना उचित नहीं है। सरकार को छात्रों के प्रति उदारता दिखानी चाहिए। यदि कुछ छात्र उग्र भी हो गए थे, तो उनसे माफीनामा लेकर या अभिभावकों से संवाद कर मामला सुलझाया जा सकता था। बीएनएस की धारा 121(1) जैसी संगीन धाराओं के तहत मामले दर्ज होने से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा, जिसका प्रतिकूल प्रभाव पूरे झारखंड और के भविष्य पर पड़ेगा।

### डीएवी में शिक्षक संवर्धन कार्यशाला का हुआ समापन



**रांची :** रांची में डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-'बी' एवं 'जे' की ओर से आयोजित दो-दिवसीय शिक्षक संवर्धन कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। इस कार्यशाला का आयोजन विषयवार रांची के तीन स्कूलों डीएवी हेहल, डीएवी गांधीनगर और डीएवी कपिलदेव में किया गया था। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के पेशेवर विकास को बढ़ावा देना, नवीनतम शिक्षण तकनीकों से अवगत कराना और शिक्षण प्रक्रिया में नवाचारों को शामिल करना था। कार्यशाला में झारखंड क्षेत्र 'बी' एवं 'जे' से संबंधित डीएवी विद्यालयों के लगभग 750 शिक्षकों ने भाग लिया इस दौरान शिक्षण पद्धतियों में सुधार, कक्षा प्रबंधन, मूल्य आधारित शिक्षा, तकनीकी उपकरणों का प्रयोग और छात्र-केंद्रित शिक्षण विधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने शिक्षकों को आधुनिक शैक्षणिक दृष्टिकोण और प्रभावी शिक्षण तकनीकों से परिचित कराया। डीएवी पब्लिक स्कूल्स, झारखंड जोन-'बी' के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी एम. के. सिन्हा ने कहा, श्एक शिक्षक केवल ज्ञान का स्रोत ही नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शक भी होता है। इस तरह की कार्यशालाएं शिक्षकों को अपने कौशल को निखारने और छात्रों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने का अवसर प्रदान करती हैं। वहीं झारखंड प्रक्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी एसके मिश्रा ने कार्यशाला में शिक्षकों को निरंतर नवाचार और शिक्षण के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। कार्यशाला में डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य डॉ. तापस घोष, संजीत मिश्रा, पीके झा, कमलेश कुमार, किरण यादव, एसके पाठक, बबुन शरण, रोशी बाधवानी, मनोजेश्वर कुमार, पुष्प कुमार झा सहित सभी विषयों के मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

### जरूरतमंदों के बीच कपड़े, मिठाइयां और वाटर बोतल का किया गया वितरण

**रांची :** एकता कमेटी सामाजिक संस्था के 33 वर्ष संपन्न होने के शुभ अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने आज करबला टैंक रोड मिशन चौक के पास और चर्च रोड काली मंदिर के पास जरूरतमंद लोगों को कपड़े मिठाइयां और वाटर बोतल का वितरण किया इस शुभ अवसर पर खाना खाने के लिए गुलाम मुस्तफा ने सभी को पैसे भी दिए इस अवसर पर गुलाम मुस्तफा ने भारतीय एकता कमेटी के सभी सहयोग कताओं का आभार व्यक्त किया है और 33 वर्ष संपन्न होने पर सभी धर्म समुदाय को सभी सहयोग कताओं को और सभी पदाधिकारी गण सभी सदस्य गणों को बहुत-बहुत बधाई दिल से मुबारकबाद दिया है याद रखें कि भारतीय एकता कमेटी 1992 से लगातार गरीब बीमार जरूरतमंद लोगों के लिए समाज सेवा का कार्य जमीन से जुड़कर कर रही है और आगे भी करते रहेगी लेकिन अफसोस इस बात का है के शुभ कार्य में सरकार का कोई भी सहयोग कोई भी ग्रांट मदद नहीं मिलता है झारखंड सरकार से भारतीय एकता कमेटी के शुभ कार्यो में मदद की अपील की जाती है माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी भारतीय एकता कमेटी को समाज सेवा में ज्यादा से ज्यादा सहयोग करें।

### एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज



**रांची :** मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में रविवार को पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 के चौथे दिन का उदघाटन मो. खालिद, जेवियर खलखो, हासीम अंसारी, मो. राजा, आशीष ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया। रविवार को पहला मैच गोविंदपुर और टांगर के बीच खेला गया, जिसमें गोविंदपुर की टीम 22 रन से विजयी रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोविंदपुर की टीम 108 रन बनाई। इसके जवाब में टांगर की टीम 86 रन पर ही सिमट गई। वहीं दूसरा मैच सोसई आश्रम और चोरेसा के बीच खेला गया। इसमें सोसई की टीम 40 रन से बिजयी रही। इससे पहले बल्लेबाजी करते सोसई आश्रम की टीम 140 रन का स्कोर खड़ा की। इसके जवाब में चोरेसा की टीम 100 रन ही बना सकी। रविवार को तीसरा मैच सोसई आश्रम और गोविदपुर के बीच खेला गया। जिसमें सोसई की टीम 30 रन से जीत कर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए सोसई की टीम 95 बनाई। इसके जवाब में गोविंदपुर की टीम 65 रन पर ही सिमट गई। तीनों मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए गोविंदपुर के अनीस, सोसई आश्रम के आशिष व अमन को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार दिया गया। इससे पहले कुंदी और बुढ़मू एलेवन की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। मैच के अंपायर आशीष गुप्ता और राहुल शाही थे। 10 फरवरी को टूर्नामेंट का चौथा क्वाटर फाइनल गोरे एलेवन और गोपी एलेवन के बीच दिन के नौ बजे से खेला जाएगा। साथ ही दो सेमीफाइनल के अलावा टूर्नामेंट का फाइनल मैच दिन के तीन बजे से होगा। टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन झारखंड सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की, अंजुमन इस्लामिया रातू प्रखंड के सचिव मुख्तार अंसारी, समीम अख्तर और मांडर थाना प्रभारी राहुल संयुक्त रूप से करेंगे।

## एक नजर

### स्वामी विवेकानंद प्लस टू हाई स्कूल में विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**महुदा (धनबाद)**: स्वामी विवेकानंद प्लस टू हाई स्कूल महुदा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल भी सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का कार्यक्रम रविवार को हुई। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष धनबाद शारदा सिंह, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनबाद शेखर सिंह विशिष्ट अतिथि पदुगोडा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। शारदा सिंह एवं शेखर सिंह ने विद्यालय के विकास हेतु के अति शीघ्र कमरा देने की घोषणा की साथ ही मुखिया का भी घोषणा रहा कि मैं निजी मद से अति शीघ्र छात्राओं के लिए शौचालय का निर्माण करवाऊंगा। सभी ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की दुआएं देते हुए विदाई किया, मौके पर उपस्थित कॉलेज के सचिव एवं प्राचार्य एवं सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

### संकल्प सृजन समाज का ध्रुवतारा : मुकेश

**बोकारो** : संकल्प सृजन के कार्य अद्वितीय होने के साथ ही प्रेरणादायक हैं। जिस ओर साधारण समाज की दृष्टि भी नहीं पडती, वहां संस्था के असाधारण कार्यप्रणाली से नव-निर्माण हो रहा है। सचमुच संकल्प सृजन समाज का ध्रुवतारा है। उक्त बातें मुकेश कुमार(भा.पु.से) समादेष्टा जैक-4 ने सेक्टर 6 बोकारो स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित संकल्प सृजन के वार्षिकोत्सव सह शिशु-संगम में बतौर मूख्य अतिथि कहे। सर्व प्रथम शिशु सृजन वाटिका की संचालिकाओं द्वारा अतिथियों का स्वाग पारंपरिक तरीके से तिलक, आरती व पुष्प पौध भेंट कर किया गया। वैदि मंत्रोंच्चारण के बीच अतिथियों द्वारा सामुहिक दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत उद्बोधन के दौरान संस्था की संस्थापिका सह महासचिव डॉ० साध्वी झा ने सभी कआ अभिनंदन करते हुए संकल्प सृजन के प्रकल्पों, आयामों की जानकारी साझा करते हुए शिशु सृजन वाटिका एवं अन्य आयामों से अभिवंचित बस्तियों, सुदूर ग्रामीण अंचलों में आए सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन से सभी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि संस्था का मूल उद्देश्य पिछडते समाज को अग्रसर बनाना ही है। सेवित से सेवक, याचक से दाता तक की यात्रा कराने वाले सारे आयाम अद्वितीय परिणाम दाता हैं। एक ओर शिशु सृजन वाटिका चरित्र व व्यक्तित्व गढता है, दूसरी ओर किशोर/किशोरी सृजन केंद्र टीनएजर्स को सहेजने का काम करता है। सुदामा योजना से असहाय वृद्ध पोषित व संरक्षित हैं तो वात्सल्य दुग्ध योजना नौनिहालों की क्षुधा तृप्ति के साथ पोषण का मार्ग प्रशस्त करता है।

### इस्पात कामगार यूनियन ने ठेका मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई लड़ने का किया ऐलान

**बोकारो** : इस्पात कामगार यूनियन की एक अहम बैठक यूनियन ऑफिस मे ठेका प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्राण सिंह की अध्यता मे सम्पन्न हुई, जिसमे ठेका मजदूरो के समस्याओ तथा विशेष रुप से ट्रेफिक विभाग तथा बी पी एस सी एल के मजदुरो, जिन्हे मीनिमम वेज लेने के कारण काम से बैठा दिया गया है पर चर्चा की गई । सभा को संबोधित करते हुए युनियन के महामन्त्री ने कहा ट्रैफिक विभाग की प्रबंधन और ठेकेदार की गठबंधन कर के गरीब मजदूरो का शोषण किया जा रहा है, मजदुरो का मिनिमम वेज लेने के कारण काम से बैठा दिया गया है जो अनुचित है,इस सम्बन्ध मे टैफिक विभाग प्रबंधन से अनेको बार वार्ता हुई लेकिन प्रबंधन की उदासीनता के कारण मजदूरो का गेट पास आज तक नही बना ,जो मजदूर काम कर रहे है उन्हे भी समय से मासिक वेतन नही मिलता है, जिससे मजदूरो मे भारी आक्रोश है और ये आक्रोश कभी भी फुट सकता है।

# स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगलाल चौधरी की जयंती पर समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड राज्य पासी विकास कल्याण समिति, बोकारो जिला इकाई के बैनर तले, भारतीय संविधान प्रबोधन कार्यक्रम सह राज्य कार्यकारिणी की बैठक एवं बिहार के गांधी, स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगलाल चौधरी जी की जयंती समारोह का भव्य आयोजन अंबेडकर प्रतिमा के समीप, अंबेडकर पार्क, सेक्टर-4, बौद्ध बिहार, बोकारो में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक आयोजन में सैकड़ों की संख्या में समाज के सम्मानित बंधु-बांधवों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संविधान जागरूकता पर चर्चा की गई, जिसमें वक्ताओं ने भारतीय संविधान की विशेषताओं, सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बच्चों, महिलाओं एवं युवाओं के लिए विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, निबंध लेखन, खेलकूद एवं अन्य मनोरंजक गतिविधियाँ शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि बहुजन महापुरुषों के योगदान पर आधारित एक विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें ख्याति प्राप्त गायक एवं गायिकाओं ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और ऐतिहासिक महापुरुषों के योगदान को हृदयंगम करने का अवसर दिया। कार्यक्रम स्थल पर संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित विभिन्न ग्रंथों सहित अन्य महापुरुषों की प्रेरणादायक पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसे मंटू दास द्वारा संयोजित किया गया। इस स्टॉल ने उपस्थित लोगों को सामाजिक न्याय, संविधान और बहुजन महापुरुषों के विचारों को गहराई से समझने का अवसर प्रदान हुआ। इस समाहरो में पूरे राज्य से झारखंड राज्य पासी विकास कल्याण समिति के गणमान्य लोग शामिल हुए जिसमे सदानंद चौधरी जिला अध्यक्ष बोकारो, मनीष कुमार सुमन जिला सचिव बोकारो, मंते महेश कुमार राजन महा प्रबंधक बोकारो स्टील प्लांट, एन०के० चौधरी प्रधान मुख्य अभियंता डीवीसी मुख्य अतिथि, डॉ श्याम सुंदर चौधरी विशिष्ट अतिथि रिम्स, डॉ समीर चौधरी, श्री लक्ष्मी नारायण महथा प्रदेश महासचिव, जगदीश राम प्रदेश अध्यक्ष, कन्हाई पासी, विक्रांत कुमार पुलिस अधीक्षक बोकारो, जुगल चौधरी, सतीश चौधरी, विनोद चौधरी, पंकज चौधरी, दीनानाथ चौधरी, राम बाबू चौधरी, शिवकांत चौधरी, अमित चौधरी, दिनेश चौधरी, संजय चौधरी, भगवान चौधरी, आदि मौजूद थे।

## सिद्धिदात्री पहाड़ी के विकास और संरक्षण के लिए संस्थान ने की सरकार से मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : चास प्रखंड अंतर्गत सतनपुर पहाड़ी श्रृंखला के बारी कोऑपरेटिव कॉलोनी के सामने स्थित सिद्धिदात्री पहाड़ी भाग के पास स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान द्वारा लगभग 20 से 25 वर्षों पहले लगाए गए आम, जामुन, बेल, कटहल सहित अन्य वृक्षों का निरीक्षण पहाड़ी के साथ साथ किया गया। पाया गया कि बेल के कई वृक्षों पर फल लगे हुए हैं तथा आम के भी कई वृक्षों पर मंजर लगी हुई है। संस्थान द्वारा इस सिद्धिदात्री पहाड़ी पर पीपल, बरगद, नीम सहित दर्जनों लगे वृक्ष और पास में स्थित पर्यावरण-मित्र बाग में लगे दर्जनों आम, जामुन, बेल आदि के सभी पेड़ देखरेख के अभाव में न सिर्फ कुपोषित हो रहे हैं बल्कि यहां नशे बाजों का अड्डा बन गया है जो यहां की पवित्रता को भंग कर रहे हैं। आसपास की सौ एकड़ वानभूमि को भी भूमाफियाओं द्वारा नाजायज कागजात बनाकर कब्जा किया जारहा है। राज्य सरकार, वन विभाग और जिला प्रशासन से कई बार इस पहाड़ी को और आसपास के क्षेत्र को संरक्षित करते हुए इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने हेतु आग्रह किया गया है मगर अभी तक इनके द्वारा कोई भी सार्थक कदम नहीं उठाना अत्यंत ही चिंतनीय है साथही पर्यावरण संरक्षण से खिलवाड़ भी है।

## अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिकों को दी गई ई-फाईलिंग की ट्रेनिंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : ई-कोर्ट्स भारत में न्यायिक प्रक्रिया को डिजिटलीकरण और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की एक पहल है। यह परियोजना ई-गवर्नेंस के तहत न्यायपालिका में पारदर्शिता, दक्षता और तेजी लाने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2007 में शुरू की गई है इसके तहत न्यायालयों में ई-फाइलिंग, ऑनलाइन केस ट्रैकिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उपरोक्त बातें रविवार को धनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित ई कोर्टस ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू, अवर न्यायाधीश राकेश रोशन एवं रजिस्ट्रार आइ जेड खान ने किया। अधिवक्ता लिपिकों को संबोधित करते हुए मास्टर ट्रेनर धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू ने कहा कि ई कोर्ट सेवा का उद्देश्य लंबित मामलों को कम करने और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना, नागरिकों की पहुंच आसान बनाना, लोगों को घर बैठे अपने केस की स्थिति जानने,आदेश डाउनलोड करने और डिजिटल माध्यम से सुनवाई में भाग लेने की सुविधा। पारदर्शी और जवाबदेही तरीके से प्रदान करना है।

## डी वाइ पाटिल इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिक महोत्सव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : डी वाइ पाटील इंटरनेशनल स्कूल का दूसरा वार्षिक महोत्सव बहुत धूमधाम से उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह महोत्सव दो दिनों तक चलेगा। इस वार्षिक महोत्सव में मुख्य अतिथि सिंफर के डायरेक्टर अरविंद कुमार मिश्रा द्वारा सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि को पुष्पगुछ एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम काफी भव्य रूप से किया गया कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने स्वागत गीत गाकर वहां उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बच्चों ने कई शानदार एवं दर्शनीय प्रस्तुतियां देकर मन मोहा। कार्यक्रम में बच्चों ने नाटक के माध्यम से भ्रूण हत्या रोकने के लिए समाज में एक संदेश दिया।साथ ही भारतीय संस्कृति को भी अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षा लोगों के लिए कितना आवश्यक है। इसे भी नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया, यही नहीं जिन छात्रों का पूरे वर्ष में काफी बेहतर प्रदर्शन रहा उनके अभिभावकों को भी यहां सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रचार्या अर्चना मिश्रा ने कहा की इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने इन दो वर्षों में स्कूल की उपलब्धि के विषय में बताया और छात्रों के अभिभावकों को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्होंने जिस प्रकार स्कूल के प्रति अपना भरोसा जताया उसके लिए स्कूल उन्हें धन्यवाद करती है। साथ ही उन्होंने आने वाले समय में स्कूल मे शिक्षा व्यवस्था किस तरह से मजबूत हो इस पर भी बात की। उन्होंने कहा की छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल अग्रसर कार्य कर रहा है। उन्होंने बेटियों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क नामांकन की भी चर्चा की और कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को और भी मजबूती प्रदान करने के लिए स्कूल बेटियों के लिए फ्री नामांकन कर रहा है।

## रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने बाल चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी द्वारा आशा की किरण प्ले स्कूल, उल्गोडा में ग्रामीण बाल चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य 12 वर्ष तक के बच्चों को संपूर्ण स्वास्थ्य जांच, पोषण सहायता और आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना था। यह शिविर रोटेरियन डॉ. एस.सी. मुंशी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस शिविर के दौरान निम्नलिखित प्रमुख सेवाएं प्रदान की गई बाल स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श अनुभवी चिकित्सकों द्वारा। बच्चों के पोषण के लिए प्रोटीन युक्त सप्लीमेंट्स का वितरण। 2 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के लिए कृमिनाशक दवा। 3 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को टाइफाइड का टीकाकरण। रक्ताल्पता को दूर करने के लिए आयरन और फोलिक एसिड सप्लीमेंट्स। विटामिन ए सप्लीमेंटेशन जिससे बच्चों की दृष्टि और रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो। अन्य आवश्यक दवाइयां एवं लक्षण-आधारित उपचार। माता-पिता के लिए बच्चों को स्वस्थ और फिट रखने के उपाय पर स्वास्थ्य जागरूकता सत्र।

**इस शिविर में कुल 367 बच्चों को उपरोक्त समस्त सेवाएं प्रदान की गई**

इस शिविर में कई समर्पित रोटेरियनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, जिनमें शामिल हैं अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता, रोटेरियन अशोक टनेजा, रोटेरियन अशोक जैन, रोटेरियन अशोक केडिया, रोटेरियन मन्नू श्रीवास्तव, रोटेरियन अमृत महतो, रोटेरियन प्रदीप रे और रोटेरियन प्रदीप सिंह। अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता के कुशल नेतृत्व में सभी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास किए और महत्ती भूमिका निभाई।

# कर्ण समागम का आम सभा सह महामिलन समारोह में नए कार्यक्रमों और विस्तार पर हुई चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता






**बोकारो** : सिटी पार्क, बोकारो में कर्ण समागम बोकारो का आम सभा एवं सहभोज का आयोजन किया गया। इस आम सभा में सह भोज के अलावा कर्ण समागम के कई महत्वपूर्ण विषयों पर कर्ण समागम के कई नए कार्यक्रम पर एवं समागम के विस्तार पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कई मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए, बच्चों के खेलकूद, महिलाओं लिए साउंड बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका संचालन कार्यक्रम प्रभारी रंजन कुमार कर्ण द्वारा किया गया। मां भगवती की वंदना कर्ण गोष्ठी महिला ग्रुप की अध्यक्षा पुष्पा रानी कर्ण के टीम के द्वारा किया गया। पूरे बोकारो जिले के कई संभाग से कर्ण कायस्थ मौजूद थे ।इस खास अवसर पर समागम के बुजुर्ग सदस्यों का वरिष्ठ नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। महिला खेल में प्रथम स्थान रुपम रंजन को मिला, उपमहासचिव अमरनाथ लाल दास को उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्ण समागम के अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण के द्वारा समागम के उप महासचिव अमरनाथ लाल दास को 2024-25 का कर्ण समागम विभूति सम्मान दिया गया। अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण द्वारा सभी समागम के सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना दिया गया। कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ सदस्य विजय शंकर मल्लिक,सी एल करण, एम एल करण, महेश कुमार लाल ,अध्यक्ष अनिल कर्ण, उपाध्यक्ष सिद्धेश दास, राजेंद्र मलिक कोषाध्यक्ष परिणव ,महासचिव मिहिर कंठ, उपमहासचिव अमरनाथ लाल दास, रमनजी, बृजमोहन लाल दास, छोटे, राहुल इत्यादि कई सम्मानित सदस्य मौजूद थे। सभा का धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष सिद्धेश्व नारायण दास जी एवं विजय शंकर मल्लिक कें द्वारा किया गया।


## संक्षिप्त खबरें

### अमेजिंग टैलेंट हंट 2005 में पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने लोक नृत्य में दिखाई प्रतिभा



**धनबाद**: नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने रविवार को साहू धर्मशाला मनईटांड मे आयोजित अमेज़िंग टैलेंट हंट 2025 में हिस्सा लिया। पहला कदम स्कूल के बच्चों ने झारखण्ड के लोक नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम मे चार चांद लगाया। टैलेंट हंट मे बच्चों ने फैन्सी ड्रेस,सिंगिंग,निबन्ध प्रतियोगिता मे हिस्सा ले अपना अनुभव बढ़ाया। फैन्सी ड्रेस मे हमारे दिव्यांग बच्चों ने श्रवण कुमार,बाबा साहेब अंबेडकर, झांसी की रानी आदिवासी और अन्य भूमिकाएं कर अपने प्रतिभा को दर्शको के बीच प्रदर्शित किया। एक अभिभावक के कहा कि बहुत हर्ष की बात है की आज समाज के हर वर्ग के प्रोग्राम मे हिस्सा लेकर बच्चे अपना आत्म विश्वास में बढ़ोत्तरी कर रहे है और सभी का प्रोत्साहन इन्हे प्राप्त हो रहा है। अमेज़िंग टैलेंट हंट 2025 के आयोजकों का शुक्रिया अदा करते पहला कदम परिवार ने कहा की इस तरह के प्रोग्राम आयोजित होने से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मौका मिलता है।

### पोल धंसने से बिजली आपूर्ति बाधित



धनबाद : कतरास थाना क्षेत्र के छातावाद हदहदिया तालाब के किनारे लगा एक बिजली का पोल लगभग 20 फीट गहराई में धंस गया, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एरिया 3 जीएम सहित बिजली विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और पोल को निकालने तथा बिजली आपूर्ति को बहाल करने के लिए कार्य शुरू कर दिया गया है। लेकिन पोल नहीं निकाल पाए तो उसी जगह पर मिटी डाल कर भर दिया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, छातावाद हदहदिया तालाब के किनारे लगा बिजली का पोल अचानक जमीन में धंस गया। पोल के धंसने से बिजली की तारें भी टूट गईं, जिसके कारण पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया। घटना की सूचना तत्काल बिजली विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही एरिया 3 जीएम सहित बिजली विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल पोल को निकालने और बिजली आपूर्ति को बहाल करने के लिए कार्य शुरू कर दिया। कर्मचारियों ने बताया कि पोल को निकालने के लिए कोशिश किया गया लेकिन असफल रहा, स्थानीय लोगों की परेशानी बिजली गुल होने से स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली के बिना रहना मुश्किल हो रहा है। लोगों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति को बहाल करने की मांग की है।

### भाकपा माले का कतरास अंचल सम्मेलन हुआ संपन्न




**धनबाद** : भाकपा माले का कतरास अंचल सम्मेलन साव धर्मशाला लिलोरी स्थान में संपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के बतौर पोलित ब्यूरो सदस्य का हलधर महतो उपस्थित हुए। सम्मेलन में पर्यवेक्षक के बतौर जिला सहसचिव का कार्तिक प्रसाद मौजुद थे। सम्मेलन के पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल में कार्तिक महतो, कामता नोनिया,धानू देवी,सरस्वती देवी, टिन्कू पंडित की अध्यक्षता व संचालन भेरवनाथ महतो ने किया। सम्मेलन के पुर्व में का बिनोद लहरी,का जगरनाथ सिंह, का रुपलाल कुम्भकार को श्रद्धांजलि दी व सहित तमाम शहीदों के याद मे दो मिनट का मौन रखा गया। सम्मेलन का उद्घघाटन के बतौर मुख्य वक्ता का हलधर महतो ने कहा कि देश संकट के दौर से गुजर रहा है। हमारे देश के नागरिकों को जंजीरों में जकड़ कर अमेरिका के तानाशाह भेज रहा है। 56 इंच के तानाशाह चुप्पी साधे हुए है। विदेशमंत्री का ब्यान और भी शर्मनाक है कि अवैध प्रवासियों को अमेरिका का नीति के तहत बेड़िया ही है। केवल 104 नागरिकों का अपमान नही है पुरे देश के नागरिकों का अपमान है। आज हमारी पार्टी पुरे देश मे प्रतिवाद दिवस मना रही हैं। हम इस सम्मेलन के माध्यम से निंदा प्रस्ताव लाया जाना चाहिये। धनबाद जिला में बीसीसीएल के आउटसोर्सिग कंपनी के गुंडों के द्वारा मजदूरों किसानों पर बम गोलियां चला रही हैं। जिनकी जमीन पर कोयला खनन करती हैं। खरखरी की घटना के बाद कल जीनागौड़ा क्षेत्र में गोलियं चली कई किसान विस्थापित गंभीर रुप से घायल हुए हैं। झारखंड सरकार से मांग करते हैं कि बीसीसीएल प्रबंधन के साथ-साथ आउटसोर्सिग कंपनी के प्रबंधन पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजे।

### ब्रह्मर्षि परिवार के वार्षिक समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**बोकारो** : ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो का वार्षिक परिवार मिलन समारोह सह सहभोज का आयोजन सिटी पार्क वनभोज स्थल पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के वरीय सदस्य डॉ. टी. पी.सिंह , कमलेश राय, आदि ने सभी सदस्यों की उपस्थिति एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। एवं इसी प्रकार के सहयोग की अपील की।
डॉ. जगन्नाथ शाही अपने संबोधन में ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो के कार्यों की सराहना करते हुए कहा संस्था के द्वारा जो कार्य किया जा रहा हैं वह प्रशंसनीय है। सभी को इस पुनीत कार्य में हाथ बटाना चाहिए, आयोजक मंडल के वरीय सदस्य कमलेश राय ने अपने संबोधन में आगत सभी सदस्यों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर श्रीकांत जी, विवेक कुमार, एवं नरेंद्र कुमार जी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर खुब तालियां बटोरी, इस अवसर पर आयोजक मंडल सदस्य प्रेम कुमार, नग नारायण प्रसाद शाही, श्याम मनोहर सिंह , पीयूष राय, निरंजन शर्मा, संजय ठाकुर, दीनदयाल शर्मा , आदि ने ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे मे विस्तार पूर्वक बारी बारी से बताया ।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोडरमा :** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह रेलवे लाइन जयनगर रोड रेलवे पुल के समीप रविवार को ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पंजाब होटल के समीप रहने वाले सचिन कुमार उर्फ बजरंगी (23) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार उक्त युवक रेलवे ट्रैक से होकर अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में एक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना पुलिस और परिजनों ने मौके पर पहुंचकर घायल को युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

### अपनों की प्रतीक्षा में 48 घंटे से पड़ा है महिला का शव

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के न्यू बगीचा कॉलोनी, सौदागर मोहल्ला में मिली महिला की लाश 48 घंटों से परिजनों का इंतजार कर रही है। रविवार की शाम तक भी मृतका पुष्पा शुक्ला के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। वजह यह है कि जिस महिला को पुष्पा शुक्ला के नाम से बुलाया जा रहा है, उसकी असली पहचान क्या है वह मूल रूप से कहां की रहने वाली है और रामगढ़ में कैसे पहुंची। अभी तक जो कहानी पुलिस के पास है, उसे प्रमाणित करने वाला कोई भी व्यक्ति अभी तक सामने नहीं आया है। न्यू कॉलोनी बगीचा क्षेत्र में 30 वर्षीया पुष्पा शुक्ला की लाश फांसी के फंदे पर झूलती हुई मिली थी। शुक्रवार की रात उसकी सात वर्षीय बच्ची घर से रोती हुई निकली, तो मकान मालिक श्रीनिवास चौधरी और उनके घर वाले कमरे में घुसे। वहां पुष्पा की लाश देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी गई। जब पुलिस घर पर पहुंची तो पुष्पा के पति कुंदन शुक्ला उर्फ छोटू शुक्ला को भी तलाशने लगी। कुंदन शुक्ला अभी तक घर नहीं पहुंचा है और वह कहां है इसका पता किसी को नहीं है। पुलिस ने काफी खोजबीन की तो पता चला कि कुंदन शुक्ला हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्ला खपिया, अंबाजीत गांव का रहने वाला है। पुलिस ने कुंदन के पिता से पूछताछ की तो पता चला कि कुंदन 10 वर्ष पूर्व ही उन्हें छोड़कर चला गया है। इसके बाद उसने किससे शादी की और उसके कितने बच्चे हैं इसका पता किसी को नहीं है।

### पुत्री के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**कोडरमा :** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत सौतेले पिता के जरिये पुत्री के साथ मारपीट और दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपित पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बाबत थाना में नाबालिग के पिता रंजीत कुमार पर दुष्कर्म और मारपीट करने का आरोप लगा था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि गत आठ फरवरी को सौतेले पिता ने नाबालिग बेटी के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया था। इसे लेकर पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें कहा गया था कि 2016 में उनके पहले पति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद बच्ची की बेहतर परवरिश के लिए उन्होंने दूसरी शादी की थी। दूसरी शादी से उन्हें एक पुत्र और एक पुत्री भी हुई, लेकिन उनके दूसरे पति की बुरी नजर 15 वर्षीय सौतेली बेटी पर पड़ने लगी। करीब डेढ़ साल पहले जब बेटी ने मां से यौन शोषण की शिकायत की तो समाज की लोक-लाज के कारण मां ने बेटी को नानी के घर भेज दिया। हालांकि, कुछ दिन पहले आरोपी सौतेला पिता बेटी को जबरन नानी के घर से वापस ले आया और फिर से उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। पीड़िता ने दोबारा शिकायत किए जाने पर मां ने इस बार बाल संरक्षण इकाई और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

# पलामू में मंईयां सम्मान योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा
# 584 अपात्र लाभुकों से होगी राशि की वसूली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिले में मंईयां सम्मान योजना के तहत बड़ी संख्या में फर्जी लाभुकों का खुलासा हुआ है। प्रशासनिक जांच में 584 ऐसे लोग पकड़े गए हैं, जो इस योजना के पात्र नहीं थे। इनमें पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका समेत कई सरकारी प्रतिष्ठानों से जुड़े लोग शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया है कि कुछ लाभुकों की उम्र 50 वर्ष से अधिक है, जबकि योजना के तहत केवल पात्र लाभार्थियों को ही सहायता दी जानी थी। इसके अलावा, कई ऐसे लोग भी मिले हैं, जिन्होंने दो अलग-अलग बैंक






खातों से योजना का लाभ लेने का प्रयास किया था, लेकिन समय पर जांच के कारण उनके खाते में राशि नहीं भेजी गई।

पलामू जिले में मंईयां सम्मान योजना के 3,72,937 लाभुकों का सत्यापन किया जा रहा है। जिले के 21 प्रखंडों में जांच जारी है, जिसमें शुरूआती चार प्रखंडों की रिपोर्ट सामने आ गई है। प्रशासनिक जांच

| | |
|---|---|
| मेदिनीनगर सदर प्रखंड - | 189 फर्जी लाभुक |
| सतबरवा प्रखंड - | 170 फर्जी लाभुक |
| लेस्लीगंज प्रखंड - | 82 फर्जी लाभुक |
| रामगढ़ प्रखंड - | 143 फर्जी लाभुक |

**चार प्रखंडों में 584 फर्जी लाभुक पकड़े गए**

में पाया गया कि सरकारी कर्मचारियों के परिवार के लोग भी इस योजना का लाभ ले रहे थे। इसके अलावा, दोहरे लाभ के लिए कई लोगों ने अलग-अलग खातों से आवेदन किया था, लेकिन वे पकड़े गए। सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक विक्रम आनंद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में 584 फर्जी लाभुकों की पहचान हुई है और उनसे राशि की वसूली की जाएगी। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

### टेकाकर्मियों द्वारा मिलन समारोह सह वनभोज का किया गया आयोजन

**बोकारो :** सिटी पार्क मे जय झारखंड मजदूर समाज ठेका प्रकोष्ठ मे काम करने बाले ठेकाकमीर्यों द्वारा मिलन समारोह सह बनभोज का आयोजन किया गया जिसमे सेकडो मजदूरों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी ने अपने सम्बोधन मे मजदूरों को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि आपका संगठित और एकता हीं आपका ताकत है जिसके बलबूते पर आप अपना हक और अधिकार पा सकते हैं । यही कारण है कि आप अपने हक अधिकार को पाने मे सक्षम हो पाये है ।इसके बाद भी अभी 70% मजदूरो को न्यूनतम बेतन बैंक मे तो जाता है लेकिन ठेकेदार और इन्जीनियर ईन्चार्य गठजोड मिलकर उनसे 25,20% तो कहीं कहीं एस डब्लू मजदूर से 50% तक वापस लेने का काम कर रहा है। नहीं लोटाने पर उन्हे काम से निकाल दिया जाता है जिसके डर से मजदूर पैसा लौटाने को मजबूर है।

# हेसल गोल्डेन ट्राफी नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में नेवरी की टीम ने जीता फाइनल मैच






प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** हेसल में गोल्डेन ट्राफी नाईट क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया गया है यह टूनामेंट हेसल क्रिकेट क्लब की ओर से कि जा रही है 8 फरवरी को नेव री बनाम मासु मंजिला टोली के मैच खेला गया जिसमें नेवरी के टीम ने जीत हासिल किया और उस टीम को प्रथम पुरस्कार 31000 हजार रूपए और द्वितीय पुरस्कार मासु महिला टोली को21000 हजार रूपए दिया गया इस गोल्डेन ट्राफी नाईट टूनामेंट में अतिथि अन गडा थाना प्रभारी हीरा लाल साह जिला परिषद अनुराधा मुंडा प्रमुख दीपा उरांव उप प्रमुख जय पाल हजाम भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू डॉ अमर कुमार चौधरी जल नाथ चौधरी राम पो दो महतो आतिश महतो सुनील महतो शिवलाल महतो राम शाय मुंडा मजबुल खान आदि शामिल थे । इस खेल के मुख्य संरछक मुस्तफा अंसारी, कविता देवी, रामपोदो महतो, रामेश्वर महतो, अध्यच मिन्हाज अंसारी, कोषाध्यच जबारुल अंसारी, सचिव महमूद अंसारी, खेल प्रभारी साबिर हसन, अमीरूल अंसारी, है। मौके पर असफाक अंसारी, अशरफुल अंसारी, अमीरूल अंसारी, सकील अंसारी, अजीज अंसारी, अख्तर अंसारी, महबूब अंसारी, शाहिद अंसारी, मोजीब अंसारी, फिरोज अंसारी, अख्तर अंसारी, आदि शामिल थे।

# सरना समाज की संस्कृति और परंपरा को नष्ट करने की हो रही है साजिश : कोचे मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** तोरपा में पेसा कानून और झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 पर कार्यशाला का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक और सरना समाज के वरिष्ठ नेता कोचे मुंडा ने कहा कि हमारी प्राचीन और रुढ़िवादी व्यवस्था के साथ ही सरना समाज पर इन दिनों चौतरफा हमला हो रहा है। कुछ षडयंत्रकारी हमारी संस्कृति, सभ्यता और परंपरा को नष्ट करने की साजिश कर रहे हैं। हमें ऐसे तत्वों से सावधान रहने और पूरे सरना समाज को संगठित करने की जरूरत है। पूर्व विधायक ममरला में भेंगराज पड़हा राजागढ़ जापुद के तत्वावधान में पेसा कानून और झारखंड पंचायती




राज अधिनियम 2001 पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुंडा ने कहा कि यदि सरना समाज संगठित होकर अपनी संस्कृति और रुढ़िवादी परंपरा को बचाने के लिए आगे नहीं आयेगा, तो भविष्य में कई तरह के खतरे का सामना हमें करना पड़ सकता है। कार्यशाला के मुख्य अतिथि केंद्रीय सरना समिति के जिलाध्यक्ष भीमराय मुंडा ने महिलाओं और युवाओं को पड़हा व्यवस्था, रुढ़िवादी सामाजिक व्यवस्था, धार्मिक व्यवस्था में पूजा-पाठ के अलावा , न्यायिक व्यवस्था की जानकारी दी। झारखंड पंचायती राज अधिनियम में रूढ़िवादी परंपरा के संबंध में भी भीम मुंडा ने विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पांचवी और छठी अनुसूची एवं पेसा तथा पी पेसा कानून के बारे में कार्यशाला में विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष रेड़ा मुंडा ने की। मौके पर सनिका मुंडा, महेंद्र बरला, बुधराम हेंब्रम, भीम सिंह मुंडा मुंडा, घसीराय मुंडा, जीतू पाहन, एतवा पाहन, बिरसा मुंडा, विनोद पाहन, राली पाहन, बुधराम मुंडा, भोदो पाहन, गिधराय पाहन, मोगला मुंडा, कुंती देवी, मीना मुंडा, कलमती मुंडा, पूनम भेंगरा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरकार की जन कल्याणकारी योजना हर घर के गरीबों को मिल रहा है : मंटु

**बोकारो :** पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा बोकारो रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में सदस्यता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान की शुरूआत महानगर संयोजक प्रमुख मंटू यादव द्वारा की गई। मंटू यादव ने इस अवसर पर कहा कि रेलवे कॉलोनी बोकारो महानगर क्षेत्र में झामुमो का प्रयास है सभी वर्ग को जोड़ते हुए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। मंटू यादव ने हेमंत सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की जन कल्याणकारी योजना हर घर की गरीबों को मिल रहा है, जिससे सरकार की लोकप्रियता और विश्वास में लगातार वृद्धि हो रही है ।सदस्यता अभियान के दौरान बड़ी संख्या में लोग झामुमो से जुड़े और पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की।

# तेलंगा खड़िया से प्रेरणा लेकर अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करने की जरूरत : जोसिमा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** पालकोट के बैघमा में वीर शहीद तेलंगा खड़िया की 219 वीं जयंती रविवार को मनायी गई। मौके पर विधि-विधान से पूजा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। उन्होंने तेलंगा खड़िया की प्रतिमा पर मल्यापण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जोसिमा खाखा ने कहा कि वीर शहीद तेलंगा खड़िया अंग्रजो के खिलाफ तथा जमींदारी प्रथा के खिलाफ लड़ाई-लड़ते शहीद हो गए थे। उन्होंने कहा कि आज समाज को तेलंगा खडिया से प्रेरणा लेकर अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष करने की जरुरत




बतलाई। उन्होंने कहा कि तेलंगा खडिया इस क्षेत्र की पहचान है। जोसिमा ने कहा कि तेलंगा खडिया अंग्रेजो के खिलाफ युद्ध के दौरान 23 अप्रैल 1880 को अंग्रेज के एक दलाल ने तेलंगा को गोली मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई थी। कार्यक्रम को पालकोट राजा आनंद राज सिंह देव ने भी संबोधित किया।

### समाज मे फैल रही बुराइयों को दूर करने की दिशा में भी मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत

**सिमडेगा :** सोगड़ा पल्ली में रविवार को धर्मप्रान्तीय काथलिक महिला संघ, काथलिका सभा एवं युवा संघ की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में जुबली समारोह का मूल्यांकन किया गया। साथ ही होने वाले काथलिक महिला सम्मेलन पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित काथलिका महिला संघ की सभानेत्री सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि हम सभी को ऐसे ही एकजुट रहना है। साथ ही समाज मे फैल रही बुराइयों को दूर करने की दिशा में भी मिलजुल कर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने संघ की मजबूती को लेकर भी अपने विचार रखे। वहीं सोगड़ा चर्च की नींव को मजबूत करने में एवं चर्च की स्थापना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले असम से आये फा अलोवीस बेक का जोरदार तरीके से स्वागत किया। मौके पर तीर्थ यात्रा पर गुमला बरडीह से पहुंचे तीर्थ यात्रियों का भी जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। बैठक को फा अलोवीस बेक, पल्ली पुरोहित फा सिल्बानुश केरकेट्टा ने भी सम्बोधित किया। बैठक में फा प्रदीप लकड़ा, लुसियन मिंज, उर्मिला केरकेट्टा, प्रतिमा मिंज आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रशासन ने दी चेतावनी, अफीम की खेती करने वालों की खैर नहीं



खूंटी : उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर रविवार को मुरहू प्रखंड के बुरजू, बुरुहातू समेत अन्य ग्रामीण इलाकों जिला प्रशासन ने अभियान चलाकर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया । अभियान के दौरान ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों की मदद से बड़ी मात्रा में अवैध फसल नष्ट की गई। इस कार्रवाई में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा स्थानीय लोगों को अवैध अफीम की खेती से होनेवाले कानूनी और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा उन्हें वैकल्पिक और लाभकारी खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध अफीम की खेती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शाम-ए-गजल के साथ जयंती पर याद किए गए मखमली आवाज के जादूगर जगजीत सिंह



**बोकारो :** मखमली आवाज के जादूगर और गजलों के बेताज बादशाह स्व. जगजीत सिंह की जयंती पर शनिवार देरशाम बोकारो के जैनामोड़ में उन्हें सुरमयी स्मरणांजलि दी गई। आर्यन इंफ्रा मूवी के बैनर तले कलाकार, समाजसेवी एवं प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ. सी. के. ठाकुर के संयोजन में जैनामोड़ स्थित होटल आर्यन इंटरनेशनल में शाम-ए-गजल का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोकारो के जगजीत के रूप में ख्याति-प्राप्त वरिष्ठ संगीतज्ञ एवं शिक्षक जेपी सिन्हा ने जगजीत साहब के गाए एक से बढ़कर एक गजलों की झड़ी लगाकर समां बांध दिया और उनकी प्रस्तुतियों से उपस्थित श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठे। अपनी पेशकश की शुरूआत उन्होंने बात निकलेगी तो फिर दूर तलक जाएगी से की। इसके बाद हजारों ख्वाहिशें ऐसी कि हर ख्वाहिश पे दम निकले, आपको देखकर देखता रह गया, जग ने छीना मुझसे मुझे जो भी लगे प्यारा..., तुमको देखा तो ये ख्याल आया, होशवालों को खबर क्या सहित जगजीत जी के गाए सुपरहिट गजलों की भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी की भरपूर तालियां बटोरी। श्रोताओं ने उनकी गायकी में जगजीतजी के छाप को पाकर आनंद का अनुभव किया। श्री सिन्हा के साथ की-बोर्ड पर महेश, तबले पर निमेष राठौर, ओक्टापैड पर मनोज और गिटार पर राहुल ने सुंदर संगत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। इसके पूर्व, शुरूआत में कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ठाकुर ने जगजीत सिंह को नमन करते हुए उनकी गायकी की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जगजीत जी ने गजल गायकी को न केवल एक नई पहचान दी, बल्कि इसे सरलता के साथ आमलोगों तक पहुंचाया। उन्होंने गजलों में आधुनिकता को जोड़ा, भावुकता और सरलता को अपनाया तथा गजल-गायन में दर्द, प्यार, यातना और उम्मीद जैसे भावों को बखूबी व्यक्त किया। वे भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी गायकी, उनकी सुरीली आवाज हमेशा हमारे जेहन में जिन्दा रहेगी।

### शिविर में दो सौ ग्रामीणों की हुई स्वास्थ्य जांच




**खूंटी :** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार कें सौजन्य से रविवार को श्री विद्या मंदिर कुदरी, तोरपा में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग झारखंड के वरिष्ठ प्रशिक्षक प्रवीण कुमार के प्रयास से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में रांची के अलावा जमशेदपुर के भी चिकित्सकों ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की। जरूरतमंदो के बीच दवा का नि:शुल्क वितरण किया गया। शिविर में लगभग 200 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में डॉ रिषभ , डॉ अक्षय भारद्वाज, डॉ शशांक भारद्वाज और डॉ संजीत , डॉ सुमोना माजी , डॉ गजेंद्र कुमार, डॉ शंकर खलखो, डॉ विशु विवेक , डॉ निहारिका सुप्रिया समेत मुस्तफा अंसारी, रमोला पूर्ति, हीरालाल चौधरी आदि स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सेवा प्रदान की। मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि आज की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में अधिकतर लोग घर-परिवार की जिम्मेदारियों में उलझ कर अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए समय नहीं निकाल पाते। सही चेकअप और इलाज न होने से लोग कई तरह की बीमारियों से परेशान रहते हैं। ऐसे में हमारी एक छोटी सी पहल से अगर किसी ग्रामीण के स्वास्थ्य में सुधार होता है तो इससे बड़ी सेवा और क्या हो सकती है। वैसे भी आर्ट ऑफ लिविंग परिवार पिछले 25 साल से अधिक वर्षों से झारखंड के हर क्षेत्र में सोशल सेवा के रूप में कार्य कर रही है और आगे भी ऐसे ही सेवाएं होती रहेंगी। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग प्रशिक्षक बेबी कुमारी, सोनाराम महतो, संगीता झा, प्रकाश कुमार, युगल किशोर , आदित्य बियानी, मृदुला बियानी, रजनी उपाध्याय, सुलोचना सिंह, अर्चना सुरीन, मीरा कुमारी, बिमला तिग्गा, रेणु जायसवाल, पूजा भेंगिआ, विकास महतो, विवेक, सानिक, जीतेन आदि उपस्थित थे।

### एबीवीपी का हंटरगंज नगर इकाई का हुआ पुनर्गठन

**चतरा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चतरा जिले के हंटरगंज नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को विभाग संगठन मंत्री विक्रम सिंह राठौर, जिला संयोजक मुन्ना यदुवंशी ने युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में उपस्थित हजारीबाग विभाग संगठन मंत्री विक्रम सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तृत जानकारी तथा एबीवीपी के गतिविधि, आयाम, एवं कार्यों की जानकारी दी। बताया गया कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से निरंतर अविराम छात्र हित एवं समाज हित के लिए राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की धारणा के साथ कार्य करते आ रहा है एवं अभाविप प्रत्येक वर्ष नयी कार्यकारिणी की घोषणा करता है।

# रेपो दर में कमी के साथ ही भारत में ब्याज दरों के नीचे जाने का चक्र प्रारम्भ



प्रहलाद सबनानी

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकलन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-45 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 6.4% की रहेगी और वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 6.7 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगी। इस वर्ष खरीफ की फसल बहुत अच्छे स्तर पर आई है एवं आगे आने वाली रबी की फसल भी ठीक रहेगी क्योंकि मानसून की बारिश अच्छी रही थी और देश के जलाशयों में, क्षमता के अनुसार, पर्याप्त पानी इन जलाशयों में उपलब्ध है, जिसे कृषि सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जा रहा है और जो अंततः कृषि की पैदावार को बढ़ाने में सहायक होगा।

भारतीय रिजर्व बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री संजय मल्होत्रा ने अपने कार्यकाल की प्रथम मुद्रानीति दिनांक 7 फरवरी 2025 को घोषित की। अभी तक प्रत्येक दो माह के अंतराल पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा घोषित की गई मुद्रा नीति के माध्यम से लिए गए निर्णयों का देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने में विशेष योगदान रहा है। हालांकि पिछले लगभग 5 वर्षों में रेपो दर में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है। मई 2020 में अंतिम बार रेपो दर में वृद्धि की घोषणा की गई थी। इसके बाद घोषित की गई 29 मुद्रा नीतियों में रेपो दर को स्थिर रखा गया है और यह अभी भी 6.5 प्रतिशत के स्तर पर कायम है। परंतु,अब फरवरी 2025 माह में घोषित की गई मुद्रा नीति में रेपो दर में 25 आधार बिंदुओं की कमी करते हुए इसे 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत पर लाया गया है। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक को देश में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रण में रखने हेतु मेंडेट दिया गया है और इस मेंडेट पर ध्यान रखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने देश में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में रखने में सफलता भी पाई है। परंतु, वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर घटकर 5.2 प्रतिशत एवं 5.4 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। अतः देश में आर्थिक विकास की दर पर भी अब विशेष ध्यान देने की आवश्यकता प्रतिपादित हो रही थी, इसीलिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 25 आधार बिंदुओं में कमी की घोषणा की है। रेपो दर में कमी करने का उक्त निर्णय मुद्रानीति समिति के समस्त सदस्यों ने एकमत से लिया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के आंकलन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-45 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 6.4% की रहेगी और वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 6.7 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगी। इस वर्ष खरीफ की फसल बहुत अच्छे स्तर पर आई है एवं आगे आने वाली रबी की फसल भी ठीक रहेगी क्योंकि मानसून की बारिश अच्छी रही थी और देश के जलाशयों में, क्षमता के अनुसार, पर्याप्त पानी इन जलाशयों में उपलब्ध है, जिसे कृषि सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जा रहा है और जो अंततः कृषि की पैदावार को बढ़ाने में सहायक होगा। इससे ग्रामीण इलाकों में उत्पादों की मांग में वृद्धि देखी गई है। हालांकि शहरी इलाकों में उत्पादों की मांग में अभी भी सुधार दिखाई नहीं दिया है। परंतु हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा मध्यमवर्गीय करदाताओं को आय कर में दी गई जबरदस्त छूट के चलते आगे आने वाले समय में शहरी क्षेत्रों में भी उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होगी और विनिर्माण क्षेत्र में कार्यरत औद्योगिक इकाईयों की उत्पादन वृद्धि दर तेज होगी। सेवा क्षेत्र तो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर ही रहा है। प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ मेले में धार्मिक पर्यटन के चलते देश की अर्थव्यवस्था में लगभग 2 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त योगदान होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार, भारत की आर्थिक विकास दर के वित्तीय वर्ष 2023-24 में लगभग 7 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगभग 8 प्रतिशत रहने के प्रबल सम्भावना बनती है। भारतीय रिजर्व बैंक का आंकलन उक्त संदर्भ में कम ही कहा जाना चाहिए।




इसी प्रकार मुद्रा स्फीति के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.8 प्रतिशत एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में घटकर 4.2 प्रतिशत रह सकती है। भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों के महंगे होने के चलते ही बढ़ती है, जिसे ब्याज दरों को बढ़ाकर नियंत्रण में नहीं लाया जा सकता है। हेडलाइन मुद्रा स्फीति की दर अक्टूबर 2024 में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी परंतु उसके बाद से लगातार नीचे ही आती रही है। इसी प्रकार, कोर मुद्रा स्फीति की दर भी लगातार नियंत्रण में बनी रही है। केवल खाद्य पदार्थों में के महंगे होने के चलते उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई पर दबाव जरूर बना रहा है। इस प्रकार महंगाई दर के नियंत्रण में आने से अब भारत में ब्याज दरों में कमी का दौर प्रारम्भ हो गया है। आगे आने वाले समय में भी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कमी की घोषणा की जाती रहेगी ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है और दिसम्बर 2025 तक रेपो दर में लगभग 100 आधार बिंदुओं की कमी की जा सकती है और रेपो दर घटकर 5.25 प्रतिशत तक नीचे आ सकती है। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक का कहना है कि देश में आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर रेपो दर में परिवर्तन के बारे में समय समय पर विचार किया जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने नीति उद्देश्य को भी निष्पक्ष रखा है परंतु चूंकि ब्याज दरों में अब कमी करने का चक्र प्रारम्भ हो चुका है अतः इसे उदार रखा जा सकता था। इसका आशय यह है कि आगे आने वाले समय में भी रेपो दर में कमी की सम्भावना बनी रहेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी की घोषणा के बाद अब विभिन्न बैंकों को ऋणराशि पर ब्याज दरों को कम करते हुए ऋणदाताओं को लाभ पहुंचाने के बारे में शीघ्रता से विचार करना चाहिए जिससे आम नागरिकों द्वारा बैंकों को अदा की जाने वाली किश्तों एवं ब्याज राशि में कुछ राहत महसूस हो सके। इससे अर्थव्यवस्था में भी कुछ गति आने की सम्भावना बढ़ेगी।

दिसम्बर 2024 माह में देश में तरलता में कुछ कमी महसूस की जा रही थी और बैंकों के पास ऋण प्रदान करने योग्य फंड्ज की कमी महसूस की जा रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने तुरंत निर्णय लेते हुए आरक्षित नकदी अनुपात (उफ्फ) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया था, जिससे बैंकों की तरलता की स्थिति में कुछ सुधार दृष्टिगोचर हुआ था। बैंकों के लिए इसे अधिक सरल बनाने की दृष्टि से जनवरी 2025 में भी भारतीय रिजर्व बैंक ने लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपए बांड्ज विभिन्न बैंकों से खरीदे थे ताकि इन बैंकों की तरलता की स्थिति में और अधिक सुधार किया जा सके और बैंकिंग सिस्टम में तरलता की वृद्धि की जा सके। उक्त वर्णित उपायों का परिणाम यह है कि आज भारतीय बैंकों का ऋणःजमा अनुपात 80.8 प्रतिशत के स्तर पर बना हुआ है और बैंकों की लाभप्रदता में भी लगातार सुधार होता दिखाई दे रहा है। विभिन्न बैंकों द्वारा अभी तक घोषित किए गए परिणामों के अनुसार, बैंकों ने लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपए का लाभ घोषित किया है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जरूर परिस्थितियां अभी भी अस्थिर बनी हुई हैं और वैश्विक स्तर पर रुपए पर दबाव बना हुआ है। अभी हाल ही में डॉलर इंडेक्स 109 के स्तर तक पहुंच गया था और 10 वर्षीय यू एस बांड यील्ड भी 4.75 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, इससे अन्य देशों की मुद्राओं पर दबाव बढ़ता जा रहा है और आज अमेरिकी डॉलर के मुकाबले में रुपए की कीमत अपने निचले स्तर 87.66 पर पहुंच गई थी। परंतु, आगे आने वाले समय में अमेरिका में भी यदि ब्याज दरों में कमी की घोषणा होती है तो भारत में भी ब्याज दरों में कमी का चक्र और भी तेज हो सकता है। ब्रिटेन एवं कुछ अन्य यूरोपीयन देशों ने भी हाल ही के समय में ब्याज दरों में कमी की घोषणा की है। चूंकि अब कई देशों में मुद्रा स्फीति नियंत्रण में आ चुकी है अतः अब लगभग समस्त देश ब्याज दरों में कमी की घोषणा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे अब आने वाले समय में इन देशों में आर्थिक विकास दर में कुछ तेजी आते हुए भी दिखाई देगी। अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने के चलते अमेरिका के शेयर बाजार में केवल जनवरी 2025 माह में ही 15,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि निवेशकों द्वारा डाली गई है, जबकि भारत के शेयर बाजार से 2.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा निकाली गई है, इससे भी भारतीय रुपए पर दबाव बना हुआ है। परंतु भारतीय रिजर्व बैंक को शायद आभास है कि यह समस्या अस्थायी है एवं भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता में सुधार होते ही विदेशी संस्थागत निवेशक पुनः भारतीय शेयर बाजार में अपने निवेश को बढ़ाएंगे। अमेरिका एवं चीन के बीच छिड़े व्यापार युद्ध का प्रभाव भी भारत पर सकारात्मक रहने की सम्भावना है क्योंकि इससे यदि चीन से अमेरिका को निर्यात कम होते हैं तो सम्भव हैं कि भारत से अमेरिका को निर्यात बढ़ें। भारत से निर्यात बढ़ने पर भारतीय रुपए पर दबाव कम होने लगेगा, जिससे भारतीय रिजर्व बैंक को भारत में रेपो दर को कम करने में और अधिक आसानी होगी।

(सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संपादकीय

### आखिरकार पांच साल बाद आरबीआई ने कर दी रेपो दर में कटौती

भारतीय रिजर्व बैंक ने आखिरकार लंबे इंतजार के बाद, रेपो दर में पच्चीस आधार अंक की कटौती की है। करीब पांच वर्ष पहले चालीस आधार अंक की कटौती की गई थी, जिससे ब्याज दर चार फीसद पर पहुंच गई थी। मगर बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के मकसद से तीन वर्ष पहले थोड़े-थोड़े अंतराल पर पांच बार पच्चीस-पच्चीस आधार अंकों की बढ़ोतरी की गई, जिससे ब्याज दर साढ़े छह फीसद पर पहुंच गई। तब से यह दर इसी स्तर पर बनी हुई थी। रेपो दर ऊंची होने का असर बैंकों से लिए गए कर्ज के ब्याज पर पड़ रहा था। जिन लोगों ने मकान, वाहन या किसी रोजगार के लिए कर्ज लिए हैं, उन्हें अधिक ब्याज चुकाना पड़ रहा था। इसलिए मांग की जा रही थी कि रेपो दर में कटौती की जाए। मगर रिजर्व बैंक इस दिशा में कदम बढ़ाने से इसलिए हिचक रहा था कि महंगाई पर काबू पाना चुनौती बना हुआ था। अब महंगाई का रुख कुछ नीचे की तरफ नजर आने लगा है। अगले वित्त वर्ष में इसके चार फीसद के आसपास रहने का अनुमान है। रिजर्व बैंक का लक्ष्य भी यही है कि महंगाई को चार फीसद के आसपास समेट दिया जाए। स्वाभाविक ही, रेपो दर में कटौती से मकान, वाहन आदि के लिए कर्ज पर ब्याज का बोझ कुछ कम होगा। दरअसल, केंद्रीय दर में बढ़ोतरी इसलिए की जाती है कि बाजार में पूंजी के प्रवाह को रोका जा सके, मांग घटे, ताकि महंगाई की दर नीचे उतरनी शुरू हो जाए। इसलिए रेपो दर में कटौती से बाजार में पूंजी का प्रवाह कुछ बढ़ सकेगा। इस तरह मांग भी कुछ बढ़ेगी। मगर देखने की बात है कि केवल पच्चीस आधार अंक की कटौती से बाजार में छाई सुस्ती कितनी टूट पाएगी। दरअसल, बैंकों का कारोबार भी काफी मंद पड़ा हुआ है। इसलिए वे एकदम से रेपो दर में हुई कटौती का लाभ अपने ग्राहकों को देना शुरू कर देंगे, कहना मुश्किल है। लंबे समय से रेपो दर ऊंची रहने से लोगों ने वाहन और मकान वगैरह खरीदने से हाथ रोक रखा था, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि फिर से लोग इन क्षेत्रों की तरफ आकर्षित होंगे।

## चिंतन-मनन

### समय का चक्र

जब तुम्हें लगता है कि समय बहुत कम है, तुम या तो बेचैन होते हो या अत्यन्त सजगता की अवस्था में होते हो। दुखी या उत्सुक होने पर तुम्हें समय बहुत लम्बा लगता है। जब तुम प्रसन्न हो और जो कुछ कर रहे हो, उसमें आनंद आ रहा है, तब तुम्हें समय का आभास नहीं होता। इसी प्रकार, नींद में भी तुम्हें समय का आभास नहीं होता। जब तुम समय से आगे हो, समय कटता ही नहीं और नीरसता अनुभव होती है। जब समय तुम्हारे आगे है, तब तुम आश्चर्यचकित और स्तब्ध होते हो। तुम घटनाओं को आत्मसात नहीं कर पाते। गहन ध्यान में तुम ही समय हो और सब कुछ तुम्हारे ही अह-दर घटित हो रहा है। घटनाएं तुममें ऐसे घट रही हैं, जैसे आसमान में बादल गुजरते हैं।

जब तुम समय के साथ होते हो, तुम ज्ञानी हो, तुम्हारा मन शांत है। जब मन प्रसन्न होता है, तब वह विस्तृत होता है, तब समय भी बहुत छोटा लगता है। जब मन दुखी होता है, संकुचित होता है, तब समय बहुत लंबा प्रतीत होता है। जब मन समचित्त है, स्थिर है, तब वह काल के परे है। इन दोनों स्थितियों से बचने के लिए कई व्यक्ति शराब या निद्रा का सहारा लेते हैं, परंतु जब मन जड़ या बेसुध होता है, तब वह अपनी ही अनुभूति नहीं कर सकता। समाधि ही असल शांति है, जो मन और समय के परे है।

जैसे मन समय को अनुभव करता है, वैसे इस क्षण का भी अपना एक मन है। एक विराट मन, जिसमें व्यवस्था करने की अपरिमित और असीम योग्यता है। एक विचार और कुछ नहीं, समय के इस क्षण में एक तरंग है और समाधि के कुछ ही पल मन को ऊर्जा से भर देते हैं। निद्रावस्था के पहले और जिस पल तुम नींद से जगाते हो, सचेतनता के उन धूमिल क्षणों में, समय के परे जाने का अनुभव करो। जीवन साकार व निराकार का मिशण्है। भावनाओं का कोई आकार नहीं परंतु उनकी अभिव्यक्ति साकार होती है। आत्मा का कोई रूप नहीं परंतु उसका निवास साकार में है। इसी तरह, ज्ञान और कृपा का भी कोई रूप नहीं, लेकिन उनकी अभिव्यक्ति किसी रूप द्वारा ही होती है। निराकार को हटा देने से तुम जड़ बनते हो- सांसारिक और संवेदनशील। आकार को छोड़ देने से तुम एक भ्रमित तपस्वी, अत्यधिक सपने देखने वाले या भावनात्मक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति बन जाते हो।

# देश की रक्षा बहुत जरुरी



संजय गोस्वामी

अमेरिका में अवैध प्रवासी घोषित किए गए 104 भारतीय नागरिकों को भारत वापस भेज दिया गया है। अमेरिकी सेना के खास विमान में इन सभी भारतीयों को अपराधियों की तरह हाथ-पैर बांधकर भारत लाया गया। भारतीय नागरिकों को इस तरह से वापस भेजना भारत में बहस का विषय बना हुआ है। इसी बीच नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास की ओर से बयान जारी किया गया है। यह अमानवीय है खासकर महिलाओ हेतु हथकड़ी उसे पहनाया जाता है जो बहुत ही क्रूर होता है भारत में कितने अवैध तरीके से रह रहें है भारत ऐसा क्यों नहीं करता दरअसल वाईडेन के शासन इतना जुल्मी नहीं था इससे अपने देश की छवि खराब हुई है ऐ मामला सिर्फ भारत का नहीं है और देशों का भी है जो भारत से बहुत ही छोटा है फिर भी अपने नागरिक को अपना विमान भेजकर वापस बुला लिया ऐ डंकी रुट से गए जो अवैध है लेकिन इस तरह कातिल जैसा वर्ताव करना हर भारतीय के लिए पीड़ादाई है आप महाकुम्भ 25 में हजारों करोड़ का बजट लेते है इतना भी पैसा नहीं था कि अपना प्लेन भेज कर बुला लें किसी की हत्या करने तो नहीं गए थे अपने रोजगार के लिए गए थे चूंकि बायडेन अपनी उम्र के कारण नरम रहते थे और सरकार को लगा अमेरिका मेरे सामने क्या है और जब ट्रम्प आए तो सबके होश उड़ गए चूंकि भारत की डिप्लोमेसी गलत है जब रसिया और उक्रेन में युद्ध हो रहा था भारत को तटस्थ नहीं रहना चाहिए था औरपुतिन सरकार को पूरी मदद करनी चाहिए क्योंकि जब देश पर किसी ने हमला किया तो रशिया ही उसकी मदद की वो उक्रेन से युद्ध कर सही या गलत कर रहा ऐ सोचना मेरा काम नहीं लेकिन जब आपके बुरे वक़्त में साथ दे रहा है तो हमें भी उसका साथ देना चाहिए ताकि वक़्त पड़ेगा तो अमेरिका तो मदद करने से रहा अब रशिया भी यह कहकर निकल जायेगा कि हम तटस्थ हैं तब कौन साथ देगा ना तो नाटो का सदस्य है ना हि अपने पास उतनी ताकत है कि किसी भी छोटे देश को हराये क्योंकि छोटे देश की मिलिट्री पावर उतना है नहीं लेकिन उसके पीछे खड़ा होता है कोई चीन ऐसा शक्तिशाली देश, चीन, पाकिस्तान से घिरे थे अब बांग्लादेश भी आँखे दिखा रहा है था ताकत तो वहाँ हो रहे हिन्दू पर हमला को रोकवा सकते थे महाकुम्भ देश के लिए उतना जरुरी नहीं लेकिन देश की एकता अखंडता बहुत जरुरी है देशप्रेम से बढकर कोई पूजा नहीं अपनी मात्र भूमि की रक्षा करना सबसे पहला कर्तव्य है जो दिखती तो नहीं है लेकिन किसी भी देश के आँख दिखाने पर उसका आँख निकालना जरुरी है मैंने पहले भी कई बार लिख चूंका हूँ देश की सेवा, औ? उसके सम्मान की रक्षा करना पहला कर्तव्य है औ? जब आपस में ही मतभेद रखेंगें तो इसका फायदा दूसरा देश उठा सकता है अतः भारत को जो रसिया ने मदद किया उसके साथ मिलकर उसको मदद करनी चाहिए भाई बात समझें अगर किसी ने आपका गला दबा दिया औ? कोई बचाने आता है तो आप थोड़े ना उसके काम से मतलब रखोगे वक़्त में अच्छा औ? बुरा कोई भी हो हमारी मदद करेगा हम मुकर नहीं सकते उसकी मदद करना चाहिए क्योंकि आज पूर्ण विश्व में दो ही ताकतवर देश है अमेरिका औ? रशिया अतः एक सच्चा पार्टनर रशीया है तो उसके बुरे दौर में मदद करना अपना दायित्व बनता है ऐसी हमारी विदेश नीति होनी चाहिए जो पहले से आपका समारिक पार्टनर है उसको सपोर्ट करना ना कि तटस्थ रहना ना इसधर ना उधर ये बात पुतिन को जरूर चुभी होंगी औ? बाद में मालूम होगा कि सही दोस्त कौन है महाकुम्भ 25 में इतना ताम झाम दिखाये गए कि बड़ा पुण्य मिलेगा लेकिन जब देश की रक्षा की बात आएगी तो सेना ही शहीद होता है वहाँ से आने वाले श्रद्धांलू को वहाँ से आने के बाद पॉकिट खाली हुआ है कुछ बीमार, व ठंड के कारण उल्टी बुखार औ? खासी हो रही है यानि वहाँ जेब कटा तो कटा अब बच्ची हुई रकम डॉक्टर को दीजिये।

# दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी



ललित गर्ग

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश एवं गुड गवर्नेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़े गये और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला एवं उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी है। दिल्ली में 11 साल के बाद डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली की बुनियादी समस्याओं का हल होते हुए दिख रहा है, बल्कि दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखे जाने की शुभ शुरूआत हो रही है। अब दिल्ली में न केवल वायु प्रदूषण दूर होगा, बल्कि यमुना नदी का प्रदूषण दूर करते हुए उसका कायाकल्प किया जायेगा। चुनाव परिणामों में आम आदमी पार्टी चुनाव को जिस तरह की हार का सामना करना पड़ा है उससे आप सिर्फ सत्ता से ही बेदखल नहीं हो रही बल्कि आप एवं केजरीवाल के राजनीतिक जीवन पर भी ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिये भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने एवं सत्ता में वापसी का सपना बूरी तरह पस्त हो गया है।

दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास एवं मुक्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। दिल्ली में मुस्लिम बहुल इलाके हों, गांधी नगर जैसे कारोबारी क्षेत्र हों या फिर पूर्वी दिल्ली का पटपड़गंज हो, या मुस्तफाबाद जैसे पिछडे. इलाके सभी जगहों पर आप को करारा झटका लगा है। हिन्दुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी-शाह की जोड़ी ने करिश्मा कर दिखाया है। आप एवं कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हार ने तय किया कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार एवं बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली के विकास मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, उसी दिल्ली की दुर्दशा, उससे जुड़े झूठे बयानों एवं तथ्यों के कारण आप हारी है।. इस तरह केजरीवाल की राजनीति पर मतदाताओं ने सवालिया निशाने लगा दिये हैं। केजरीवाल के लिये इन चुनाव परिणाम के बाद संकट के पहाड़ खड़े होने वाले है। जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए। शराब यानी धन-दौलत से वास्ता हो गया। अन्ना ने कहा कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार को आचार शुद्ध होना, विचार शुद्ध होना, जीवन निष्कलंक और त्याग होना जरूरी है। अगर ये गुण उम्मीदवार में हैं तो मतदाताओं को उन पर विश्वास होता है। लेकिन केजरीवाल एवं आप के उम्मीदवारों में ये गुण दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते हैं, यही आप की करारी हार का कारण बना है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की परिस्थितियों में बड़ी समानता रही हैं, पर हेमंत की तरह केजरीवाल दिल्ली की जनता का दिल जीतने में नाकामयाब रहे। दिल्ली में आप की हार केजरीवाल के लिए एक बड़ा व्यक्तिगत झटका है, जिससे राजनीति में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली का असर पंजाब की सियासत पर भी पड़ेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर अरविंद केजरीवाल की योजना धुंधली पड़ जायेगी। इंडिया गठबंधन के जो दल कांग्रेस के बजाय आम आदमी पार्टी के साथ खड़े थे, वो फिर से दूरी बनाते नजर आएंगे। इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को भी आइना दिखा दिया है। उसने जिस तरह से भारत की ह्यसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्ल की भावना को दबाया, सनातन परंपरा को दबाया एवं मोदी विरोध के नाम पर देश-विरोध पर उतर आयी, यही मूल्यहीन राजनीति उसकी हार का कारण बनी। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन दिखाई दी कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति करती रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेला। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉर्मूला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार बना और यही उसको रसातल में ले जाने का बड़ा कारण बना है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दर्शाती रही है, जो उसके हार को सुनिश्चित करने का बड़ा कारण बना। एक राष्ट्रीय दल, सबसे पुराना दल, पांच दशकों तक देश पर शासन करने एवं दिल्ली में लगातार तीन बार सत्ता में रहने वाले दल को एक-दो सीटों पर ही उसकी जीत होना उसकी हास्यास्पद एवं लगातार कमजोर होने की स्थितियों को ही दर्शा रहा है। दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया था, इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं रहा, कांग्रेस के सपने टूट कर बिखर गये। कांग्रेस की दिल्ली में दुर्दशा ने लगभग तय कर दिया है कि मतदाता की नजरों में उसकी क्या अहमियत है? कांग्रेस ने न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती हैह्ल दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनने जा रही है, जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता देगी। दिल्ली में बीजेपी की जीत हुई, वह अधिक मजबूत होकर उभरी है, मोदी एवं भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। इसका असर बिहार के चुनाव में भी सकारात्मक होता हुआ दिख रहा है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है और ऐसा दिल्ली में होता हुआ दिखा है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को



अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति, विभाजनकारी राजनीति एवं सनातन-विरोधी स्वर ने आप एवं कांग्रेस को औंधे मुंह गिरा दिया है, इस गिरावट से उभरने की संभावनाएं भी दोनों दलों के लिये एक बड़ी चुनौती है। दिल्ली के चुनाव एक महायुद्ध था, जो कितने ही मुद्दों को अपने में समेटे हुए रहा। यह अनेक नेताओं एवं दलों के अस्तित्व को बचाने का भी महासंग्राम था। चुनाव में जब सेवा-सुशासन का मूल उद्देश्य गायब हो जाता है, केवल दलगत स्वार्थ और सत्ता प्राप्ति की होड़ मुख्य हो जाती है तब दिल्ली जैसे अप्रत्याशित परिणाम ही सामने आते हैं। राजनीति में केजरीवाली प्रवृत्ति एक नई संस्कृति का स्थान लेती रही है, जिसने हमारे सभी नैतिक मूल्यों को तार-तार कर दिया था, बहुत चर्चा होती रही है कि दिल्ली के विकास में अनेक सुराख हो गये हैं, लोगों का सांस लेना दुश्वार हो रहा था तो यमुना प्रदूषित हो गयी थी, सड़के खड्डो में तब्दील हुई तो चिकित्सा-शिक्षा व्यवस्था चरमराई। इसलिए दिल्ली के जीवन को खतरा था। दिल्ली में ऐसे सुराख (ब्लैक होल) हो गये थे, जहां नेता पाप करके छुपते रहे हैं। आप नेताओं के दिमाग में सुराख ही सुराख हो गये थे, जिससे मवाद टपकता दिखाई देता था। ये सब स्थितियां दिल्ली को अच्छे भविष्य की ओर नहीं ले जा रही थी, दिल्ली जब कीचड़ में थी, तब आप एवं उसके नेता एक कदम आगे बढ़ने के प्रयास में दो कदम पीछे फिसलते रहे। स्थितियों की इसी विपरीतता ने दिल्ली की जनता को जगाया, एक-एक व्यक्ति दिल्ली के व्यापक हित को अपने हित से ऊपर समझते हुए भाजपा को जीत का सेहरा बांधा है। निश्चित ही दिल्ली में नये सूरज का अवतरण हुआ है, और उसका भविष्य शुभ एवं श्रेयस्कर दिखाई दे रहा है।

## एक नजर

### हाइवा की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**दुमका :** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के दुमका रामपुरहाट के मुख्य मार्ग पर हरिपुर मोड़ के समीप एक बोल्डर लदा हाईवा की चपेट में आने से बाईक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाईक सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल दोनों युवक-युवती को शिकारीपाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं युवती को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। युवती की स्थिति नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार युवक-युवती बाइक से शिकारीपाड़ा की ओर से आ रहा था। जहां विपरित दिशा रामपुरहाट की ओर जा रही बोल्डर लदी हाईवा से आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। बाइक में बंगाल नंबर अंकित है। खबर लिखे जाने तक मृत युवक और घायल युवती की पहचान नहीं हो सकी है।

### वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मारपीट वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 20/25 दिनांक 25 जनवरी 2025, धारा 126(2)/115(2)/117(2)/109/3(5) बीएनएस गिरफ्तार प्राथमिकी अभियुक्त राजा हरि उम्र 35 वर्ष पिता स्वर्ग चुन्नीलाल हरि साकिन गुल्ली भट्ठा वार्ड नंबर 6 नगर थाना के रहने वाले को विधिवत गिरफ्तार कर साहिबगंज सदर अस्पताल में कोविड जांच करवाने के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में तीन युवक हुए घायल

**साहिबगंज :** राजमहल थाना क्षेत्र में आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है ताजा मामला राजमहल थाना क्षेत्र के महासिंहपुर पंचायत के कटघर गांव में बाइक दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गया। आप को बता दे कि रविवार की सुबह भैसमारी गांव निवासी सिमोल टुडू 19 वर्षीय एवं राहुल कुमार 22 वर्षीय तथा रमेश मंडल 19 वर्षीय तीनों दोस्त बाइक से भैसमारी गांव जा रहे थे। इसी दौरान कटघर गांव के समीप अनियंत्रण होकर बाइक सड़क पर ही गिर पड़े। जिससे तीनों युवक घायल हो गया। परिजनों ने नजदीकी क्लीनिक में उपचार कराया गया।

### सड़क दुर्घटना में मोहन मंडल उमर हुए घायल



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल से गिरकर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मोहन मंडल उमर 52 वर्षीय, पिता दिना मंडल, रामपुर दियारा के रहने वाले साहिबगंज से अपने घर की ओर जा रहा था जहां रास्ते में मोटरसाइकिल महादेवगंज टोल टैक्स के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिकी इलाज किया।

# दिल्ली की प्रचंड जीत की खुशी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/कोटालपोखर :** भारतीय जनता पार्टी कोटालपोखर मंडल अध्यक्ष बप्पी निर्मल प्रसाद ने अपनी कार्यकताओं टोली के साथ कोटालपोखर शांति चौक में दिल्ली की प्रचंड जीत की खुशी में कार्यकताओं को आपस में मिठाई खिलाकर और पार्टी के जयघोष नारो के साथ जश्न मनाया, बप्पी निर्मल प्रसाद ने बताया कि 27 वर्षों का बनवास आज मोदी जी के नेतृत्व में खत्म हुआ है, दिल्ली की यह जीत सिर्फ दिल्ली की जीत नहीं है बल्कि पूरे भारतवर्ष की जीत है। दिल्ली में केजरीवाल ने 10 वर्षों से लोगों को मूर्ख बनाकर



रखा हुआ था। फ्री के रेवड़िया बांट करके सरकारी योजनाओं से दूर रखा था,लेकिन आज दिल्ली की जनता जनार्दन ने केजरीवाल को हटाकर मोदी जी का भाजपा का सरकार बनाया है। इस निकम्मी भ्रष्टाचारी और अहंकारी सरकार ने लोगों का सिर्फ शोषण और दोहन किया,दिल्ली के दिल में मोदी और मोदी के दिल में दिल्ली है। मोदी जी ने पूरे भारतवर्ष को बधाई दिया है और खास करके दिल्ली के लाखों कार्यकताओं को अपने तरफ से धन्यवाद दिया है। इस कार्यक्रम में मंडल के महामंत्री शिवरतन रजवाड़ जिला कार्यसमिति सदस्य राजेश कुमार साहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रणव सिंह, युवा नेता लंकेश रजवाड़, पिंटू रजवाड़, सुरेंद्र साहा, माधव साहा, गंगा घोष, जयदेव रजवाड़, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## माघी पूर्णिमा मेला में इस्कॉन मंदिर की तरफ से गीता एवं प्रसाद का होगा वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/ राजमहल :** आदिवासियों का महाकुंभ कहे जाने वाले राजकीय माघी पूर्णिमा मेला में राजमहल प्रखंड क्षेत्र के कन्हैया स्थान स्थित कानाईनाटकीय इस्कॉन मंदिर की ओर से आगामी 12 फरवरी को राजमहल में लगने वाली माघी पूर्णिमा मेले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस्कॉन मंदिर की ओर से माघी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आदिवासी भाईयों के लिए अन्नक्षेत्र का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर के प्रबंधक कृष्ण कृपा सिंधु दास ने बताया कि इस बार 5000 प्लेट प्रसाद तथा 1000 भगवद गीता का वितरण किया जाएगा। विभिन्न राज्यों से हमारे राजमहल माघी पूर्णिमा पूरी निष्ठा के साथ उत्तर वाहिनी गंगा नदी में स्नान कर पूजा अर्चना करते हैं और हम इस्कॉन की तरफ से उनका स्वागत करते हैं। राजकीय माघी पूर्णिमा मेला हमारे पास एक सुनहरा मौका है अपने जनजातीय भाइयों के लिए अपनापन दिखाने का, उनके प्रति प्रेम दिखाने का। राजमहल के सभी संघ, समुदाय तथा मंच से आग्रह है सभी आगे आकर प्रसाद तथा ग्रन्थ वितरण में सहयोग करे।

### शराब के नशे में पति ने पत्नी को मारकर किया घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत पति ने अपनी पत्नी को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। पीड़िता रानी देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरा पति कमल पासवान रोज शराब के नशे में घर आकर मारपीट किया करता है। वही आज जब शराब पीकर आया और मेरे द्वारा मना करने पर मुझे लाठी डंडा से मार कर बुरी तरह घायल कर दिया।

## बरहेट प्रखंड में शॉर्ट सर्किट से एक घर जलकर हुआ राख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड क्षेत्र के सिमडा गांव में बीते रात शनिवार को बिजली तार की शॉर्ट सर्किट से एक घर जलने का मामला प्रकाश में आया है। घटना सिमडा गांव के मोहन हेंब्रम, पिता चुन्नू हेंब्रम बताया जा रहा है।जानकारी के अनुसार घटना की रात मे सभी परिवार रिश्तेदार के घर गया था। जानकारी देते हुए बताया कि बिजली तार की शार्ट सर्किट होने से पुवाल से बना कच्चा मकान जलकर राख हो गया। आधी रात को पड़ोसी के लोगों ने घटना की जानकारी मिली तो अपनी जुगाड़ कर आग को बुझाने का प्रयास किया।हालांकि काफी देर होने के कारण घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। घर में चावल, धान, मकई, कपड़ा, तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पैसा ?70000



जलकर राख हो गया। घटना से कुल 128000 रुपया नुकसान हुआ है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय जिला परिषद सदस्य जेठा मुर्मू पीड़िता के घर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। वही आपदा राहत से लाभ दिलाने को लेकर अधिकारियों से बात कर लाभ दिलाने का आवशासन दिया। इधर थाने में घटना को लेकर लिखित आवेदन देने की प्रक्रिया चल रही थी।

## हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार रांची से गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार को रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि हजारीबाग सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने की है। लोहसिंघना थाना प्रभारी संदीप कुमार और उनकी टीम ने गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रविवार शाम 7 बजे उनकी गिरफ्तारी होने की पुष्टि की गई है। बताया जाता है की गिरफ्तारी करने के दौरान हजारीबाग पुलिस को भारी दबाव का भी सामना करना पड़ा। तमाम दबाव और विरोध के बाद हजारीबाग पुलिस ने तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार को अपने हिरासत में ले लिया है। वहीं उन्हें कड़ी सुरक्षा में हजारीबाग लाने की तैयारी चल रही है। 31 जनवरी को हजारीबाग व्यवहार न्यायालय ने



उनकी अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद से ही यह कयास लगाया जा रहा था कि कभी भी उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। इस मामले में हजारीबाग पुलिस ने कोर्ट में पुलिस डायरी भी जमा कर चुकी है। 26 दिसंबर को एसडीओ आवास में एसडीएम की पत्नी अनीता देवी गंभीर रूप से झुलस गई थीं। हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार के विरुद्ध पत्नी को जलाकर मारने के आरोप में लोहसिंघना थाना में मामला दर्ज कर लिया गया था। मामले के सूचक एसडीओ के साला राजू कुमार गुप्ता बने थे। उसने एसडीओ समेत चार लोगों को आरोपी बनाया था। जिसमें एसडीओ के पिता दुर्योधन साव छोटा भाई शिवनंदन कुमार एवं छोटे भाई की पत्नी रिंकू देवी का नाम शामिल है। आग से बुरी तरह झुलसने के बाद, उन्हें प्राथमिक चिकित्सा दी गई, और फिर बीजीएच बोकारो तथा रांची में इलाज के लिए भेजा गया। 28 दिसंबर की सुबह अनीता देवी का निधन हो गया था। निधन के बाद मृतिका अनीता देवी के भाई राजू कुमार गुप्ता सहित अन्य परिजन, समाजसेवी एवं राजनीतिक दल के लोगों ने लोहसिंघना थाना का घेराव भी किया था। यही नहीं तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार की गिरफ्तारी नहीं होने पर समरणालय परिसर के सामने एकदिवसीय महाधरना दिया गया था।

## लौट आई हरियाली, खेतों में लहलहा रही है फसल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड के गंगा नदी के किनारे से सटे मिजार्पुर तथा बरारी एवं कालू पंचायत के बहियार आजकल रवि फसल से लहलहा रहा है। खेतों के दृश्य कितना मनमोहक और दिलकश है कि बार-बार खेतों की हरियाली आम लोगों को अपने ओर खींच ले जाती है। खेतों में लगे सरसों, रायता प्याज, लहसुन, चना, मटर, मौसरी, तथा गेहूं, की फसलों से माठ का नजारा देखने लायक बन गया है। माठ से होकर गुजरने वाले हर राहगीर का नजर खेतों की हरियाली की ओर ही जाती है दूर-दूर तक यह नजारा देखते बन रही है। बताया जाता है कि इस वर्ष बाढ़ प्रभावित इन इलाकों के खेतों में रवि फसल की अच्छी पैदावार हो सकती है। किसानों का कहना है कि यदि सरकार की तरफ से हम लोगों को समय पर अनुदान पर बीज, खाद कम कीमत पर मुहैया कराई जाए तो हम



इससे कहीं अच्छी फसल उगा सकते हैं। बरहरवा प्रखंड का यह इलाका बाढ़ के समय में प्रत्येक वर्ष डूब जाता है जिस कारण से यहां की खेती को अधिक उर्वर माना जाता है और फसलों के लिए प्रत्येक वर्ष बाढ़ में डूबने वाला खेती किसने की पहली पसंद है। बहरे हाल आजकल इन इलाकों में खेतों की हरियाली देखते बन रही है। कुछ किसानों का या भी कहना है कि यहां पर सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हें कई बार नुकसान उठाना पड़ता है और इन इलाकों से होकर गुजरने वाली पुलंदर नाला की यदि जीर्णोद्धार कर दिया जाए तो इस इलाके में हरित क्रांति आ सकती है।

## ओएनजीसी एससी-एसटी कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन की नई केंद्रीय कार्यकारिणी परिषद का हुआ गठन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**बोकारो :** ओ.एन.जी.सी. भारत सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र की एक महारत्न कम्पनी है, जिसका मुख्य कार्य पेट्रोलियम पदार्थों का अन्वेषण एवं उत्पादन है। ओ.एन.जी.सी. में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कर्मचारी काफी संख्या में कार्यरत हैं, अतः उनके कल्याण एवं हितों के रक्षा के लिए अखिल भारतीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ की स्थापना वर्ष 1967 में किया गया था। तब से यह संस्था अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कर्मचारियों के कल्याण के साथ झसाथ सामाजिक कार्यों को भी सुचारु रुप से कर रहा है. वर्तमान में ओ.एन.जी.सी. के 21 कार्य स्थलों पर



संस्था की शाखाएं कार्य कर रही है। सभी शाखाओं के कार्यकारिणी का सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न होने के बाद 6 फरवरी 2025 को ओ.एन.जी.सी. के देहरादून स्थित कार्यालय में केन्द्रिय कार्यकारिणी परिषद का गठन किया गया, जिसमें सभी 21 शाखाओं के पदाधिकारी चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए. इस चुनाव मे विपिन कुमार भारतीय को, जो ओ.एन.जी.सी. के मेहसाणा - गुजरात स्थित कार्यालय में कार्यरत हैं, प्रजातांत्रिक पद्धति से हुए चुनाव मे केन्द्रिय कार्यकारिणी परिषद के अध्यक्ष चुने गए. साथ ही डेम्बि राम पागिंग को कार्यकारी अध्यक्ष, एस. गंगाधरण को महासचिव, दिनेश भाई वसावा को अतिरिक्त महासचिव, पराग एस रामटेके को संयुक्त सचिव, जमशेद को संगठन सचिव और भीखा राम मेघवाल को लेखापरीक्षक चुने गए। इस चुनाव में पहली बार महिला नेतृत्व को स्थान दिया गया और मोनिका को संयुक्त सचिव- महिला के पद से नवाजा गया। इस चुनाव में बोकारो झारखण्ड स्थित कार्यालय को भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व दिया गया और राम बहाल सिंह, जो महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं एवं बोकारो शाखा के चैयरमैन हैं, को कोषाध्यक्ष के पद पर चयन किया गया, साथ ही बोकारो के ही अवि गाडलिंग दीपक राव को सेंट्रल रिजन का क्षेत्रीय संयुक्त सचिव चुना गया। बोकारो शाखा का यह महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व ओ.एन.जी.सी. बोकरो में कार्यरत अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एक नई दिशा प्रदान करेगा। साथ ही एससी / एसटी कम्पोनेंट प्लान के तहत एससी / एसटी बहुल क्षेत्रों में कल्याण के पहल को भी नया आयाम मिलेगा। सभी नवनिर्वाचित केन्द्रिय कार्यकारिणी परिषद के सद्स्यों ने बाबासाहेब डा. भीम राव अम्बेडकर के पदचिन्हों पर चलकर संस्था के लक्ष्य और उद्देश्यों को पुरा करने का संकल्प लिया। सभी नवनिर्वाचित केन्द्रिय कार्यकारिणी परिषद के सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त खबरें

### कुमार विश्वास ने की बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना



**देवघर :** कवि और कथावाचक कुमार विश्वास ने रविवार को बाबा बैद्यनाथ की पूजा अर्चना की। उन्होंने विधि-विधान पूर्वक षोडशोपचार पूजन विधि से कामना लिंग का जलाभिषेक किया। बैद्यनाथ मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने उन्हें संकल्प कराया। कुमार विश्वास के साथ स्थानीय भाजपा नेता अभय आनंद झा भी मौजूद थे। कुमार विश्वास धनबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेकर देवघर लौटे थे। इसके बाद देवघर एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए कुमार विश्वास ने दिल्ली चुनाव परिणाम पर अपने अंदाज में टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ का दर्शन करके आया हूं और ऐसे पुण्य पर्व पर किसी तरह की टिप्पणियां नहीं करनी चाहिए। बैद्यनाथ का पूजन करके बड़ा आनंद में हूं। बाबा ने दर्शन दिए और पूजा की।

### एनआरपी सेंटर ने किया वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**साहिबगंज :** पुलिस लाइन स्थित मैदान में रविवार को एनआरपी सेंटर स्कूल ने वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कुमार हर्ष जिला शिक्षा अधीक्षक साहिबगंज, विशिष्ट अतिथि डॉ सच्चिदानंद सचिव झारखंड राज्य भाषा साहित्य अकादमी एवं मनोज कुमार झा प्राचार्य ने संयुक्त रूप से खेल ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा खेल कूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। प्राचार्य मनोज झा ने बताया कि बच्चों के शारिरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी है। इससे बच्चों में टीम भावना, नेतृत्व करने की क्षमता एवं अनुशासन की भावना जागृत होती है। इस दौरान छात्र-छात्रों ने कई प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वही विजेताओं को कुमार संजय ने शिल्ड एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।मौके पर शिक्षक दिल रंजन झा, सुनील झा, अमल झा, शिखा गुहा राय, स्वाति सिन्हा, किरण झा, ज्योति कुमारी, शिवानी, संध्या कुमारी, शिव बालक झा, डॉ दीनानाथ झा, नवल किशोर झा, सार्जेंट ऑफ पुलिस सह कवि कुमार संजय सहित अन्य मौजूद थे।

### विधायक मंगल कालिंदी ने किया कंबल का वितरण



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत के कोयरा, खोखरो सहित पहाड़िया टोला बुरुबोहाल में जरूरतमंद के बीच सैकड़ों कंबल वितरण किया गया। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, झामुमो बोड़ाम अध्यक्ष दीपांकर महतो,सचिव छुटुलाल हांसदा,मुखिया अजब सिंह,चित्त गोप, ईशान चंद्र गोप,पंचायत समिति महापदो सिंह, चंद्र केतु, विश्वनाथ तंतुवाई, मनोज रजक, शंभु मांडी, जनार्दन सिंह, विनय मण्डल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुरुनानक हॉस्पिटल ने झिमड़ी में लगाया स्वास्थ्य शिविर, 240 मरीजों का हुआ इलाज



**ईचागढ़ :** गुरुनानक हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड, मानगो जमशेदपुर के द्वारा रविवार को नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी पंचायत भवन में एक मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य जनहित में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंदों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों को परामर्श दिया और उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान किया। इसमें जनरल फिजीशियन डॉ. आर के बर्णवाल, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. जयदेव नंदी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वी के सिंह, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार और डॉ. जे प्रसाद शामिल थे। गुरुनानक हॉस्पिटल की ओर से मरीजों के लिए मुफ्त शुगर जांच और दवाओं का वितरण किया गया। इस चिकित्सा शिविर में कुल 240 मरीजों ने भाग लिया और चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। इसकी जानकारी अस्पताल के प्रबंधक राजपाल सिंह ने दिया।

### पिलीद में 25वां लखटकिया फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**ईचागढ़ :** प्रखंड क्षेत्र के पिलीद स्टेडियम में लखटकिया 25 वीं एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पिलीद स्टेडियम में रविवार को झारखंड युवा विकास मंच पिलीद की ओर से फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल में झारखंड एवं बंगाल के 16 दलों ने भाग लिया। वही फाइनल खेल बंगाल के जंगल महल पुरूलिया एवं डीआर ब्रोदर खुंटी झारखंड के बीच खेला गया। वहीं डीआर ब्रोदर ने जंगल महल पुरूलिया को टस के माध्यम से हराकर विजेता बने।वही तृतीय स्थान लायंस क्लब रघुनाथपुर एवं चतुर्थ स्थान पर एनजीसी बड़ालाखा टीम रहे।वही प्रथम विजेता टीम को 1 लाख 1 रूपए व ट्राफी,द्वितीय उप विजेता टीम को 80 हजार 1 रूपए व ट्राफी,तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार 40 हजार 1 रूपए व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया।मौके पर समाज सेवी कार्तिक महतो, खगेन महतो, जेएलकेएम पार्टी के केन्द्रीय सचिव गोपेश महतो, उमाकांत महतो, वृन्दावन महतो, डॉ गुरुचरण महतो, गणपति महतो, उपेन चंद्र महतो, हाकीम चंद्र महतो, हरेंद्र नाथ महतो, हेमंत कटियार,दिलीप कुमार दास सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# एफपीआई ने फरवरी के पहले सप्ताह में बाजार से 7,342 करोड़ निकाले

**- दिसंबर, 2024 में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 15,446 करोड़ रुपये का निवेश किया था**

**नई दिल्ली ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने चालू महीने के पहले सप्ताह में स्थानीय शेयर बाजारों से 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बाजारों से 78,027 करोड़ रुपये की निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार दिसंबर, 2024 में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में 15,446 करोड़ रुपये का निवेश किया था। विशेषज्ञों का मानना है कि आगे चलकर बाजार की धारणा वैश्विक वृहद आर्थिक घटनाक्रमों, घरेलू नीतिगत उपायों और मुद्रा के उतार-चढ़ाव से तय होगी। आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने सात फरवरी तक भारतीय शेयरों से 7,342 करोड़ रुपये निकाले हैं। बाजार के जानकारों ने कहा` कि एफपीआई की निकासी का एक प्रमुख कारण वैश्विक व्यापार तनाव था, क्योंकि अमेरिका ने कनाडा, मेक्सिको और चीन जैसे देशों पर शुल्क लगाया है, जिससे व्यापार युद्ध की संभावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इस अनिश्चितता की वजह से वैश्विक निवेशकों ने जोखिम न उठाने का विकल्प चुना है। इसके चलते वे भारत जैसे उभरते बाजारों से निकासी कर रहे हैं। भारतीय रुपया भी कमजोर होकर पहली बार 87 प्रति डॉलर से नीचे आ गया है। कमजोर रुपये से विदेशी निवेशकों का प्रतिफल घटता है और उनके लिए भारतीय संपत्तियां कम आकर्षक रह जाती हैं। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ऋण या बॉन्ड बाजार में शुद्ध लिवाल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बॉन्ड में साधारण सीमा के तहत 1,215 करोड़ रुपये और स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग से 277 करोड़ रुपये का निवेश किया है। उल्लेखनीय है कि एफपीआई ने 2024 में भारतीय शेयरों में सिर्फ 427 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। इससे पहले 2023 में उन्होंने भारतीय बाजार में 1.71 लाख करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश किया था।

इसकी तुलना में, 2022 में वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा दरों में आक्रामक वृद्धि के बीच एफपीआई ने 1.21 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी।

## नया इनकम टैक्स बिल इस सप्ताह लोकसभा में किया जा सकता है पेश: वित्त मंत्री



**- 60 साल पुराने आयकर कानून की लेगा जगह**

नई दिल्ली । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सांसदों को सतर्क करते हुए बताया कि इस सप्ताह में लोकसभा में नया इनकम टैक्स बिल पेश किया जा सकता है। इस विधेयक से पुराने आयकर अधिनियम को स्थानांतरित किया जाएगा। वित्त मंत्री ने समझाया कि हाल ही में घोषित बजट और मौद्रिक नीति समीक्षा के उपायों से खपत और निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर 0.25 प्रतिशत कम कर 6.25 प्रतिशत कर दी है। सीतारमण ने इस कदम की सराहना की और उद्योग जगत के लिए सकारात्मक संकेत माना। सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के बीच अच्छा समन्वय देखने के बाद सीतारमण ने कहा कि वे वृद्धि को गति देने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। जब सीतारमण से इस विधेयक को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि इसे अभी भी तीन महत्वपूर्ण चरणों से गुजरना है। उन्होंने पहली बार जुलाई 2024 के बजट में आयकर अधिनियम की समीक्षा का ऐलान किया था। सार्थक वार्तालाप और नए आयकर विधेयक की पेशकश से परिणामस्वरूप देश में निवेश और व्यापार की स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा` कि मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को नए आयकर विधेयक को मंजूरी दे दी। मुझे उम्मीद है कि इसे आने वाले सप्ताह में लोकसभा में पेश किया जाएगा। इसके बाद यह संसदीय समिति के पास जाएगा। संसदीय समिति की इस पर सिफारिशों के बाद यह विधेयक फिर से मंत्रिमंडल के पास जाएगा। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद इसे दोबारा संसद में पेश किया जाएगा।

# विदेशों में आयातित खाद्य तेल महंगे होने से देश के तेल-तिलहन बाजार में सुधार के संकेत

**- रुपया कमजोर होने तथा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेलों में सुधार को बल मिला**


**नई दिल्ली ।**

विदेशों में आयातित खाद्य तेलों के भाव में बढ़ोतरी होने तथा आने वाले त्योहारों की वजह से आवक कम होने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम सुधार के साथ बंद हुए। डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने तथा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेलों में सुधार को बल मिला। बाजार सूत्रों ने कहा कि इन सबके अलावा विनिमय दर बढ़ाये जाने से भी खाद्य तेल कीमतों में मजबूती रही। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 50 रुपये के सुधार के साथ 6,100-6,200 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 150 रुपये के सुधार के साथ 13,200 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 25-25 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,265-2,365 रुपये और 2,265-2,390 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 4,300-4,350 रुपये और 4,000-4,100 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 500 रुपये, 400 रुपये और 350 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 13,700 रुपये, 13,400 रुपये और 9,600 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में अकेले मूंगफली तिलहन का भाव 25 रुपये की गिरावट के साथ 5,275-5,600 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। लेकिन इसके विपरीत, मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमशः 100 रुपये और 20 रुपये के सुधार के साथ 14,050 रुपये और 2,135-2,435 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 650 रुपये सुधरकर 12,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 650 रुपये मजबूत होकर 14,350 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 650 रुपये बढ़कर 13,350 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# भारत में सेमीकंडक्टर मार्केट तेजी से आगे बढ़ने की उम्मीद

**- अमेरिका और चीन को मिलेगी कड़ी टक्कर**



**नई दिल्ली ।**

भारत में सेमीकंडक्टर सेक्टर तेजी से उभर रहा है और अगले पांच सालों में इस बाजार की तस्वीर बदलने की संभावना है। इस मार्केट का विस्तार होने से भारत ने अमेरिका और चीन को टक्कर देने की तैयारी की है। सेमीकंडक्टर होते हैं छोटे इलेक्ट्रॉनिक पुर्जे, जिनका मुख्य उपयोग कंप्यूटर, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में होता है। भारत में उनकी मांग बढ़कर नौकरियों के नए अवसर भी उत्पन्न होने की संभावना है। भारतीय सेमीकंडक्टर मार्केट का आंकड़ा 2025 तक 103.4 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जो एक अद्वितीय बाजार के उद्भव का संकेत है। इंडियन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) की रिपोर्ट के अनुसार भारत में सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ने से इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट को भी महत्वपूर्ण फायदा होगा। सेमीकंडक्टर के सेक्टर में आरएंडडी निवेश, सरकारी प्रोत्साहन योजनाएं और उद्योग सहयोग के माध्यम से भारत ने आगे कदम बढ़ाने का निर्णय लिया है। सेमीकंडक्टर सेक्टर के लिए भारतीय सेमीकंडक्टर मिशन को बढ़ावा देने और देश में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए रिपोर्ट ने कुछ सुझाव दिए हैं। उनमें विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पीएलआई की योजनाएं का रखा गया मूल्य है, जिससे स्थानीय उत्पादों का उपयोग बढ़ाकर देश में और ज्यादा निर्माण हो सके। विश्व सेमीकंडक्टर बाजार में अमेरिका और चीन का महत्वपूर्ण स्थान है, लेकिन भारत की भूमिका में भी ऐतिहासिक बदलाव की संभावना है। इस रुप्ये के दौर में सेमीकंडक्टर सेक्टर के विकास से देश को एक नया उद्योग क्षेत्र का दर्शन हो सकता है।

# मुद्रास्फीति और अन्य वृहद आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा: विश्लेषक

***रुपये-डॉलर का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा***

**मुंबई ।** इस सप्ताह आने वाले मुद्रास्फीति और अन्य वृहद आर्थिक आंकड़ों से घरेलू शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने कहा है कि इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी बाजार पर असर डालेंगी। साथ ही कंपनियों के तिमाही नतीजे और रुपये-डॉलर का रुख भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। बाजार के जानकारों ने कहा` कि यह सप्ताह भारतीय और विदेशी बाजारों के लिए गतिविधियों वाला होगा। सप्ताह के दौरान महत्वपूर्ण वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे आने हैं। मुद्रास्फीति, औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगे। बुधवार को जनवरी के लिए अमेरिकी के मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर सभी का ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत के मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े 12 फरवरी को जारी किए जाएंगे। गुरुवार को ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़े आएंगे। शुक्रवार को अमेरिका के जनवरी माह के खुदरा बिक्री के आंकड़े आएंगे। कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। सप्ताह के दौरान आयशर मोटर्स, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, वोडाफोन आइडिया, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। एक मुख्य निवेश रणनीतिकार ने कहा` कि अच्छे बजट और मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा रेपो दर में कटौती से बाजार की धारणा में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत से लघु अवधि में बाजार की धारणा पर सकारात्मक असर पड़ेगा। एक अन्य बाजार `विशेषज्ञ ने कहा` कि आगे चलकर निवेशकों की नजर कंपनियों के तिमाही नतीजों और आगामी वृहद आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। इनमें औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ें शामिल हैं। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी।

## भारत में बाइक शॉटगन 650 आइकॉन एडिशन लॉन्च

**नईदिल्ली।** स्टायलिश बाइकों का निर्माण करने वाली कंपनी रॉयल इनफिल्ड ने अपनी लिमिटेड एडिशन बाइक शॉटगन 650 आइकॉन एडिशन को भारत में लॉन्च कर दिया है। 13 फरवरी, सुबह 2 बजे से रॉयल इनफिल्डकी एप पर इसकी बुकिंग शुरू होगी। बाइक की एक्स-शोरूम कीमत 4.25 लाख रुपये रखी गई है। इस खास एडिशन की सिर्फ 100 यूनिट्स दुनियाभर में उपलब्ध होंगी, जिनमें से भारत के केवल 25 लकी ग्राहक इसे खरीद सकेंगे। शॉटगन 650 आइकॉन एडिशन में 648सीसी का पाराल्ले द्य ट्विन इंजन दिया गया है, जो 47 बीएचपी की पावर और 52.3 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन 6-स्पीड गियरबॉक्स से लैस है और किसी भी मौसम में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने का दावा करता है। इस बाइक को रेड, व्हाइट और गोल्डन कलर के शानदार कॉम्बिनेशन में पेश किया गया है। साथ ही, बाइक पर दिए गए रेसिंग ग्राफिक्स और गोल्डन व्हील्स इसे एक स्पोर्टी और प्रीमियम लुक देते हैं। यह बाइक सिंगल सीटर है और इसमें सुरक्षा के लिए एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस), डिस्क ब्रेक और वाइडर टायर्स दिए गए हैं, जो राइडिंग को अधिक सुरक्षित और आरामदायक बनाते हैं।




## बजाज ऑटो की चालू वित्त वर्ष में ई-रिक्शा बाजार में उतरने की तैयारी

**नई दिल्ली ।**

बजाज ऑटो ने कहा कि वह चालू वित्त वर्ष के ओ खिरी तक घरेलू ई-रिक्शा बाजार में उतरने की तैयारी कर रही है। कंपनी का कहना है कि वह तेजी से बढ़ते, लेकिन काफी हद तक असंगठित ई-रिक्शा बाजार में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाना चाहती है। कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने यह जानकारी दी। बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक ने विश्लेषकों को बताया कि कंपनी को अपने ई-रिक्शा के लिए चालू तिमाही के अंत तक नियामकीय मंजूरी मिलने की उम्मीद है, जिससे वह इस क्षेत्र में उतर सकेगी। ई-रिक्शा बाजार फिलहाल मासिक 45,000 इकाई का है। उन्होंने कहा` कि इस वित्त वर्ष के अंत तक हमारा इरादा एक आधुनिक 'ई-रिक्शा' पेश करने का है, जो इस खंड में बिल्कुल नया मानक स्थापित करेगा और मालिकों और यात्रियों दोनों को उच्च स्तर की संतुष्टि प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा खंड तिपहिया खंड जितना ही बड़ा है और नए ई-रिक्शा से नया कारोबार उत्पन्न होना चाहिए।

## एलआईसी ने तीसरी तिमाही में कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते साल की समान तिमाही में 9,468.99 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी का कर के बाद मुनाफा 29,138 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में 26,913 करोड़ रुपये पर था। यह सालाना आधार पर 8.27 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी ने 3,40,563 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम जुटाया है। इसमें सालाना आधार पर 5.51 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) सालाना आधार पर 10.29 प्रतिशत बढ़कर 54,77,651 करोड़ रुपये हो गया है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में एलआईसी की नए बिजनेस प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) सालाना आधार पर 9.73 प्रतिशत बढ़कर 42,441 करोड़ रुपये रही है। एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, हमारा ध्यान और रणनीति एक गतिशील वातावरण में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद और चैनल मिश्रण को बदलने की दिशा में लगातार बना हुआ है। मोहंती ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस (वीएनबी) मार्जिन बेहतर होकर 17.1 प्रतिशत हो गया है, जो कि बीते साल समान अवधि में 16.6 प्रतिशत था। इस दौरान वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस 6,477 करोड़ रुपये रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 5,938 करोड़ रुपये थी। मोहंती ने बताया कि अब तक 1.25 लाख से अधिक महिलाओं को बीमा सखी योजना में पंजीकृत किया गया है और 70,000 से अधिक को बीमा सखी के रूप में नियुक्त किया है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों का मार्केट कैप 1.18 लाख करोड़ बढ़ा

**- एचडीएफसी बैंक और एयरटेल को हुआ सबसे ज्यादा फायदा**

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष-10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,18,151.75 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को हुआ। टॉप- 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, जबकि जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के मूल्यांकन में गिरावट आई। इन चारों कंपनियों को कुल मिलाकर 1.15 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 32,639.98 करोड़ रुपये बढ़कर 13,25,090.58 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल ने 31,003.44 करोड़ रुपये जोड़े और इसकी बाजार हैसियत 9,56,205.34 करोड़ रुपये हो गई। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 29,032.08 करोड़ रुपये बढ़कर 5,24,312.82 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का मूल्यांकन 21,114.32 करोड़ रुपये बढ़कर 7,90,074.08 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 2,977.12 करोड़ रुपये बढ़कर 17,14,348.66 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 1,384.81 करोड़ रुपये बढ़कर 8,87,632.56 करोड़ रुपये रहा।




इस रुख के` विपरीत आईटीसी का मूल्यांकन 39,474.45 करोड़ रुपये घटकर 5,39,129.60 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 33,704.89 करोड़ रुपये घटकर 5,55,361.14 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 25,926.02 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 6,57,789.12 करोड़ रुपये और टीसीएस की 16,064.31 करोड़ रुपये घटकर 14,57,854.09 करोड़ रुपये रह गई। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। इसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

## यूएएन एक्टिवेशन और बैंक अकाउंट लिंक करने की तारीख बढ़ी

**- प्राइवेट जॉब में हैं तो 15 फरवरी तक निपटा लें कुछ जरूरी काम, वरना होगा नुकसान**

**नई दिल्ली ।** प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों और कंपनियों के लिए खुशखबरी है, क्योंकि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने यूनिवर्सल अकाउंट नंबर (यूएएन) को एक्टिव करने और बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करने की तारीख 15 फरवरी तक बढ़ा दी है। यह तारीख कई बार बढ़ाई गई है, जो ईपीएफओ की रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) का लाभ उठाने के लिए महत्वपूर्ण है। यूएएन एक 12-अंकों की पहचान संख्या है, जिसका उपयोग प्रोविडेंट फंड अकाउंट को मैनेज करने के लिए किया जाता है। कर्मचारियों को फंड ट्रैक करने, उन्हें एक्सेस करने और वित्तीय लेन-देन को सरल बनाने के लिए यूएएन एक यूनिफाइड प्लेटफार्म प्रदान करता है। ईएलआई योजना का लक्ष्य फॉर्मल सेक्टर में नौकरियों की संख्या बढ़ाना है, और केंद्र सरकार ने 2024 के केंद्रीय बजट के दौरान तीन ईएलआई योजनाएं (एबीसी) शुरू कीं हैं। ईएलआई की योजना ए नए कर्मचारियों को एक माह के वेतन के रूप में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर प्रदान करती है, जो पीएफ में पहली बार रजिस्टर्ड होने वाले कर्मचारियों के लिए लागू है। योजना बी और स्कीम सी में नए रोजगारों को वित्तीय प्रोत्साहन देने का प्रावधान है, जो ईपीएफओ के माध्यम से पहुंचेगा। इस तरह ईपीएफओ ने कर्मचारी और नियोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो उन्हें आसानी से लाभान्वित करने की स्थिति में लाएगा।

# आयात शुल्क कम होने के बाद सोने की तस्करी में आई कमी: सीबीआईसी प्रमुख

**- जुलाई में सरकार ने सोने पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया था**

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने जुलाई, 2024 में कीमती धातु पर आयात शुल्क कम किया, जिसके बाद से सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी देखी गई है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने यह बात कही है। सरकार ने जुलाई, 2024 में सोने पर आयात शुल्क घटाकर छह प्रतिशत किया गया था। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार सीमा शुल्क और डीआरआई अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून की अवधि में देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर 544 करोड़ रुपये मूल्य का 847 किलोग्राम सोना जब्त किया है। जुलाई में सरकार ने सोने पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया था। अे धिकारी ने कहा कि पिछले साल के बजट में सोने पर शुल्क की दर कम किए जाने के बाद सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है। हालांकि उन्होंने जब्त किए गए सोने की मात्रा या मूल्य का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात, सीमाओं और देश में आने वाले वाणिज्यिक कार्गो पर नियमित निगरानी रख रहे हैं। तस्करी, सीमा शुल्क या आयात या निर्यात प्रतिबंधों से बचने के लिए राष्ट्रीय सीमाओं के पार माल की गुप्त आवाजाही है। यह आमतौर पर तब होता है जब सीमा शुल्क इतना अधिक होता है कि तस्कर ऐसे उत्पादों को चोरी-छिपे लाकर अधिक लाभ कमा सकते हैं। सीबीआईसी के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) भारत में तस्करी-रोधी क्षेत्र में भारतीय सीमा शुल्क की शीर्ष एजेंसी है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, अकेले डीआरआई अधिकारियों ने 1,319 किलोग्राम सोना जब्त किया था। यह 2023-24 में सीमा शुल्क अधिकारियों सहित सीबीआईसी द्वारा जब्त किए गए 4,869.6 किलोग्राम सोने का हिस्सा है। वर्ष के दौरान सीबीआईसी द्वारा 1,922 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। भारत में हवाई मार्ग के माध्यम से सोने की तस्करी एक प्रमुख माध्यम है। पश्चिम एशियाई और दक्षिण पूर्व एशियाई देश पारंपरिक रूप से इसके मुख्य उद्गम स्थल रहे हैं। हाल ही में नैरोबी और अदीस अबाबा जैसे अफ्रीकी हवाई अड्डे, साथ ही ताशकंद जैसे हवाई अड्डे भी तस्करी के के लिए प्रमुख स्थान बनकर उभरे हैं।

## कोल इंडिया का सीएसआर पर खर्च अप्रैल-जनवरी में 36.5 फीसदी बढ़ा

**- एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी ने सीएसआर पर 364 करोड़ रुपये खर्च किए थे**

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष के पहले 10 माह (अप्रैल-जनवरी) के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पर खर्च 36.5 प्रतिशत बढ़कर 497 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी ने सीएसआर पर 364 करोड़ रुपये खर्च किए थे। अधिकारी ने बताया कि घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखने वाली कंपनी सीआईएल अपने सीएसआर कोष का 70 प्रतिशत से अधिक स्वास्थ्य सेवा, पोषण एवं स्वच्छता तथा शिक्षा एवं आजीविका पर खर्च करती है। कंपनी ने बताया कि पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (सीपीएसई) में वह सीएसआर पर सबसे अधिक खर्च करने वाली कंपनी रही है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में ही सीएसआर पर 572 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। बयान में कहा गया है कि कंपनी की सीएसआर गतिविधियों से 3.5 करोड़ लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पिछले दशक के दौरान कोल इंडिया ने सीएसआर गतिविधियों पर 5,570 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

## भारत का वैल्यूएशन दुनिया के सबसे महंगे बाजारों में से एक

**अमेरिकी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ने दी निवेश से बचने की सलाह**

**नई दिल्ली ।** भारतीय शेयर बाजार ने पिछले एक साल में उतार-चढ़ाव दिखाया है, जिसमें सेंसेक्स के 1 लाख का आंकड़ा छूने की संभावना है। इस संकेत के बीच वैल्यूएशन गुरु ने भारतीय शेयर बाजार को बहुत रिस्की बताया है। उनका कहना है कि भारत का वैल्यूएशन दुनिया के सबसे महंगे बाजारों में से एक है। उन्होंने निवेशकों को सावधान रहने की सलाह दी है, के योंकि अधिक वैल्यूएशन जोखिम भरा हो सकता है। इसे हल करने के लिए वह मूल्यांकन की भूमिका और वैल्यू प्रमाणकों के मूल्यांकन की जरूरत है। इसके साथ हर बाजार की धाराप्रवाह, लाभ और नकदी प्रवाह की जांच की भी आवश्यकता है। एक सही मूल्य उन मामलों में अवसर प्रदान कर सकता है जहां प्रीमियम अधिक है और जोखिम कम है। सही कीमत पर निवेश करना उक्त देशों के अवसरों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। वैल्यूएशन के मामले में भारत का प्रीमियम सबसे अधिक हो रहा है, जिसे उसने एक गहरी दिशा के रूप में पेश किया है। हालांकि चीन और अमेरिका भी महंगे बाजारों में गिने जाते हैं, लेकिन दामोदरन के अनुसार भारत का प्रीमियम सबसे ज्यादा दिख रहा है।

## कुंभ लगा था तो पत्नी साथ छोड़ गई

# महाकुंभ के वक्त दुनिया को अलविदा कह गए चौपाल

**सुपौल।** 24 अप्रैल 1956 को सुपौल के मरौना प्रखंड अंतर्गत कमरैल निवासी स्व माली चौपाल और स्व रामरती देवी के घर पहली संतान के रूप में जन्मे कामेश्वर चौपाल का जीवन युवावस्था से ही राम को समर्पित रहा और जय श्री राम के नारे के साथ ही शनिवार को उन्हें अंतिम विदाई दी गई। उनका जीवन काफी संघर्षमय रहा है। कुछ वर्ष पहले जब अचानक उनके दोनों किडनी फेल हो गए थे तो दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उनकी बड़ी बेटी लीला देवी ने किडनी दान कर जान बचाई थी। लेकिन अचानक 13 जनवरी को पुनः बीमार पड़ गए। जिसके बाद दोबारा उन्हें सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान 6 फरवरी 2025 को अंतिम सांस ली। उनके निधन के बाद बताया गया कि उनका लीवर भी बुरी तरह डैमेज हो गया था, लेकिन परिजनों को इसकी सही जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने नहीं दी। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे उनका पार्थिव शरीर कमरैल पहुंचा। जहां तमाम नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत घर से सटे बगीचे में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। खास बात यह रही कि उन्हें मुखाग्नि जहां दी गई, उसके ठीक सटे उनकी दिवंगत पत्नी स्व श्रीवती देवी की भी समाधी है। उनके पुत्र विवेक आनंद विवेक ने बताया कि मां श्रीवती देवी का निधन 21 फरवरी 2019 को हुआ था। उस



वक्त भी कुंभ का मेला लगा हुआ था। पिता कामेश्वर चौपाल का निधन भी उस वक्त हुआ है, जब यूपी के प्रयागराज में महाकुंभ का मेला लगा हुआ है। पुत्र बताते हैं कि पिता की अंतिम इच्छा थी कि सीतामढ़ी में मां सीता के भव्य मंदिर की स्थापना हो। हालांकि संतोष इस बात का है कि बिहार सरकार ने इस दिशा में पहल शुरू कर दी है। जब पूरे प्रखंड कोसी की त्रासदी से जूझ रहे थे, लोग दाना पानी के लिए मोहताज हो रहे थे, उसी समय कामेश्वर चौपाल के पिता ने अपने दरवाजे पर एक प्राइवेट शिक्षक बेकल दास गोसाईं को रखकर उनकी और गांव के अन्य बच्चों के साथ पांचवीं कक्षा की पढ़ाई की पूरी कराई थी। इसके बाद छठी कक्षा में उन्होंने लालेश्वर नाथ उच्च विद्यालय भलुआही में नामांकन कराया। प्रतिदिन 10 किलोमीटर पैदल पढ़ने जाते थे। सन् 1973 में उन्होंने प्रथम श्रेणी से मैट्रिक की परीक्षा पास की थी। जिसके बाद जेएन कालेज मधुबनी में अपना नामांकन करवाया और एमए की पढ़ाई पूरी कर आरएसएस का दामन थाम कर सामाजिक जीवन में सक्रिय हुए। इधर, कामेश्वर चौपाल के निधन के बाद भाजपा जिला संगठन के कई दिग्गज भी उनके अंतिम संस्कार में पहुंचे। स्व चौपाल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद भाजपा की जिला इकाई ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में हुई जीत का जश्न मनाने से इंकार कर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र ऋषिदेव ने बताया कि दिल्ली में पार्टी की जीत के बाद कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। लेकिन सुपौल ने कामेश्वर चौपाल के रूप में आज अपना बेटा खोया है। इसलिए उनकी श्रद्धांजलि के तौर पर सुपौल में शनिवार को किसी प्रकार का कोई जश्न नहीं मनाने का निर्णय लिया गया है। कामेश्वर चौपाल तीन भाइयों में बड़े थे। मंझले भाई देवदत्त चौपाल किसान हैं, गांव में ही खेतीबाड़ी करते हैं। छोटे भाई दानी चौपाल पूर्व पंचायत समिति सदस्य हैं और वर्तमान में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। कामेश्वर चौपाल को तीन संतान हैं। जिनमें सबसे बड़ी बेटी लीला देवी है, उसने ही उन्हें किडनी डोनेट की थी। उसकी शादी मधुबनी जिले के झंझारपुर प्रखंड के नवानि पंचायत के परमानंदपुर गांव निवासी राजकुमार चौपाल से हुई है। राजकुमार भी किसान हैं। दूसरे नंबर पर पुत्री प्रतिभा देवी है, जिसकी शादी दरभंगा जिले के भंसारा गांव निवासी दिलीप चौपाल के साथ हुई है। दिलीप फिलहाल केनरा बैंक में वरीय प्रबंधक हैं।

## सत्यम हत्याकांड का हुआ खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार





**जमुई।** पुलिस ने खैरा थाना क्षेत्र के सागदाहा गांव में हुई सत्यम(14) की हत्या के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो देसी कट्टा बरामद किए हैं। एसपी मदन कुमार आनंद ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 7 फरवरी को सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान सगदाहा निवासी परमानंद सिंह के बेटे सत्यम उर्फ छोटू सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला कि हत्या से कुछ दिन पहले राजन कुमार उर्फ बबुआ और मृतक के पिता परमानंद सिंह के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी रंजिश में राजन कुमार उर्फ बबुआ, रोशन कुमार और बलराम सिंह उर्फ सोल्जर ने सरस्वती विसर्जन के दौरान मौके का फायदा उठाकर सत्यम को गोली मार दी और अपाची बाइक से फरार हो गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त अपाची बाइक रतनपुर गांव से बरामद की गई है। पूछताछ में आरोपियों ने पुरानी रंजिश में हत्या करना स्वीकार किया है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री बोले: दिल्ली में दस साल बाद सत्ता बदली

# अब बिहार में भी 2025 में परिवर्तन होगा

**मुंगेर।** बिहार में अक्तूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आसा पार्टी ने अपनी तैयारियों को गति देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में मुंगेर के टाउन हाल में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह उर्फ आरसीपी सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आसा पार्टी इस बार पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और बिहार में 20 वर्षों से चल रही सरकार को बदलकर 2025 में नया इतिहास रचेगी। आरसीपी सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए जिला स्तर पर सम्मेलन किए जा रहे हैं और यह देखकर खुशी होती है कि हर जिले में पार्टी



कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को प्रेरित कर विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक सीटों पर जीत सुनिश्चित करना है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार की अन्य पार्टियां आसा पार्टी की ताकत को पहचान रही हैं और गठबंधन को लेकर बातचीत के लिए हमारे दरवाजे खुले हुए हैं। अपने संबोधन में आरसीपी सिंह ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। दिल्ली में दस वर्षों के बाद सत्ता परिवर्तन हुआ, अब बिहार में भी 2025 में बदलाव होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी का लक्ष्य सरकार बनाना है और इसके लिए पूरी तैयारी की जा रही है। उन्होंने अपने राजनीतिक अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वे वर्षों से चुनावी रणनीति बनाते आए हैं। इस बार अपनी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करेंगे। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह पटेल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है और अधिक से अधिक कार्यकताओं को जोड़ा जा रहा है ताकि आगामी चुनाव में आसा पार्टी की जीत सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि पार्टी की रणनीति बिहार में व्यापक बदलाव लाने की है और इसके लिए हर स्तर पर मेहनत की जा रही है। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार रखे। सम्मेलन को संजय केशरी, सत्यप्रकाश चौधरी, डॉ. रामानंद प्रसाद आदि ने संबोधित किया।

## संक्षिप्त डायरी

### 11 दिनों से गायब है सातवीं का छात्र, कोचिंग पढ़ने गया था, वापस नहीं आया



**पटना।** राजधानी पटना में एक सातवीं कक्षा का छात्र पिछले 11 दिनों से रहस्माई ढंग से लापता हो गया है। गायब हुए छात्र का नाम प्रिंस है। वह सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के महेंद्रू स्थित कश्यप भवन में अपने मामा के साथ किराये के मकान में रहता था। प्रिंस घर से कोचिंग के लिए गांधी चौक स्थित निजी कोचिंग के लिए निकला था लेकिन कोचिंग सेंटर तक नहीं पहुंचा। परेशान परिजनों ने प्रिंस की हर संभावित जगहों पर तलाश की लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।प्रिंस जो की पीरबहोर थाना के गांधी चौक स्थित एक निजी कोचिंग में पढ़ता था। गायब हुए प्रिंस के पिता ने बताया कि 30 जनवरी के शाम के करीब 6:30 बजे गांधी चौक स्थित कोचिंग पढ़ने गया लेकिन वह कोचिंग नहीं पहुंचा। जब देर रात तक प्रिंस की घर में मौजूदगी नहीं हुई तो उन्होंने कोचिंग सेंटर में जाकर पता किया। लेकिन, उसका पता नहीं चल पाया। वहीं कोचिंग संचालक ने बताया कि प्रिंस उस दिन कोचिंग पढ़ने के लिए आया ही नहीं था। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और दोस्तों से संपर्क किया साथ ही साथ बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन सहित कई स्थानों पर प्रिंस को ढूंढा लेकिन वह कहीं नहीं मिला। वहीं इस मामले में पीड़ित परिजनों ने नजदीकी थाना पीरबहोर में जाकर लिखित शिकायत की शिकायत मिलने के बाद पीरबहोर थाना की पुलिस ने जब सीसीटीवी की जांच की तो उसका लास्ट फुटेज जो की पटना जंक्शन के पास मिला। पुलिस प्रिंस की तलाश में अन्य जिलों की पुलिस की मदद मांग रहे। हालांकि, अब तक प्रिंस का कोई लोकेशन प्राप्त नहीं हुआ। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

### लग्जरी कार से 9 लाख का गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**रक्सौल।** हरपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घोड़ासहन और नायक टोला बॉर्डर के बीच सैनिक रोड पर एक लग्जरी कार से 45 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 9 लाख रुपये आंकी जा रही है। बताया गया कि आरोपी नेपाल से गांजे की खेप लाकर सप्लाई के लिए ले जा रहे थे। थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान में पुलिस ने नेपाल के परसा जिले के रहने वाले पन्ना लाल ठाकुर को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने संदिग्ध कार की तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में गांजा छिपा हुआ मिला। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नेपाल से गांजे की खेप लाकर भारतीय शहरों में इसकी आपूर्ति करने की योजना बना रहा था। पुलिस अब गिरफ्तार तस्कर से विस्तृत पूछताछ कर रही है, ताकि इस अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों का भी पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे।

### बिहार को राष्ट्रीय खेलों में मिला स्वर्ण पदक, लॉन बॉल में पश्चिम बंगाल को 15-14 से हराया

**नालंदा।** उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों के 12वें दिन बिहार के लिए एक नया सवेरा लेकर आया। राज्य के विभाजन के बाद से पहली बार, बिहार की बेटियों ने लॉन बॉल की महिला ट्रिपल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। खुशबू कुमारी, निखत खातून और पायल प्रीति की तिकड़ी ने एक रोमांचक फाइनल में पश्चिम बंगाल को 15-14 से पराजित कर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। मैच के दौरान एक समय बिहार की टीम 1-11 से पिछड़ रही थी, लेकिन खिलाड़ियों ने साहस का परिचय देते हुए न केवल स्कोर को 11-11 की बराबरी पर लाया, बल्कि अंतिम क्षणों में विजय भी हासिल की। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने कहा कि यह जीत सिर्फ एक खेल की जीत नहीं है, बल्कि बिहार की बेटियों के संकल्प और क्षमता का प्रमाण है, इस ऐतिहासिक क्षण में बिहार ओलंपिक एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्यों में डॉ. संजय सिन्हा, डॉ. अरुण ओझा और डॉ. पंकज ज्योति भी मौजूद थे। पुरुष वर्ग में भी बिहार ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लॉन बॉल की एकल पुरुष स्पर्धा में चंदन कुमार ने रजत पदक जीता, हालांकि फाइनल में उन्हें झारखंड के सुनील से हार का सामना करना पड़ा।

## कुंभ स्नान से पहले परिवार हुआ हादसे का शिकार

# पति-पत्नी और बहन की दर्दनाक मौत, कई गंभीर

**गया।** महाकुंभ जाने के दौरान फिर सड़क हादसा हुआ है, जिसमें बिहार के गया जिले के एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई, जबकि नौ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी जख्मी लोगों का इलाज पास के अस्पताल में चल रहा है। घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि गया से प्रयागराज जाते समय उत्तर प्रदेश के भदोही के निकट उनकी गाड़ी पंचर हो गई। वाहन में सवार लोगों में पंचर बनवाने के लिए एक दुकान पर खड़े थे। ठीक उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने वाहन के पास खड़े लोगों को रौंद डाला।

उक्त वारदात में परिवार के तीन सदस्य जिसमें आशा पांडे (43), दिलीप कुमार पांडे (38) और अंजली पांडे की मौत मौके पर हो गई। वहीं, साथ रहे नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में एक युवती की हालत गंभीर है। सभी घायलों को वाराणसी के



बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना के बाद भी गया जिले के भाजपा समर्थित लोगों ने दिल्ली की जीत पर किसी प्रकार की खुशी का इजहार नहीं किया। जश्न की तैयारी को रद्द कर घटना की जानकारी लेने से जुट गए। घटना के संबंध में लोगों का कहना है कि शनिवार को गया जिले के शेरघाटी क्षेत्र अंतर्गत मिश्रा टोली मोहल्ला निवासी सुजीत पांडे का पूरा परिवार प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के लिए शुक्रवार को रवाना हुए थे। लगभग 12 सदस्य तीन वाहनों पर सवार होकर गया जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र से रवाना हुए थे।

रास्ते में उन लोगों को घंटों जाम का सामना करना पड़ा। वहीं शनिवार सुबह जब वे लोग यूपी के भदोही के औराई के पास पहुंचे, तो उनके एक गाड़ी का टायर पंचर हो गया। उसके बाद सभी वाहन पर सवार लोगों ने सड़क किनारे एक दुकान पर पंचर बनवाने लगे। इस दौरान सभी दूकान के पास खड़े थे। उसी समय अचानक तेज रफ्तार ट्रक विपरीत दिशा से आया और सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंदते हुए खड़ी वाहन में टकरा गया। उक्त घटना में सुजीत पांडे के भाई दिलीप पांडे और उनकी भाभी आशा पांडे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दिलीप की बहन अंजली इलाज के क्रम में अस्पताल में ही दम तोड़ दी। घटना में शामिल दिलीप पांडे की पत्नी की मौत कोरोना के दौरान हो गई थी। उनका 17 वर्षीय बेटा भी इस हादसे में जख्मी हो गया। आशा पांडे की बेटी की भी हालत गंभीर है। उक्त वारदात की जानकारी मिलते ही गया जिले में मातम छा गया। समाजसेवी विनय कुमार ने बताया कि यह हादसा परिवार के लिए दोहरी त्रासदी लेकर आया है। वारदात की सूचना मिलने के बाद गया जिले के साथ साथ शेरघाटी से अन्य परिजन वाराणसी में स्थित बीएचयू के लिए रवाना हो गए। फिलहाल पुलिस ट्रक को जब्त कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है। वहीं उनका पूरा परिवार अस्पताल में है।

## पिस्टल साफ करने के दौरान चली गोली: पेट में लगी बुलेट



**गोपालगंज।** सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा गांव में शनिवार की रात पिस्टल की सफाई करने के अचानक गोली चल गया। जिससे उस व्यक्ति के पेट में गोली लग गई और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया। जख्मी की पहचाना सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहीमा निवासी शारदा तिवारी के बेटे सत्यपाल तिवारी के रूप में हुई है। बताया गया कि जख्मी सत्यपाल तिवारी एक पिस्टल खरीद कर शुक्रवार को घर लेकर आया था। इसी बीच वह शनिवार की रात पिस्टल की सफाई कर चेक कर रहा था, जिसके बाद टाइगर अचानक दब गई और पिस्टल से फायर हो गया। फायर होने के बाद सत्यपाल के पेट में गोली लगा गई। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। गोली की आवाज सुन का घर के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और तत्काल उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए तत्काल गोरखपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। वही पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# माही के क्रिकेट कोच ने भारत-पाक चैंपियंस ट्रॉफी पर कही बड़ी बात

**सारण।** देश का एक ऐसा खिलाड़ी जो क्रिकेट के दुनियां में बेताज बादशाह होने के साथ ही बैडमिंटन, फुटबॉल, बिलियर्ड्स, टेबल टेनिस के बाद अब लॉन टेनिस खेल रहा है। दुनिया में ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं होगा जो एक साथ इतने खेल को खेल सकता है। क्योंकि खिलाड़ियों में खेल स्प्रिट होना चाहिए। उक्त बातें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उर्फ.माही के कोच चंचल भट्टाचार्य उर्फ चंचल दा ने जिले की ऐतिहासिक धरती रिवीलगंज नगर पंचायत के गोदना गिरी टोला स्थित अरविंद गिरी के पुत्र अनिकेत गिरी के तिलकोत्सव में शामिल होने के दौरान कही। अपने एक दिवसीय निजी कार्यक्रम के दौरान छपरा पहुंचने के बाद प्रमंडलीय मुख्यालय सारण स्थित छपरा शहर के एक मात्र राजेंद्र स्टेडियम का भ्रमण किया। महेंद्र सिंह धोनी के प्रारंभिक दौर की चर्चा करते हुए कहा कि DAV स्कूल के अजय ओझा क्रिकेट टीम में कीपर हुआ करता था। लेकिन, किसी कारणवश मैच के दौरान वह नहीं आया। तो उसके स्कूल टीम के कोच बैनर्जी ने मुझे बताया तो मैंने बोला कि धोनी से विकेट कीपिंग करा लो। हालांकि धोनी उस समय उसी स्कूल में अपने फुटबॉल टीम का गोल कीपर था। तो उसको क्रिकेट टीम में विकेट कीपर के रूप शामिल कर लिया गया। इसके बाद उसका चयन हमेशा के लिए क्रिकेट टीम में हो गया। धोनी को एक सफल क्रिकेटर और अपने छात्र के रूप में आंकलन करते हुए कहा कि मैंने पहले भी बताया है कि 100 प्रतिशत अनुशासन के कारण ही वह आज इस मुकाम को हासिल किया है। उसके अंदर सीखने की ललक थी। सबसे खास बात यह भी है कि हर तरह की बात या कामों को ध्यान पूर्वक सुनने की आदत है। तभी तो वह क्रिकेट की दुनियां में माही के रूप में कीर्तिमान स्थापित किया है। चंचल भट्टाचार्य ने कहा कि धोनी अगर माही बना है, इसमें मेरा कोई योगदान नहीं है। क्योंकि, इसमें उसकी कड़ी मेहनत, लगन और उसका ईमानदारी है। उसने जो भी किया पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ किया है। गुजरे दिनों की यादें को ताजा करते हुए कहा कि रांची में जब बारिश होती थी। तो टोटल ग्राउंड बंद रहता था। उस समय छपरा जैसे आधुनिक ग्राउंड भी नहीं था। तो वह उस समय रांची को छोड़ कर दिल्ली चला जाता था। क्योंकि उस दौरान दिल्ली में एक टूनामेंट होता है। इसका टेम्प्रेचर 42 डिग्री होता है। इसमें वह स्टेट खेलता था। लोग स्टेट खेलकर दो चार दिन आराम करते हैं, लेकिन वह थोड़ा सा भी आराम नहीं करता था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसके अंदर डिसिप्लिन बहुत था। कोच द्वारा कही गई बातों को कभी भी टालता नहीं था। हालांकि पैसे की कमी होने के बावजूद भी दोस्तो से पैसा लेकर किसी तरह अपना काम




कर लेता था। शायद यही कारण है कि उसने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को 15 साल दिया है। वह भी बगैर किसी विवाद का रहा जो अपने आप मे अनुशासन का एक अनूठा प्रमाण है। वैसे तो हर किसी के जीवन में अंकों का खेल होता है, कुछ इसी तरह धोनी की ज़िंदगी में भी लक्की नंबर सात का होना बहुत कुछ कहता है। धोनी के जीवन में सात नंबर का बहुत महत्व है। क्योंकि धोनी का जन्म सात जुलाई को है। तो इसमें महीना और तारीख दोनों सात है। उसके बाद उसका भारतीय क्रिकेट अ टीम में सात जुलाई 2004 को ही चयन हुआ था। जिस कारण अपनी जर्सी का नंबर भी उसने सात ही रखा है। चंचल भट्टाचार्य ने कि क्रिकेट के परिपक्ष में भारतीय टीम को देखा जाए तो ऋषभ पंत एक अच्छा और प्रतिभावान खिलाड़ी है। यह बोलना बेमानी नहीं होगी कि जितना जल्दी पंत ने अपने आप को वापसी किया है, शायद उतना जल्दी एक क्रिकेटर ही वापसी कर सकता है। हाल के दिनों के लिए निश्चित रूप से ऋषभ पंत स्टार क्रिकेटर है। हालांकि बहुत क्रिकेटर अभी आ रहे हैं, क्रिकेट के क्षेत्र में बहुत तरह की सुविधाएं बढ़ती जा रही है, तो निश्चित रूप से अच्छे-अच्छे क्रिकेटर आएंगे। धोनी पर आरोप लगता रहा है कि उन्होंने बिहार और झारखंड के खिलाड़ियों के लिए कुछ नहीं किया है, इस सवाल के जवाब में चंचल भट्टाचार्या ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। बड़ी बड़ी हस्तियों पर आरोप लगाना बहुत आसान होता है। कोई भी व्यक्ति किसी पर कभी भी आरोप देता है। जब भी समय मिलता है तो खेल के मैदान में वह नवोदित खिलाड़ियों को क्रिकेट का गुड बारीकियों के साथ सिखाता ही रहता है। हां लेकिन यह कह सकते हैं कि बिहार के लिए कुछ नहीं किया है। हालांकि उसने पहला मैच बिहार के रणजी टीम से वर्ष 1995 के आसपास में खेला था। जिसमें पूरे बिहार की टीम ने 365 रन बनाई थी और पंजाब की तरफ से अकेले युवराज सिंह ने 366 रन बनाकर मैच को जीता दिया था। हाल के दिनों में चैंपियन ट्रॉफी को लेकर हिंदुस्तान और पाकिस्तान में विवाद चल रहा है। जिस कारण भारतीय टीम पाकिस्तान में क्रिकेट मैच खेलने नहीं जा रही है। इस संबंध में उनका कहना है कि यह सब राजनीति है। ऐसा नहीं होना चाहिए। खेल और खिलाड़ियों के बीच खेल की भावना होनी चाहिए। लेकिन सरकार का निर्णय है तो उसको भी मानना चहिए। खिलाड़ी के रूप में वहां जाकर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होना चहिए। किसी का वर्तमान खराब है तो कल फिर अच्छा होगा। लेकिन अनुभव तो टीम में रहना ही चाहिए। आप लोग बोलते है कि आज नही चला। ठीक है उसका खराब दिन चल रहा है, सबका दिन एक जैसा नहीं रहता है। समय का क्या वह तो आते जाते रहता है। शायद कुछ ऐसा ही विराट कोहली और रोहित शर्मा का दिन चल रहा है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। इन दोनों का एक बार फिर शानदार तरीके से वापसी होगी। क्योंकि रात के बाद सुबह होती है। धोनी के बारे में ही चर्चा किया जाए तो जब वह पहली बार टीम में आया था। तो उस समय किरण मोरे साहब मुख्य चयनकर्ता थे। उनके द्वारा धोनी को बैठाने की बात चल रही थी। तब हमारे अमिताभ चौधरी ने उनसे आग्रह किया था कि एक मौका उनको देकर देखना चाहिए। उसी एक मौके ने धोनी का शिखर की बुलंदियों तक पहुंचा दिया है। क्योंकि किसी भी इंसान या खिलाड़ी को एक मौका जरूर मिलना चाहिए। ताकि वह अपनी काबिलियत दिखा सके। जिस कारण उन्हें अपने जगह पर नए नए खिलाड़ियों को मौका देना चाहिए। हालांकि धोनी ने अपने कप्तानी में नए-नए खिलाड़ियों को मौका देने का प्रचलन शुरू किया था। क्योंकि नवोदित खिलाड़ी 10 मैच वरीय खिलाड़ियों के साथ खेलता है तो उनका मनोबल बढ़ जाता है।



# हनुमानजी अपनी शक्ति क्यों भूल गए थे?

श्री सीता हरण के बाद हनुमानजी और श्रीराम का मिलन हुआ और हनुमानजी ने श्रीराम को सुग्रीव, जामवंत आदि वानरयूथों से मिलाया। फिर जब लंका जाने के लिए रामसेतु बनाया गया तो श्रीराम ने हनुमानजी को लंका जाने का आदेश दिया, परंतु हनुमानजी ने लंका जाने में अपनी असमर्थता जताई तब जामवंतजी ने हनुमानजी को उनकी शक्तियों की याद दिलाई। परंतु सवाल यह है कि हनुमानजी अपनी शक्ति क्यों भूल गए थे? दरअसल, हनुमानजी को कई देवताओं ने विभिन्न प्रकार के वरदान और अस्त्र-शस्त्र दिए थे। इन वरदानों और अस्त्र-शस्त्र के कारण बचपन में हनुमानजी उधम मचाने लगे थे। खासकर वे ऋषियों के बगीचे में घुसकर फल, फूल खाते थे और बगीचा उजाड़ देते थे। वे तपस्यारत मुनियों को तंग करते थे। उनकी शरारतें बढ़ती गई तो मुनियों ने उनकी शिकायत उनके पिता केसरी से की। माता-पिता में खूब समझाया कि बेटा ऐसा नही करते, परंतु हनुमानजी शरारत करने से नही रुके तो एक दिन अंगिरा और भृगुवंश के ऋषियों ने कुपित होकर उन्हें श्राप दे दिया कि वे अपने शक्तियों और बल को भूल जाएंगे परंतु उचित समय पर उन्हें उनकी शक्तियों को कोई याद दिलाएगा तो याद आ जाएगी। फिर जब हनुमानजी को श्रीराम का कार्य करना था तो जामवंत जी का हनुमानजी के साथ लंबा संवाद होता है। इस संवाद में वे हनुमानजी के गुणों का बखान करते हैं और तब हनुमानजी को अपनी शक्तियों का आभास होने लगता है। अपनी शक्तियों का आभास होते ही हनुमानजी विराट रूप धारण करते हैं और समुद्र को पार करने के लिए उड़ जाते हैं।



# तुरंत सिद्ध होते हैं साबर मंत्र

**वैदिक अथवा तांत्रोक्त अनेक ऐसे मंत्र हैं, जिसमें साधना करने के लिए अत्यंत सावधानी की जरूरत होती है। असावधानी से कार्य करने पर प्रभाव प्राप्त नहीं होता अथवा सारा श्रम व्यर्थ चला जाता है, परंतु शाबर मंत्रों की साधना या सिद्धि में ऐसी कोई आशंका नहीं होती। यह सही है कि इनकी भाषा सरल और सामान्य होती है।**

माना जाता है कि लगभग सभी साबर साधनाओं और मंत्रों का अविष्कार गुरु गोरखनाथ ने किया है। यह मंत्र बहुत जल्दी ही सिद्ध भी हो जाते हैं और इनकी साधनाएं बहुत ही सरल होती हैं। ओम गुरुजी को आदेश गुरजी को प्रणाम, धरती माता धरती पिता, धरती धरे ना धीरबाजे श्रीगी बाजे तुरतुरि आया गोरखनाथमीन का पुत मुंज का छड़ा लोहे का कड़ा हमारी पीठ पीछे यति हनुमंत खड़ा, शब्द सांचा पिंड काचास्फुरो मन्त्र ईश्वरो वाचा।।

इस मन्त्र को सात बार पढ़ कर चाकू से अपने चारों तरफ रक्षा रेखा खींच ले गोलाकार, स्वयं हनुमानजी साधक की रक्षा करते हैं। शर्त यह है कि मंत्र को विधि विधान से पढ़ा गया हो।

साबर मंत्रों को पढ़ने पर ऐसा कुछ भी अनुभव नहीं होता कि इनमें कुछ विशेष प्रभाव है, परंतु मंत्रों का जप किया जाता है तो असाधारण सफलता दृष्टिगोचर होती है। कुछ मंत्र तो ऐसे हैं कि जिनको सिद्ध करने की जरूरत ही नहीं है, केवल कुछ समय उच्चारण करने से ही उसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देने लगता है। यदि किसी मंत्र की संख्या निर्धारित नहीं है तो मात्र 1008 बार मंत्र जप करने से उस मंत्र को सिद्ध समझना चाहिए। दूसरी बात शाबर मंत्रों की सिद्धि के लिए मन में दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति का होना आवश्यक है। जिस प्रकार की इच्छा शक्ति साधक के मन में होती है, उसी प्रकार का लाभ उसे मिल जाता है। यदि मन में दृढ़ इच्छा शक्ति है तो अन्य किसी भी बाह्य परिस्थितियों एवं कुविचारों का उस पर प्रभाव नहीं पड़ता।



# छठी इंद्री क्या होती है, इसे कैसे जाग्रत किया जा सकता है

- छठी इंद्री को अंग्रेजी में सिक्स्थ सेंस कहते हैं। यह क्या होती है, कहां होती है और कैसे इसे जाग्रत किया जा सकता है यह जानना भी जरूरी है। इसे जाग्रत करने के लिए वेद, उपनिषद, योग आदि हिन्दू ग्रंथों में अनेक उपाय बताए गए हैं। नास्त्रेदमस इसी तरह के उपायों से भविष्यवक्ता बने थे।
- मस्तिष्क के भीतर कपाल के नीचे एक छिद्र है, उसे ब्रह्मरंध्र कहते हैं, वहीं से सुषुन्मा नाड़ी सहस्रकार के जुड़कर रीढ़ से होती हुई मूलाधार तक गई है। इसी नाड़ी के बायीं ओर इड़ा और दायीं ओर पिंगला नाड़ी स्थित है। दोनों के बीच सुप्तावस्था में छठी इंद्री स्थित है।
- यह छठी इंद्री ही हमें हर वक्त आने वाले खतरे या भविष्य में होने वाली घटनाओं का आभास करती रहती है लेकिन कुछ लोग इसे स्पष्ट समझ लेते हैं और कुछ नहीं। यदि आप इसे समझें तो आपके साथ घटने वाली घटनाओं के प्रति ये इंद्री आपको सजग कर देगी।
- छठी इंद्री जाग्रत होने से व्यक्ति में भूत और भविष्य में झांकने की क्षमता आ जाती है। ऐसा व्यक्ति मीलों दूर बैठे व्यक्ति की बातें सुन सकता और उसे देख भी सकता है। दूसरों के मन की बात जान ही नहीं सकता बल्की उनका मन बदल भी सकता है और दूसरों की बीमारी दूर की जा सकती है।
- वैज्ञानिकों के अनुसार छठी इंद्री कल्पना नही, वास्तविकता है, जो हमें किसी घटित होने वाली घटना का पूर्वाभास कराती है। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के रॉन रेंसिक के अनुसार छठी इंद्रिय के कारण ही हमें भविष्य में होने वाली घटनाओं का पूर्वाभास होता है।
- छठी इंद्री को जाग्रत करने का बहुत ही सरल तरीका है। तीन माह के लिए खुद को परिवार और दुनिया से काटकर आपको योग की शरण में जाना होगा। यम, नियम, प्राणायम और योगासन करते हुए लगातार ध्यान करना होगा।
- प्राणायाम सबसे उत्तम उपाय इसलिए माना जाता है क्योंकि हमारी दोनों भौहों के बीच छठी इंद्री होती है। सुषुम्ना नाड़ी के जाग्रत होने से ही छठी इंद्री जाग्रत हो जाती है। प्राणायम के माध्यम से छठी इंद्री को जाग्रत किया जा सकता है।
- मेस्मेरिज्म या हिप्नोटिज्म जैसी अनेक विद्याएं इस छठी इंद्री को जाग्रत करने का सरल और शॉर्टकट रास्ता है लेकिन इसके खतरे भी हैं। हिप्नोटिज्म को सम्मोहन कहते हैं। सम्मोहन विद्या को ही प्राचीन समय से 'प्राण विद्या' या 'त्रिकालविद्या' के नाम से पुकारा जाता रहा है।
- मन के कई स्तर होते हैं। उनमें से एक है सुक्ष्म शरीर से जुड़ा हुआ आदिम आत्म चेतन मन। यह मन हमें आने वाले रोग या खतरें का संकेत देकर उससे बचने के तरीके भी बताता है। इस मन को प्राणायाम या सम्मोहन से साधा जा सकता है।
- त्राटक क्रिया से भी इस छठी इंद्री को जाग्रत कर सकते हैं। आप बिना पलक गिराए किसी एक बिंदु, क्रिस्टल बॉल, मोमबत्ती या घी के दीपक की ज्योति पर देखते रहिए। इसके बाद आंखें बंद कर ध्यान करें। कुछ समय तक इसका अभ्यास करें। इससे धीरे-धीरे छठी इंद्री जाग्रत होने लगेगी।
- ऐसा कई बार देखा गया है कि कई लोगों ने अंतिम समय में अपनी बस, ट्रेन अथवा हवाई यात्रा को कैंसिल कर दिया और वे चमत्कारिक रूप से किसी दुर्घटना का शिकार होने से बच गए। बस यही छठी इंद्री का कमाल है। आप इसे पहचानें क्योंकि यह सभी संवेदनशील लोगों के भीतर होती है।
- यदि आपको यह आभास होता है कि पीछे कोई चल रहा है या दरवाजे पर कोई खड़ा है। कुछ होनी-अनहोनी होने वाली है या कोई खुशी का समाचार मिलने वाला है तो आप अपनी इस क्षमता पर लगातार गौर करें और ध्यान देंगे तो यह विकसित होने लगेगी। जैसे-जैसे अभ्यास गहराएगा आपकी छठी इंद्री जाग्रत होने लगेगी और आप भविष्यवक्ता बन जाएंगे।

# 9 प्रमुख मणियां किस मणि को धारण करने से क्या होता है

आपने पारस मणि, नागमणि, कौस्तुभ मणि, चंद्रकांता मणि, नीलमणि, स्यमंतक मणि, स्फटिक मणि आदि का नाम तो सुना ही होगा, परंतु ही यहां निम्नलिखित नौ मणियों की बात कर रहे हैं- घृत मणि, तैल मणि, भीष्मक मणि, उपलक मणि, स्फटिक मणि, पारस मणि, उलूक मणि, लाजावर्त मणि, मासर मणि। आओ जानते हैं कि इन मणियों को धारण करने से क्या होता है। हालांकि यह सभी बातें मान्यता पर आधारित हैं।

- घृत मणि की माला धारण कराने से बच्चों को नजर से बचाया जा सकता है।
- स्फटिक मणि को धारण करने से कभी भी लक्ष्मी नहीं रूठती।
- तैल मणि को धारण करने से बल-पौरूष की वृद्धि होती है।
- भीष्मक मणि धन-धान्य वृद्धि में सहायक है।
- उपलक मणि को धारण करने वाला व्यक्ति भक्ति व योग को प्राप्त करता है।
- उलूक मणि को धारण करने से नेत्र रोग दूर हो जाते हैं।
- लाजावर्त मणि को धारण करने से बुद्धि में वृद्धि होती है।
- मासर मणि को धारण करने से पानी और अग्नि का प्रभाव कम होता है।



# तेलमणि को धारण करने से होती हैं सभी मनोकामनाएं पूर्ण

आपने पारस मणि, नागमणि, कौस्तुभ मणि, चंद्रकांता मणि, नीलमणि, स्यमंतक मणि, स्फटिक मणि आदि का नाम तो सुना ही होगा, परंतु ही यहां निम्नलिखित नौ मणियों की बात कर रहे हैं- घृत मणि, तैल मणि, भीष्मक मणि, उपलक मणि, स्फटिक मणि, पारस मणि, उलूक मणि, लाजावर्त मणि, मासर मणि। आओ जानते हैं कि तेलमणि को धारण करने से क्या होता है। हालांकि यह सभी बातें मान्यता पर आधारित हैं।

- तेलमणि को उदउक, उदोक भी कहते हैं और अंग्रेजी में टूर्मेलीन कहा जाता है।
- लाल रंग की आभा लिए हुए श्वेत, पीत व कृष्ण वर्ण की होती है तेलमणि और स्पर्श करने से तेल जैसा चिकना ज्ञात होता है।
- कहते हैं कि श्वेत रंग की तेलमणि को अग्नि में डालने पर ही पीत वर्ण की तथा कपड़े में लपेट कर रखने पर तीसरे दिन पीत वर्ण की हो जाती है। लेकिन बाहर निकालकर हवा में रखने से कुछ समय बाद ही यह पुन: अपने असली रंग में बदल जाती है।
- इस मणि को धारण करने से भक्ति भाव, वैराग्य तथा आत्म ज्ञान प्राप्त होकर सभी तरह की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।
- कहते हैं कि रोहिणी नक्षत्र, पूर्णिमा या मंगलवार के दिन तेलमणि को जिस खेत में 4-5 हाथ गहरे गड्ढे में खोदकर दबा दिया जाए और मिट्टी से ढंककर सींचा जाए तो सामान्य से बहुत अधिक अन्न उत्पन्न होता है।

# इन कारणों से दिखाई देते हैं हमें अच्छे या बुरे सपने

**मनोविज्ञान, आयुर्वेद, ज्योतिष और योग में अच्छे या बुरे सपने दिखाई देने के कई कारण बताए गए हैं। जब हम कोई स्वप्न देखते हैं तो जरूरी नहीं कि प्रत्येक सपने का अच्छा या बुरा फल होता है। आओ जानते हैं कि सपने किन कारणों से दिखाई देते हैं।**

अधिकतर सपने हमें हमारी दिनचर्या में किए गए कार्य से प्राप्त होते हैं। कार्य का अर्थ हमने जो देखा, सुनना, समझा, इच्छा किया और भोगा वह हमारे चित्त में विराजित होकर रात में स्वप्नों के रूप में दिखाई देता है। यह सब बदले स्वरूप में इसलिए भी होते हैं क्योंकि वे हमारे शरीर में स्थित भोजन और पानी की स्थिति और अवस्था से भी संचालित होते हैं। निम्नलिखित बातों से आप समझ सकते हैं। इन कारणों से दिखाई देते हैं स्वप्न :-

- दृष्ट- जो जाग्रत अवस्था में देखा गया हो उसे स्वप्न में देखना।
- श्रुत- सोने से पूर्व सुनी गई बातों को स्वप्न में देखना।
- अनुभूत- जो जागते हुए अनुभव किया हो उसे देखना।
- प्रार्थित- जाग्रत अवस्था में की गई प्रार्थना की इच्छा को स्वप्न में देखना।
- दोषजन्य- वात, पित्त आदि दूषित होने से स्वप्न देखना।
- भाविक- जो भविष्य में घटित होना है, उसे देखना।

अत: अब आप जान सकते हैं कि आपने जो सपने देखे हैं वे किस श्रेणी के हैं। इससे आप यह भी अनुमान लगा सकते हैं कि आपका सपना शुभ होगा या अशुभ।



# हिन्दू धर्म में सफेद वस्त्र का क्या है महत्व



**हिन्दू धर्म में सफेद वस्त्र का बहुत महत्व है। सफेद रंग हर तरह से शुभ माना गया है, लेकिन वक्त के साथ लोगों ने इस रंग का मांगलिक कार्यों में इस्तेमाल बंद कर दिया। हालांकि प्राचीनकाल में सभी तरह के मांगलिक कार्यों में इस रंग के वस्त्रों का उपयोग किया जाता था। यह रंग शांति, शुभता, पवित्रता और मोक्ष का रंग है।**

**लक्ष्मी का वस्त्र** : सच तो यह है कि सफेद रंग सभी रंगों में अधिक शुभ माना गया है इसीलिए कहते हैं कि लक्ष्मी हमेशा सफेद कपड़ों में निवास करती है।

**मांगलिक वस्त्र** : 20-25 वर्षों पहले तक लाल जोड़े में सजी दुल्हन को सफेद ओढ़नी ओढ़ाई जाती थी। इसका यह मतलब कि दुल्हन ससुराल में पहला कदम रखे तो उसके सफेद वस्त्रों में लक्ष्मी का वास हो। आज भी ग्रामीण क्षेत्र में सफेद ओढ़नी की परंपरा का पालन किया जाता है।

**यज्ञकर्ता का वस्त्र** : प्राचीन काल में जब भी यज्ञ किया जाता था तो पुरुष और महिला दोनों ही सफेद वस्त्र ही धारण करके बैठते थे। पुरोहित वर्ग इसी तरह के वस्त्र पहनकर यज्ञ करते थे। दूसरी ओर आज भी किसी भी सम्मान समारोह आदि में सफेद कुर्ता और धोती पहनने का रिवाज है।

**विधावा का वस्त्र** : यदि किसी का पति मर गया तो उसे विधवा और किसी की पत्नी मर गई है तो उसे विधुर कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार पति की मृत्यु के नौवें दिन उसे दुनियाभर के रंगों को त्यागकर सफेद साड़ी पहननी होती है, वह किसी भी प्रकार के आभूषण एवं श्रृंगार नहीं कर सकती। स्त्री को उसके पति के निधन के कुछ सालों बाद तक केवल सफेद वस्त्र ही पहनने होते हैं और उसके बाद यदि वह रंग बदलना चाहे तो बेहद हल्के रंग के वस्त्र पहन सकती है। मध्यकाल में हिन्दू धर्म में कई तरह की बुराइयां सम्मलित हुई उसमें एक यह भी थी कि कोई स्त्री यदि विधवा हो जाती थी तो वह दूसरा विवाह नहीं कर पाती थी। हालांकि आज भी उत्तर भारत के ग्रामीण इलाकों में विधवा विवाह का प्रचलन है जिसे नाता कहा जाता है। कोई स्त्री पुनर्विवाह का निर्णय लेती है, तो इसके लिए वह स्त्रतंत्र है। आज समाज का स्वरूप बदल रहा है। विधवाएं रंगीन वस्त्र भी पहन रही है और शादी भी कर रही हैं। वेदों में एक विधवा को सभी अधिकार देने एवं दूसरा विवाह करने का अधिकार भी दिया गया है। वेदों में एक कथन शामिल है-

*'उदीर्ष्व नार्यभि जीवलोकं गतासुमेतमुप शेष एहि। हस्तग्राभस्य दिधिषोस्तवेदं पत्युर्जनित्वमभि सम्बभूथ।'*

अर्थात पति की मृत्यु के बाद उसकी विधवा उसकी याद में अपना सारा जीवन व्यतीत कर दे, ऐसा कोई धर्म नहीं कहता। उस स्त्री को पूरा अधिकार है कि वह आगे बढ़कर किसी अन्य पुरुष से विवाह करके अपना जीवन सफल बनाए। चार कारणों से विधवा महिलाओं को सफेद वस्त्र दिए गए। पहला यह कि यह रंग कोई रंग नहीं बल्कि रंगों के अनुपस्थिति है। मतलब यह कि अब जीवन में कोई रंग नहीं बचा। दूसरा यह कि इससे महिला की एक अलग पहचान बन जाती है और लोग उसे सहानुभूति एवं संवेदना रखते हैं। तीसरा यह कि सफेद रंग आत्मविश्वास, सात्विक और शांति का रंग है। इसके साथ ही सफेद वस्त्र विधवा स्त्री को प्रभु में अपना ध्यान लगाने में मदद करते हैं। चौथा कराण यह कि इससे महिला का कहीं ध्यान नहीं भटकता है और उसे हर वक्त इसका अहसास होता है कि वह पवित्र है। पांचवां कारण यह कि यदि महिला के कोई पुत्र या पुत्री है तो वह अपने भीतर नैतिकता और जिम्मेदारी का अहसास करती रहे ताकि वह दूसरा विवाह नहीं करें। दोबारा शादी नहीं करने से पुत्र पुत्रियों के जीवन पर विपरित या प्रतिकुल असर नहीं पड़ता है।

# ऑस्ट्रेलिया ने 9 विकेट से जीता दूसरा टेस्ट, श्रीलंका को किया क्लीन स्वीप

**गाले (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरा टेस्ट 9 विकेट से जीतकर दो मैच की श्रृंखला में श्रीलंका का 2-0 से सूपड़ा साफ किया। श्रीलंका के 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्नस लाबुशेन (नाबाद 26) ने चौथे दिन लंच से 15 मिनट पहले संन्यास ले रहे दिमुथ करुणारत्ने की गेंद को मिड विकेट पर एक रन के लिए खेलकर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 75 रन पर पहुंचाकर टीम को जीत दिलाई।

सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया ने 2011 से श्रीलंका में पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीती है। टीम ने तब रिकी पोंटिंग की अगुआई में श्रीलंका को 1-0 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया को 2016 में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में श्रीलंका में 3-0 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा जबकि 2022 में श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही। पैट कमिंस की जगह कप्तानी कर रहे स्मिथ ने इस तरह श्रृंखला जीतकर राहत की सांस ली होगी।

श्रीलंका ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 211 रन और सिर्फ 54 रन की बढ़त के साथ की। उप कप्तान कुसाल मेंडिस ने नाथन लियोन की गेंद को डीप कवर में खेलकर मैच का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसी ओवर में शॉर्ट स्क्वायर लेग पर स्मिथ को कैच दे बैठे। यह स्मिथ का टेस्ट क्रिकेट में 200वां कैच था। उनसे पहले सिर्फ चार खिलाड़ियों जाक कैलिस, महेला जयवर्धने, राहुल द्रविड़ और जो रूट ने यह उपलब्धि हासिल की है। ब्यू वेबस्टर ने लाहिरू कुमारा (09) को बोल्ड करके श्रीलंका की पारी का अंत किया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैथ्यू कुहनेमैन ने 63 जबकि लियोन ने 84 रन देकर चार-चार विकेट चटकाए। श्रीलंका के 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (20) और ख्वाजा ने सात ओवर में 38 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत की। प्रबाथ जयसूर्या ने हेड को पवेलियन भेजा लेकिन ख्वाजा ने लाबुशेन के साथ 37 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार चौथी टेस्ट जीत और श्रीलंका की लगातार चौथी हार है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जून में होगा।




# वरुण एकदिवसीय डेब्यू करने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी बने



**कटक (एजेंसी)।** 33 साल के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया। इसी के साथ ही वरुण एकदिवसीय में डेब्यू करने वाले देश के सबसे अधिक उम्र के दूसरे खिलाड़ी बन गये हैं। भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक उम्र में एकदिवसीय डेब्यू का फारुख इंजीनियर के नाम हैं। फारुख इंजीनियर ने 36 साल की उम्र में 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय डेब्यू किया था। वरुण को इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के कारण एकदिवसीय में जगह मिली। वरुण को अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने डेब्यू कैप सौंपी। इससे पहले नागपुर में सीरीज के शुरुआती मैच में यशस्वी जायसवाल और हर्षित राणा ने एकदिवसीय डेब्यू किया था।

भारतीय टीम की ओर से एकदिवसीय में सबसे अधिक उम्र में डेब्यू करने वालों में पूर्व कप्तान अजीत वाडेकर भी शामिल हैं। वाडेकर ने

33 वर्ष 103 वर्ष की उम्र में 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था। वहीं दिलीप दोशी ने 32 वर्ष 350 दिन की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1980 में मेलबर्न में डेब्यू किया था।

# रोहित शर्मा ने इस मामले में राहुल द्रविड़ को पछाड़ा, क्रिस गेल से भी निकले आगे



**कटक (एजेंसी)।** कटक में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा वनडे मैच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कटक में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे हैं दूसरे वनडे मैच में दो बड़े काम किए हैं। रोहित इस मैच से पहले राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ने के करीब था। अपनी बल्लेबाजी से रोहित ने ये काम कर दिया है। इतना ही नहीं, रोहित ने वेस्टइंडीज के तूफानी बल्लेबाजी क्रिस गेल को भी पछाड़ दिया है।

रोहित वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में राहुल द्रविड़ से आगे निकल गए हैं। राहुल के 344 वनडे मैचों में 10,889 रन हैं। इस मैच से पहले रोहित के 267 मैचों में 10,868 रन थे। वह 22 रन पीछे थे। कटक में रोहित ने इतने रन बना लिए और राहुल को पछाड़ दिया है।


रोहित ने पारी की शुरुआत में दो शानदार छक्के मारे। इसी के साथ वह वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में गेल से आगे निकल गए हैं। गेल के नाम वनडे में 331 छक्के हैं। रोहित इससे आगे निकल गए हैं। रोहित इस मैच में अपने पुराने रंग में नजर आ रहे हैं। उन्होंने दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर गस एटकिंसन पर छक्का लगाया। तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर उन्होंने साकिब महमूद की गेंद पर एक और बेहतरीन छक्का जड़ दिया।

# रचिन रविंद्र के सिर लगी भयानक चोट पर अपडेट: न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताई खिलाड़ी की हालत

**लाहौर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने ऑलराउंडर रचिन रविंद्र के बारे में अपडेट दिया जिन्हें पाकिस्तान में त्रिकोणीय सीरीज के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण चोट लग गई। 8 फरवरी को सिर पर चोट लगने के बाद रचिन को मैदान से बाहर ले जाया गया था। डीप स्क्वायर लेग पर फील्डिंग करते समय वह कैच लेने की कोशिश में थे, लेकिन लाइट की वजह से गेंद उनकी नजर से ओझल हो गई और सिर पर चोट लग गई।

मैदान पर रचिन के शरीर से बहुत ज्यादा खून बहने लगा और टीम का मेडिकल स्टाफ ने उन्हें तुरंत मैदान से बाहर ले जा गया। न्यूजीलैंड ने खिलाड़ी के बारे में अपडेट जारी करते हुए कहा कि उन्होंने उसके सिर पर लगी चोट का इलाज कर दिया है और वह ठीक है।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, '38वें ओवर में कैच लेने की कोशिश करते समय माथे पर गेंद लगने के बाद रविंद्र को मैदान से बाहर जाना पड़ा। उनके माथे पर चोट लगी है जिसका इलाज मैदान पर ही किया गया है, लेकिन वह ठीक हैं। वह अपने पहले एचआईए (हेड इंजरी



असेसमेंट) से ठीक हो गए हैं और एचआईए प्रक्रियाओं के तहत उनकी निगरानी जारी रहेगी।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स जिन्हें शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ शतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, ने इस पल को 'भयानक' बताया, लेकिन प्रशंसकों को आश्वस्त किया कि रवींद्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। फिलिप्स ने कहा, 'उन्होंने रोशनी में गेंद नहीं दिखी और दुर्भाग्य से गेंद उन्हें लगी।' फिलिप्स ने कहा, 'लेकिन वह पूरे समय होश में रहे, जो शानदार है। उनकी निगरानी की जा रही है और मुझे यकीन है कि वह जल्द से जल्द खेलने के लिए तैयार होंगे।'

गौर हो कि इस त्रिकोणीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड को लगी दूसरी चोट थी। इससे पहले तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन को आईएलटी20 में लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया था। हालांकि रचिन रविंद्र की चोट खेल में एक बड़ा झटका थी, लेकिन न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत पाकिस्तान के खिलाफ मैच जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करने के बाद न्यूजीलैंड ने अपने निर्धारित 50 ओवरों में 330/6 का विशाल स्कोर बनाया जिसमें ग्लेन फिलिप्स (74 गेंदों पर 106*) ने शानदार शतक बनाया। जवाब में पाकिस्तान की टीम 47.5 ओवरों में 252 रनों पर ढेर हो गई जिसमें मिशेल सेंटनर (3/41) और मैट हेनरी (3/53) ने 3-3 विकेट लिए।

# पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम, सेना और अर्धसैनिक बल के हाथ कमान

लाहौर। पाकिस्तान सरकार ने देश में आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सैन्य और अर्धसैनिक रेंजरों का उपयोग करने को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक संघीय मंत्रिमंडल ने इस बड़े आयोजन के लिए मजबूत सुरक्षा की योजना को मंजूरी दे दी है जिसमें सेना और रेंजरों का उपयोग होगा। सरकार ने 19 फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए लाहौर, कराची और रावलपिंडी के मैदानों और टीम होटलों में सुरक्षा प्रदान करने के लिए पहले से ही कमांडो इकाइयों सहित 10,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी देश के गृह मंत्री भी हैं। वह व्यक्तिगत तौर पर टूर्नामेंट के लिए सभी सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख कर रहे हैं। भारत ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। टीम अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा कि नकवी ने सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा से समझौता किए बिना मैचों के लिए स्टेडियम में दर्शकों के सुचारू प्रवेश को सुनिश्चित करने के सर्वोत्तम तरीके पर भी चर्चा की।

# श्रेयस की टीम में जगह पक्कीन होने से हैरान रिकी पोंटिंग

नई दिल्ली। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने भी भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के टीम इंडिया में शामिल नहीं होने पर हैरानी जताई है। अय्यर ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप में 11 मैचों में 530 रन बनाए और भारत को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। इसके बावजूद बीसीसीआई ने उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया। लेकिन अय्यर ने आईपीएल 2024 में अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को चैंपियन बनाकर करारा जवाब दिया। वह सीमित ओवरों के ही नहीं, बल्कि टेस्ट फॉर्मेट में भी शानदार बल्लेबाज हैं। इसके बावजूद उन्हें टीम से अंदर-बाहर किया जाता रहा है। अय्यर ने नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में 36 गेंदों पर 59 रन बनाकर अपनी काबिलियत का एक और उदाहरण पेश किया। वहीं, घरेलू क्रिकेट में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई के लिए दो शतक जड़कर उन्होंने साबित किया कि वह किसी भी स्थिति में रन बना सकते हैं। रिकी पोंटिंग भी अय्यर की अनदेखी से हैरान हैं। पोंटिंग ने कहा, मैं हैरान हूं कि वह पिछले कुछ सालों से भारतीय टीम से अंदर-बाहर हो रहे हैं। उन्होंने 2023 वर्ल्ड कप में मध्यक्रम में बेहतरीन बल्लेबाजी की थी और मुझे लगा था कि उन्होंने अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन फिर उन्हें चोट लग गई और वह टीम से बाहर हो गए। आईपीएल 2024 में श्रेयस अय्यर को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा है, जो उनके कौशल और महत्व को दर्शाता है।

# लाल रूमाल को सौभाग्य का प्रतीक मानते रहे हैं कई खिलाडी



नई दिल्ली। बीते दिनों हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सिर पर लाल रूमाल बांधकर बल्लेबाजी की और ताबड़तोड़ चौके-छक्कों की बरसात कर दी। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में सिर्फ बल्ले से ही नहीं, बल्कि गेंद से भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया, जिससे भारत की जीत में उनका अहम योगदान रहा। दिलचस्प बात यह रही कि अभिषेक शर्मा से पहले भी कई दिग्गज खिलाड़ी लाल रूमाल को अपने सौभाग्य का प्रतीक मानते रहे हैं। वीरेंद्र सहवाग, सौरव गांगुली और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ भी लाल रूमाल का उपयोग कर चुके हैं। लाल किताब के अनुसार, सिर पर टोपी पहनना, पगड़ी बांधना या लाल रूमाल रखना सौभाग्य को बढ़ाता है। ज्योतिष के अनुसार, लाल रंग ऊर्जा, जोश और आत्मविश्वास का प्रतीक होता है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मक शक्ति को आकर्षित करता है। विशेष रूप से मेष राशि वालों के लिए लाल रंग अत्यधिक शुभ माना जाता है, क्योंकि इसका स्वामी ग्रह मंगल होता है। अभिषेक शर्मा का जन्म 4 सितंबर 2000 को हुआ था और उनकी राशि मेष है। ज्योतिष के अनुसार, मेष राशि के जातकों के लिए मंगल ग्रह का मजबूत होना सफलता दिलाने में मदद करता है।

# पीवी सिंधू चोटिल, बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चीन में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है जिससे देश की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक का रंग सुधारने की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा है। यह टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ में खेला जाएगा।

भारतीय खिलाड़ी अभी गुवाहाटी में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। सिंधू के अलावा शिविर में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था।

सिंधू ने एक पोस्ट में कहा, 'मैं भारी मन से यह बता रही हूं कि मैं बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। चार फरवरी को गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियों में दर्द महसूस हुआ। अपने देश के लिए पट्टी लगाकर खेलने के प्रयास करने के बावजूद एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरुआत में जितना लगा था चोट के ठीक होने में उससे अधिक समय लगेगा।'



सिंधू बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला महिला एकल स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं। इस स्टार खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह 2022 में विश्व चैंपियनशिप और विश्व टूर फाइनल सहित सभी शेष प्रतियोगिताओं से बाहर हो गई थी।

बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ कठिन ग्रुप डी में रखा गया है। भारत अपना अभियान 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ शुरू करेगा जिसके बाद 13 फरवरी को दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा मुकाबला होगा। सिंधू ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह टीम की हौसलाअफजाई करेंगी।

# मैनचेस्टर सिटी कड़े मुकाबले में ओरिएंट को हराकर एफए कप के पांचवें दौर में



लंदन। रीयाल मैड्रिड के खिलाफ चैंपियन्स लीग प्ले ऑफ से पहले मैनचेस्टर सिटी को एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट में तीसरे टीयर की टीम लेटन ओरिएंट के खिलाफ जीत दर्ज करने के लिए जूझना पड़ा। शनिवार को मैनचेस्टर सिटी ने ओरिएंट को 2-1 से हराकर एफए कप के पांचवें दौर में जगह बनाई। ओरिएंट की टीम स्टीफन ओर्टेगा के 16वें मिनट में दागे आत्मघाती गोल से मध्यांतर तक 1-0 से आगे थी लेकिन दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी अब्दुकोदिर खुसानोव और केविन डि ब्रून ने गोल दागकर चार बार के गत प्रीमियर लीग चैंपियन सिटी की जीत सुनिश्चित की। सिटी की टीम मंगलवार को चैंपियन्स लीग के दो चरण के प्ले ऑफ के पहले चरण में मैड्रिड की मेजबानी करेगी। न्यूकासल ने भी बर्मिंघम को 3-2 से हराकर एफए कप के अगले दौर में प्रवेश किया लेकिन आठ बार के चैंपियन चेल्सी की टीम पांचवें मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद ब्राइटन के खिलाफ 1-2 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। बोर्नेमाउथ ने भी एवर्टन को 2-0 से हराकर एफए कप के पांचवें दौर में जगह बनाई जबकि इपस्विच ने कोवेंट्री को 4-1 से शिकस्त दी। फुलहम ने विगान को 2-1 से हराया जबकि लीड्स की टीम मिलवाल के खिलाफ 0-2 की शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

# सनराइजर्स को हराकर राशिद खान की एमआई केपटाउन बनी एसए 20 चैम्पियन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जोहानिसबर्ग, 09 फरवरी (वेब वार्ता)। पिछली दो बार आखिरी स्थान पर रही एमआई केपटाउन ने राशिद खान की कप्तानी में तीसरे सत्र में चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए दो बार की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को वांडरर्स पर खेले गए फाइनल में बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 76 रन से हराकर एसए 20 खिताब अपने नाम किया। कैगिसो रबाडा ने जैसे ही 19वें ओवर की चौथी गेंद पर रिचर्ड ग्लीसन को आउट किया, मैदान पर आये 22000 से ज्यादा दर्शकों के बीच एमआई के नीले झंडे लहराते दिखाई देने लगे। पूरा स्टेडियम अपने स्थानीय नायक 'रबाडा रबाडा' के शोर से गूंज उठा जिन्होंने 3.4 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिये। वहीं ट्रेंट बोल्ट ने चार ओवर में सिर्फ नौ रन देकर दो विकेट लिये। जीत के लिये 182 रन का पीछा करते हुए सनराइजर्स 105 रन पर आउट हो गए। पिछले दो मैचों में जोबर्ग सुपर किंग्स और पार्ल रॉयल्स पर लगातार जीत दर्ज करके आई एडेन मार्करम की टीम उस लय को कायम नहीं रख सकी और टॉम एबेल (30) और टोनी डि जोर्जी (26) को छोड़कर उनका कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। एमआई के स्पिनर जॉर्ज लिंडे ने चार ओवर में 20 रन देकर दो विकेट चटकाये। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान को सेमीफाइनल तक ले जाकर क्रिकेट जगत को चौंकाने वाले दिग्गज लेग स्पिनर राशिद ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। वह इससे पहले इसी टूर्नामेंट में टी20 प्रारूप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने थे।




# एमबापे और अल्वारेज ने गोल दागे, एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड का मैच ड्रॉ

मैड्रिड। काइलियान एमबापे के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में एटलेटिको मैड्रिड को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया और अंक तालिका के शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा। जूलियन अल्वारेज ने 35वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर एटलेटिको को 1-0 की बढ़त दिलाई लेकिन एमबापे ने 50वें मिनट में गोल दागकर स्कोर 1-1 कर दिया जो अंत तक बराबर रहा। इस ड्रॉ के बाद रीयाल मैड्रिड की टीम 23 मैच में 50 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार है। एटलेटिको इतने ही मुकाबलों में 49 अंक के साथ दूसरे पायदान पर है। रीयाल मैड्रिड की टीम अब मंगलवार को चैंपियन्स लीग नॉकआउट दौर प्ले हाफ के पहले चरण में मैनचेस्टर सिटी से उसके मैदान पर खेलेगी। अन्य मुकाबलों में एथलेटिक बिलबाओ ने गिरोना को 3-0 से जबकि सेल्टा विगो ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रीयाल बेटिस को 3-2 से हराया। विलारीयाल ने लास पालमास को 2-1 से शिकस्त दी।



# दो बार चूकने के बाद डब्ल्यूपीएल ट्रॉफी जीतना चाहती हैं जेमिमा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुणे, 09 फरवरी (वेब वार्ता)। दिल्ली कैपिटल्स की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स पिछले दो सत्र में उपविजेता रहने के बाद महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सत्र में खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

दिल्ली की टीम को 2023 में पहले सत्र और 2024 में दूसरे सत्र में फाइनल में क्रमशः मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ हार के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। इस बार जेमिमा को एक कदम आगे जाने की उम्मीद है।

जेमिमा ने दिल्ली कैपिटल्स की विज्ञप्ति में कहा, ''हमने एक टीम के रूप में पिछले दो सत्र में बहुत अच्छा और निरंतर प्रदर्शन किया है। बेशक, हम फाइनल की बाधा को पार नहीं कर पाए जिसे मुझे यकीन है कि हम पार कर लेंगे और ट्रॉफी को अपने हाथ में थामेंगे। लेकिन हम सही चीजें कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा, ''कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप परिणाम को नियंत्रित नहीं कर सकते। हम टीम के रूप में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और जीतने के लिए खेलते रहेंगे।''

आगामी डब्ल्यूपीएल की तैयारियों के बारे में जेमिमा ने कहा, ''मेरी तैयारी बहुत सरल है। मैच में मुझे जिन चीजों का सामना करना होगा, मैं उन परिस्थितियों को अभ्यास में दोहराने की कोशिश करूंगी। चाहे वह आक्रामक तरीके से खेलना हो या एक छोर से पारी को संभालना हो।''

उन्होंने कहा, ''इसमें बहुत अधिक पावर-हिटिंग भी है क्योंकि यह टी20 है। इसलिए मैं भारी गेंदों का इस्तेमाल करती हूं जिससे मुझे अपने बल्ले को तेजी से घुमाने में मदद मिलती है और अधिक ताकत मिलती है।'' इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने 18 डब्ल्यूपीएल मैचों में 143.82 के स्ट्राइक रेट से 381 रन बनाए हैं।



# किसानों की उन्नति से होगा देश का विकास : उपराष्ट्रपति


एजेंसी

**चित्तौड़गढ़ :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के राशमी उपखंड मुख्यालय पर मेवाड़ के हरिद्वार कहे जाने वाले मातृकुंडिया तीर्थ स्थल पर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने मंगलेश्वर महादेव के दर्शन कर पूजा की। इसके बाद वे सभा स्थल पहुंचे, जहां जाट समाज के प्रतिनिधियों की ओर से उनका अभिनंदन करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। स्वागत अभिभाषण के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति को लेकर कहा कि यह इस बात का प्रतीक है कि समाज सही दिशा में अग्रसर है। उन्होंने मातृकुंडिया के महत्व को बताते हुए कहा कि यह वह स्थान है, जहां से कोई भी मनोकामना शुरू होती है तो अवश्य पूरी होती है। उन्होंने अपने विधायक रहने के दौरान वर्ष 1993 में शुरू हुए जाट आरक्षण आंदोलन को लेकर कहा कि सामाजिक न्याय के संघर्ष की शुरूआत यहीं से हुई है। इसमें उन्हें सफलता मिली और आज समाज के कई लोग इसके जरिए सेवा देकर समाज के विकास में भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने किसानों के विकास को देश की आर्थिक रीढ़ बताते हुए कहा कि किसान की उन्नति से ही देश का विकास होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को लेकर कहा कि यह संकल्प पूरा होने जा रहा है। इसमें किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने समाज के युवाओं से आह्वान किया कि देश की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक व्यवस्था किससे जुड़ी हुई है, किसान वर्ग के प्रतिभाशाली युवक और युवतियां इससे जुड़े। आगे बढ़े और सरकार की योजनाओं से जुड़ कर आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो। इससे गांव की शहरों पर निर्भरता समाप्त हो। इस दौरान मंच पर सूरजकुंड धाम के संत ब्रह्मचारी अवधेश चैतन्य महाराज, केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, राजस्थान सरकार के मंत्री बाबूलाल खराड़ी, चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर सहित जाट समाज के प्रतिनिधि के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। उपराष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन की व्यवस्थाएं भी चाक चौबंद रहीं।



## केजरीवाल ने पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों संग की बैठक

एजेंसी



**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज अपने आवास पर पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों के साथ एक बैठक की। इसमें तय किया गया कि पार्टी अब सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएगी। आआपा नेता और निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि पार्टी मुखिया अरविंद केजरीवाल ने नवनिर्वाचित 22 विधायकों के साथ बैठक की। केजरीवाल ने सभी विधायकों को दिशा-निर्देश दिए कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के जो भी काम हैं, वह सम्बन्धित इन विधायकों को करने हैं। केजरीवाल ने कहा कि जनता ने आआपा के 22 विधायकों पर भरोसा जताकर उन्हें यहां भेजा है। इसे देखते हुए अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी सेवा करें। उनकी समस्याओं का समाधान करें। केजरीवाल ने कहा कि इसके अलावा हमारी दूसरी जिम्मेदारी विपक्ष की भूमिका निभाना है। आआपा विधायकों का काम है कि यह सुनिश्चित करें कि जो पार्टी सरकार बना रही है, वह जवाबदेह हो। आतिशी ने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि पहली कैबिनेट बैठक में 2500 रुपये की योजना पारित की जाएगी और 8 मार्च तक दिल्ली की सभी महिलाओं के खातों में 2500 रुपये जमा हो जाएंगे। आम आदमी पार्टी इस पर भाजपा की जवाबदेही सुनिश्चित करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि दिल्ली की हर महिला को भाजपा की ओर से यह 2500 रुपये मिलें।

## नेपाल : धर्मपरिवर्तन के लिए ईसाई धर्म का प्रचार करने के आरोप में 17 गिरफ्तार

एजेंसी

**काठमांडू :** धर्म परिवर्तन के लिए ईसाई धर्म का प्रचार करने के आरोप में शुक्रवार को धरान से गिरफ्तार किए गए 17 अमेरिकी नागरिकों को नेपाल से डिपोर्ट कर दिया गया है। अध्यागमन विभाग द्वारा इन सभी का वीजा रद्द करने के बाद शनिवार देर रात इन सभी को विमान में बिठाकर वापस अमेरिका भेज दिया गया। नेपाल के पूर्वी क्षेत्र धरान उप महानगरपालिका में एक चर्च बनाने के लिए श्रमदान करने और उसकी आड़ में ईसाई धर्म के प्रचार के आरोप में 17 अमेरिकी और 1 भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया था। इन पर टूरिस्ट वीजा पर नेपाल आकर धर्म प्रचार करने के आरोप था। धरान में गिरफ्त सभी अमेरिकी नागरिकों को काठमांडू के अध्यागमन विभाग के हवाले कर दिया गया था। अध्यागमन विभाग के प्रवक्ता धर्मराज जोशी ने बताया कि जांच में




वीजा नियमों के उल्लंघन का आरोप साबित होने के बाद गिरफ्तार अमेरिकी नागरिकों का वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। सभी को विमानस्थल पहुंचा कर उन्हें कतर एयरवेज से अमेरिका डिपोर्ट कर दिया गया। प्रवक्ता जोशी ने बताया कि नेपाल के संविधान की धारा 26 के उपधारा 3 में ही धर्म परिवर्तन के लिए प्रचार करने को गैर कानूनी माना गया है। टूरिस्ट वीजा पर आए इन अमेरिकी नागरिकों को चर्च का भवन बनाने के लिए श्रमदान करने और उसकी आड़ में धर्म परिवर्तन के लिए घूम-घूम कर प्रचार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इन अमेरिकी नागरिकों में रायन मैथ्यू कार्टर, सिलास डैनियल फॉक्स, रसेल थॉमस हॉवेल्स, रोज ब्रायन हॉवेल्स, मार्क एलन मैथ्यू, ब्रायन केनेडी, प्याट्रिक इरविन समर्स, डुआन माइकल गोडलिड, बैनमिन वार्ड कौफ मैन, ब्रायन वार्ड कौफ, डिलन जैक्सन बोन्जो, कैथलिन सु मूर, डासन एन्ड्रु कार्टर, जेम्स नाथन अस्टिन, विलियम रेमन्ड बीवीयानो जूनियर, केनेथ डेविड ग्रे और जेम्स रे मर्फी थर्ड शामिल हैं।

## आतिशी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आआपा) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली विधानसभा को भी भंग कर दिया है। आआपा नेता आतिशी रविवार सुबह राजनिवास पहुंचकर और उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मिलीं और मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया। आतिशी पिछले साल 21 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी थीं। वे दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री थीं। इससे पहले सुषमा स्वराज और शीला दीक्षित दिल्ली की मुख्यमंत्री रही चुकी हैं। इसी बीच उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली की विधानसभा को भी भंग कर दिया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना 8 फरवरी को हुई थी। इस चुनाव में भाजपा ने स्पष्ट बहुमत मिला है। दिल्ली विधानसभा चुनाव आआपा को भारी झटका लगा है। भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीतकर 27 साल बाद सत्ता में वापसी की है। आम आदमी पार्टी को केवल 22 सीटें ही मिली है। भाजपा ने अपनी जीत के बाद सरकार बनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

### मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा

**इंफाल/नई दिल्ली :** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शनिवार शाम करीब 5:20 बजे राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। अपने इस्तीफे में बीरेन सिंह ने मणिपुर की सेवा करने का अवसर मिलने का आभार व्यक्त किया और केंद्र सरकार की ओर से विकास और सुरक्षा के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने केंद्र सरकार से मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने, सीमा घुसपैठ पर सख्ती, नशे के कारोबार पर रोक, बायोमेट्रिक आधारित सख्त सीमा नियंत्रण और सीमा बुनियादी ढांचे के विकास को तेज करने की अपील की है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने मणिपुर विधानसभा के निलंबन की भी सिफारिश की, हालांकि इस पर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। मुख्यमंत्री 8 फरवरी की शाम चार्टर्ड फ्लाइट से दिल्ली गए थे। इससे पहले, 5 फरवरी को राज्य के तीन वरिष्ठ मंत्री—पीडब्ल्यूडी मंत्री गोविंददास कोंथौजम, वन एवं पर्यावरण मंत्री थोंगम बिस्वजीत और उपभोक्ता मामलो के मंत्री एल. सुसिंद्रो मैतेई—चार भाजपा विधायकों के साथ चार्टर्ड फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि वे केंद्रीय नेतृत्व, विशेष रूप से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने गए थे।

## नेपाल से बच्चे का अपहरण कर भारत में बेचने की थी योजना, एक गिरफ्तार

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल से एक बच्चे का अपहरण कर उसे भारत के पंजाब ले जाकर बेचने के लिए एक वियतनामी नागरिक ने बच्चे का फर्जी आधार कार्ड बनवाया था। पुलिस ने स्थानीय एक लॉज से अपहृत बच्चे की बरामदगी के दौरान मिले एक फर्जी आधार कार्ड के आधार पर यह खुलासा किया है। पुलिस ने वियतनामी नागरिक को गिरफ्तार कर लिया है। राजधानी के पाटन क्षेत्र से बीते 6 फरवरी को चार वर्ष के बच्चे का अपहरण कर लिया गया था। काठमांडू पुलिस की क्राइम ब्रांच ने तीन दिन के बाद रविवार को काठमांडू के बस स्टैंड के एक छोटे से लॉज से इस बच्चे को अपहरण मुक्त करा लिया था। इस बच्चे का अपहरण करने के आरोप में पुलिस ने एक वियतनामी नागरिक माय हॉन्ग किन्हा को गिरफ्तार किया है। ललितपुर के एसएसपी श्याम कृष्ण घिमिरे ने बताया कि वियतनामी नागरिक माय हॉन्ग किन्हा ने पाटन दरबार स्क्वायर में घूमने आए चार वर्षीय स्थानीय बालक पल चेपाङ को चकलेट और चिप्स खिलाकर उससे निकटता बढ़ाई और बहला फुसलाकर उसे पहले सुनधारा स्थित एक होटल में ले गया। एसएसपी घिमिरे के अनुसार माय हॉन्ग किन्हा उस बच्चे को काठमांडू से बीरगंज होते हुए पंजाब ले जाकर बेचने की योजना थी। पुलिस ने काठमांडू के कलंकी में बस अड्डे के एक लॉज के कमरे में छापेमारी के दौरान काठमांडू से बीरगंज तक का बस का टिकट और फिर रक्सौल से अमृतसर तक का ट्रेन का टिकट भी मिला। पुलिस ने उस समय कमरे से बच्चे की फोटो सहित एक आधार कार्ड भी बरामद किया था।

# गृहमंत्री ने दो जवानों के बलिदान पर जताई संवेदना कहा- एक साल में देश से खत्म कर देंगे नक्सलवाद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 2 जवानों के बलिदान होने पर भावपूर्ण संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि एक साल में देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म कर देंगे। सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को



ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गयी है। उन्होंने आगे कहा कि मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है। यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा। बलिदान जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही पुनः यह संकल्प दोहराता हूं कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गंवानी पड़े।

उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल पार्क क्षेत्र के जंगल में रविवार सुबह 8:30 बजे डीआरजी, एसटीएफ एवं बस्तर फाइटर के संयुक्त बलों के साथ हुई मुठभेड़ में 31 वदीर्धारी नक्सली मारे गए। इन नक्सलियों की पहचान की जा रही है' इस मुठभेड़ में दो जवान बलि?दान हो गए और दो अन्य जवान घायल हो गए हैं। दोनों घायल जवानों की हालत खतरे से बाहर है। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से निकाला गया और उनका उपचार जारी है। मुठभेड़स्थल से नक्सलियों के शव के साथ एके 47, एसएलआर, इंसास रायफल, 303 रायफल, बीजीएल लांचर सहित बड़ी मात्रा में हथियार एवं विस्फोटक बरामद हुआ है' यह इलाका महाराष्ट्र सीमा से लगा हुआ है।

## एक नजर

### दक्षिणी मेक्सिको : भीषण बस दुर्घटना में 41 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी :** दक्षिणी मेक्सिको में हुई एक बस दुर्घटना में शनिवार को कम-से-कम 41 लोगों की मौत हो गई है। यात्रियों से भरी बस एक ट्रक से टकरा गई। जिसके बाद बस पूरी तरह खाक हो गई। बस कैनकन से टबैस्को की तरफ जा रही थी और बस ऑपरेटर के मुताबिक इसमें 48 यात्री सवार थे। दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है। टबैस्को प्रशासन का कहना है कि घटनास्थल पर राहत कार्य चलाया जा रहा है।

### बंगाल विस चुनाव में भाजपा हासिल करेगी सत्ता : प्रधान


**कोलकाता :** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को पूरे विश्वास के साथ कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आगामी 2026 के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करेगी। केंद्रीय बजट पर चर्चा करते हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की। कहा कि वह राज्य में केंद्रीय परियोजनाओं में कथित रूप से बाधा डाल रही हैं और केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 2019 के चुनावों के बाद से भाजपा ने पश्चिम बंगाल में 30-40 प्रतिशत वोट शेयर बनाए रखा है, जो यह दशार्ता है कि अतिरिक्त 10 प्रतिशत वोट मौजूदा सरकार को हटाने के लिए पर्याप्त हो सकते हैं। प्रधान ने बढ़ते समर्थन के सबूत के रूप में पिछले चुनावों में भाजपा की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। बताया कि 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने पश्चिम बंगाल की 42 में से 18 सीटें जीती थीं। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 77 सीटों पर कब्जा किया। 2024 के आम चुनावों में भाजपा ने 12 लोकसभा सीटें हासिल कीं थीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की हार भाजपा में जनता के विश्वास और अरविंद केजरीवाल के गलत नेतृत्व को अस्वीकार करने का उदाहरण है। उनके बयान 2026 के चुनावों के लिए भाजपा के रणनीतिक आशावाद को दशार्ते हैं, जिसका उद्देश्य पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार पर नियंत्रण पाने के लिए अपने मौजूदा मतदाता आधार का लाभ उठाना है।

### सड़क हादसे में मध्य प्रदेश के तीन दोस्तों की मौत

**फिरोजाबाद :** थाना मक्खनपुर क्षेत्र अन्तर्गत रविवार को सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार मध्य प्रदेश के तीन दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाई है। मृतक इटावा में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। मध्य प्रदेश के ग्वालियर डबरा निवासी प्रमोद (27), ग्वालियर के बनवारी निवासी पवेंद्र रावत (22) और सीकरी के छवरिया गांव निवासी सचिन रावत (21) तीनों जनपद इटावा के जसवंत नगर स्थित एसएस मेमोरियल डिग्री कालेज में पढ़ाई कर रहे थे। वह तीनों जनपद मैनपुरी के करहल क्षेत्र में कमरा लेकर रह रहे थे। वह शनिवार को मथुरा-वृन्दावन दर्शन को गए थे। रविवार को वह तीनों दोस्त मोटरसाइकिल पर सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल थाना मक्खनपुर क्षेत्र अन्तर्गत गांव घुनपई के पास रूपसपुर रोड पर पहुंची तभी अचानक किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीनों दोस्तों की मौत हो गई। दुर्घटना देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल गांधी अब तो समझदार हो जायें, सिर्फ आरोप लगाने पर जनता वोट नहीं करती : अनुराग ठाकुर



**लखनऊ :** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि दिल्ली चुनाव में कांग्रेस अपना खाता नहीं खोल सकी। राहुल गांधी अब तो समझदार हो जायें, सिर्फ आरोप लगाने पर जनता वोट नहीं करती। दिल्ली की जनता का आभार प्रकट करता हूं और कहना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली वासियों से विकसित दिल्ली बनाने का जो वायदा किया है, उसे पूरा कर दिखाएंगे। वह रविवार को लखनऊ में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली वासियों ने भाजपा को दो तिहाई मतों से जिताया है। इसके साथ-साथ आम आदमी पार्टी के झूठे वायदों और भ्रष्टाचार पर जनता ने रोक भी लगा दी है। अरविन्द केजरीवाल अपने पार्टी के कई लोगों को निपटा रहे थे और अंत में खुद ही निपट गये। आतिशी के बारें में कहा जाये तो वह एक एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री बनी थीं। उसे भी आपदा वालों की साजिश का शिकार होना पड़ा है। उत्तर प्रदेश में मिल्कीपुर उपचुनाव की जीत पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग चुनाव आयोग के विरूद्ध प्रदर्शन कर रहे थे। चुनाव आयोग को बुराभला कह रहे थे। चुनाव परिणाम के बाद बोलती बंद हो गयी है। इन्हें आने वाली 2027 में जनता बतायेगी। इन्हें तो उत्तर प्रदेश में पैर रखने की जगह तक नहीं मिलेगी।

### हिमाचल के हिमईरा उत्पादों की देश भर में बढ़ी मांग, एक माह में मिले एक हजार ऑर्डर

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में महिलाओं को सशक्त और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू किए गए हिमईरा ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म की जनता में अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा बीते तीन जनवरी 2025 को लॉन्च किए गए महज एक महीने में देशभर से 1,050 ऑनलाइन ऑर्डर मिले हैं। एक सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत विभिन्न राज्यों में हिमाचली शिल्प और उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से अब राज्य के 30,000 स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं सीधे राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच रही हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का बड़ा अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि यह पहल न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बना रही है, बल्कि राज्य की पारंपरिक हस्तकला और जैविक उत्पादों को भी देशभर में पहचान दिला रही है। हिमईरा के उत्पादों को केंद्रीय मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों को उपहारस्वरूप भेंट किया जा रहा है, जिससे इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। एक सरकार प्रवक्ता ने बताया कि सोलन जिले की जसविंद्र कौर पहले मुश्किल से 1,000 रुपये महीना कमाती थीं। ह्यसाईनाथ स्वयं सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने गाय के गोबर से उत्पाद बनाने का काम शुरू किया और अब उनकी मासिक आय 20,000 रुपये पहुंच गई है। जसविंद्र कौर कहती हैं, पहले बच्चों की स्कूल फीस देना भी मुश्किल था, लेकिन अब मैं उनके भविष्य के लिए निवेश कर पा रही हूं। प्रवक्ता ने कहा कि कांगड़ा के सुलह की मेघा देवी ने ह्यश्री गणेश स्वयं सहायता समूह से जुड़कर डोना-पत्तल बनाने का काम शुरू किया। पहले वह 5,000 रुपये मासिक कमाती थीं जो अब 20,000 रुपये हो गई है। पहले वह पूरी तरह अपने पति की आय पर निर्भर थीं, लेकिन अब खुद आत्मनिर्भर बन गई हैं। प्रवक्ता ने आगे कहा कि लाहौल-स्पीति के केलांग की रिग्जिन ने ह्यकांगला बेरी स्वयं सहायता समूह से जुड़कर कृषि, पशुपालन, हस्तशिल्प और हथकरघा से जुड़ा व्यवसाय शुरू किया। पहले उनकी मासिक आय 4,000 रुपये थी, लेकिन अब 25,000 रुपये हो गई है। वह अब अपने उद्यम को और विस्तार देने की योजना बना रही हैं।

### कैग रिपोर्टों में है आप सरकार और केजरीवाल के भ्रष्टाचार का चिट्ठा : विजेंद्र गुप्ता



**नई दिल्ली :** भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) ने पिछले पांच वर्षों में कैग की 14 रिपोर्ट दबा रखी हैं। इन रिपोर्टों में आआपा सरकार और केजरीवाल के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा छिपा है। भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने रविवार को एक वीडियो जारी कर कहा कि वर्ष 2017 के बाद एक भी कैग रिपोर्ट सदन में पेश नहीं हुई। यह बताने के लिए काफी है कि आआपा सरकार कैसे दिल्ली की जनता को लूटती रही थी? उन्होंने कहा कि भाजपा को दिल्ली में बहुमत मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि कैग की सभी रिपोर्ट पहले ही सत्र में सदन के पटल पर रखी जाएंगी। इससे आआपा सरकार के भ्रष्टाचार के सबूत जनता के सामने आएंगे। भाजपा नेता गुप्ता ने कहा कि हमने कैग रिपोर्ट को सदन में पेश करने को लेकर पांच वर्षों में हर स्तर पर संघर्ष किया। इस मामले को लेकर राष्ट्रपति से लेकर कोर्ट तक गए। सदन में आवाज उठाई लेकिन हर बार सदन में विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की गई। अब कैग की रिपोर्ट आने के बाद आआपा सरकार का भ्रष्टाचार दिल्ली की जनता के सामने आएगा।

### फिल्म 'लवयापा' ने दूसरे दिन 1.75 करोड़ कमाए



**मुंबई :** फिल्म लवयापा बड़े पर्दे पर आ चुकी है और दर्शकों से जबरदस्त प्यार बटोर रही है। वैलेंटाइन वीक में आई ये फिल्म प्यार के एहसास को और भी खूबसूरत बना रही है। अब दूसरे दिन फिल्म ने कलेक्शन में उछाल दर्ज किया और 1.75 करोड़ का शानदार कलेक्शन किया है। फिल्म पहले दिन 1.25 करोड़ की कमाई की थी, वहीं दूसरे दिन कलेक्शन में उछाल आया और फिल्म ने 1.75 करोड़ का आंकड़ा छू लिया। यानी अब तक की कुल कमाई 3 करोड़ हो चुकी है। लवयापा की स्टार कास्ट की बात करें तो इसमें जुनैद खान और खुशी कपूर के अलावा ग्रुशा कपूर, युक्तम खोसला, तनविका परलीकर, कीकू शारदा, देवीशी मदान, आदित्य कुलश्रेष्ठ, निखिल मेहता, जेसन थाम, यूनुस खान और कुंज आनंद ने अहम भूमिका निभाई है। खुशी और जुनैद की बात करें तो 'लवायपा' दोनों की दूसरी फिल्म है। जुनैद की पहली फिल्म 'महाराज' थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में शालिनी पांडे, शर्वरी वाघ और जयदीप अहलावत ने अभिनय किया था। इस फिल्म में जुनैद को उनके अभिनय के लिए काफी प्रशंसा मिली थी। खुशी ने जोया अख्तर की फिल्म 'आर्चीज' से अपने करियर की शुरूआत की थी। इसमें स्टार किड्स सुहाना खान, वेदांग रैना और अगस्त्य नंदा भी शामिल थे। यह फिल्म भी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**